जबलपुर
गुरुवार, 13 मार्च 2025
- फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-14
- वर्ष : 19, अंक : 308
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 36
न्यून. 17

# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


*'शुभ' बने गिल : आईसीसी ने किया 'प्लेयर ऑफ द मंथ' का ऐलान*

## स्टीव स्मिथ और ग्लेन फिलिप्स को पीछे छोड़ गिल ने मारी बाजी



- पिछले महीने 5 में वनडे में गिल का बल्ला खूब चला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 खत्म होने के बाद आईसीसी ने फरवरी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मंथ' के नाम का ऐलान किया। भारत के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज शुभमन गिल ने यह खिताब अपने नाम किया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स को पीछे छोड़ दिया है। इस भारतीय बल्लेबाज ने पिछले महीने 5 वनडे मैच खेले थे। इस दौरान उन्होंने 94.19 की स्ट्राइक रेट और 101.50 के औसत से 406 रन बनाए। पिछले महीने भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 3 वनडे मैचों की सीरीज खेली थी।

### उज्जैन में नायब तहसीलदार की रीडर 5000 घूस लेते गिरफ्तार

**उज्जैन।** लोकायुक्त पुलिस ने बुधवार को तहसील कार्यालय में पदस्थ नायब तहसीलदार की रीडर को 5000 रुपए की घूस लेते गिरफ्तार किया है। महिला कर्मचारी ने पट्टे की जमीन में नाम की त्रुटि सुधारने के लिए 10 हजार रुपए मांगे थे।

भारत और मॉरीशस ने 8 एमओयू पर किए हस्ताक्षर, पीएम मोदी ने कहा

# हमारे संबंध साझी सांस्कृतिक परंपराओं व मूल्यों से भी जुड़े

*रणनीतिक आर्थिक संबंधों को मजबूत करने पर दिया जोर*

*ये एमओयू अपराध जांच, समुद्री यातायात निगरानी बुनियादी ढांचा कूटनीति, वाणिज्य, क्षमता निर्माण, वित्त और महासागर अर्थव्यवस्था सहित कई क्षेत्रों से संबंधित*

संयुक्त प्रेस वार्ता में मोदी ने दोनों देशों के बीच गहरे संबंधों पर प्रकाश डाला

हमारे बीच लोकल करेंसी में आपसी व्यापार का सेटलमेंट करने पर भी सहमति बनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मॉरीशस के समकक्ष नवीनचंद्र रामगुलाम की उपस्थिति में बुधवार को आठ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। ये अपराध जांच, समुद्री यातायात निगरानी, बुनियादी ढांचा कूटनीति, वाणिज्य, क्षमता निर्माण, वित्त और महासागर अर्थव्यवस्था सहित कई क्षेत्रों से संबंधित हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत-मॉरीशस का संबंध, केवल हिंद महासागर से नहीं बल्कि हमारी साझी सांस्कृतिक परंपराओं और मूल्यों से भी जुड़ा है, हम आर्थिक और सामाजिक प्रगति की राह पर एक दूसरे के साथी हैं, प्राकृतिक आपदा हो या कोविड विपदा हमने हमेशा एक दूसरे का साथ दिया है।

- पीएम मोदी ने पोर्ट लुइस में प्रयागराज महाकुंभ से लाए गए गंगाजल को गंगा तालाब (ग्रैंड बेसिन) में मिलाया और तट पर आरती भी की



### भारत मॉरीशस में संसद की नई बिल्डिंग बनाने में सहयोग करेगा

प्रधानमंत्री मोदी ने ऐलान किया कि भारत मॉरीशस में संसद की नई बिल्डिंग बनाने में सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि यह 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' की ओर से मॉरीशस को भेंट होगी। अगले पांच वर्षों में भारत में मॉरीशस के 500 सिविल सर्वेंट को ट्रेनिंग दी जाएगी।

### मॉरीशस-भारत संबंध रणनीतिक साझेदारी में हुए विकसित: विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय ने बताया कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम, जीसीएसके, एफआरसीपी और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 से 12 मार्च तक मॉरीशस की राजकीय यात्रा के दौरान मॉरीशस और भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण दायरे पर व्यापक और उपयोगी चर्चा की।

राष्ट्रपति धरमबीर गोखूल ने किया सम्मानित

## प्रधानमंत्री मोदी को मिला मॉरीशस का सर्वोच्च सम्मान

एजेंसी ▶▶ पोर्टलुई

मॉरीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखूल ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राजधानी पोर्ट लुइस में देश के सर्वोच्च सम्मान 'द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन' से सम्मानित किया। पीएम मोदी को मिला यह 21वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। प्रधानमंत्री ने पूर्ण विनम्रता और कृतज्ञता केसाथ स्वीकार करते हुए पुरस्कार को भारत से सदियों पहले मॉरीशस आए पूर्वजों और उनकी सभी पीढ़ियों को समर्पित किया।



- मोदी को मिला यह 21वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान
- सर्वोच्च सम्मान 'द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन'

## चीतल सांभर के सींग और जंगली जिंदा खरगोश जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एसटीएफ टीम और स्टेट टाइगर स्ट्राइकर फोर्स यूनिट शिवपुरी की संयुक्त टीम ले श्योपुर कूनो अभयारण्य में वन्य प्राणियों के शिकार कर उनके अंगों की तस्करी कर रहे आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की। उक्त कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर करते हुए बस स्टैंड श्योपुर के पास एक बोलेरो वाहन के साथ ऋषिकेश मीणा पिता देवीलाल मीणा (36) ग्राम कनरदा, थाना करनपुर, जिला करौली, राजस्थान एवं सखी आदिवासी पत्नी टिंकल आदिवासी (27) वर्ष, निवासी-कस्बा लिखारा, पुलिस थाना अगरा, श्योपुर को घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपियों के पास से 11 सींग (चीतल/सांभर), एक जंगली जिंदा खरगोश और बोलेरो वाहन जब्त किया गया। अग्रिम कार्यवाही सामान्य वनमंडल जिला श्योपुर द्वारा की जा रही है।











### उपराष्ट्रपति धनखड़ को एम्स से मिली छुट्टी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को एम्स से छुट्टी मिल गई है। एम्स ने आधिकारिक बयान में कहा है कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को हृदय संबंधी बीमारियों के कारण नौ मार्च को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली में भर्ती कराया गया था। बताया गया कि एम्स में चिकित्सा दल द्वारा आवश्यक देखभाल प्राप्त करने के बाद, उनकी स्थिति में संतोषजनक सुधार हुआ और बुधवार को उन्हें छुट्टी दे दी गई। उन्हें कुछ दिनों तक आराम करने की सलाह दी गई है। शनिवार को सीने में दर्द की शिकायत होने पर एम्स में भर्ती कराया गया।, जहां हार्ट अटैक की पुष्टि होने पर उनकी एंजियोप्लास्टी की गई। 73 वर्षीय धनखड़ को स्टेंट डाला गया है। अब उनकी हालत स्थिर है। उन्हें चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है।



### खुदरा महंगाई दर सात महीने के निचले स्तर पर



**नई दिल्ली।** सब्जियों और प्रोटीन युक्त खाद्य वस्तुओं की कीमतों में गिरावट के कारण फरवरी में खुदरा महंगाई दर घटकर 3.61 प्रतिशत पर आ गई। यह सात महीने का निचला स्तर है। इससे भारतीय रिजर्व बैंक के लिए अगले महीने ब्याज दरों में दूसरी बार कटौती की गुंजाइश बनी है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई दर जनवरी में 4.26 प्रतिशत और फरवरी 2024 में 5.09 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों से पता चला है कि फरवरी 2025 के लिए साल-दर-साल मुद्रास्फीति दर 3.75 प्रतिशत थी। एनएसओ ने अपने आंकड़े में कहा, जनवरी 2025 की तुलना में फरवरी 2025 में खाद्य मुद्रास्फीति में 222 आधार अंकों की तीव्र गिरावट देखी गई है।




हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

# बजट भूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी



मध्यप्रदेश 2025-26

# बजट



न त्वहं कामये राज्यम, न स्वर्ग न पुनर्भवम।
कामये दुःख तप्तानां, प्राणिनामार्त्तनाशनम् ।।

अर्थात, मैं राज्य की कामना नहीं करता, मुझे स्वर्ग और मोक्ष नहीं चाहिए। दुःख से पीड़ित प्राणियों के दुःख दूर करने में सहायक हो सकूं, यही मेरी कामना है।

वित्त मंत्री बोले

यही जुनून, यही एक, ख्वाब मेरा है
वहां चिराग जला दूं जहां अंधेरा है

आंकड़े नहीं विश्वास लिखा है
हमने अब आकाश लिखा है

**विकास का बही-खाता**

| नारी कल्याण | | किसान कल्याण | | शिक्षा | | अधोसंरचना | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 हजार 669 करोड़ | जल जीवन मिशन 17 हजार 136 करोड़ | 5 हजार 220 करोड़ | केन बेतवा योजना 24 हजार 293 करोड़ | 7 हजार 134 करोड़ | सीएम राइज स्कूल 3 हजार 68 करोड़ | 85 हजार 76 करोड़ | ऊर्जा क्षेत्र 19 हजार करोड़ |

बजट नया है, पर शामिल कुछ पुरानी ख्वाहिशें हैं, प्रस्तावित बजट में, हमारी कुछ नई आजमाइशें हैं, जनता व जन प्रतिनिधियों की बेशुमार फरमाइशें हैं कर सकें हम सभी पूरी, ये हमारी कोशिशें हैं

## इस बार साइज

**4 लाख 21 हजार 32 लाख करोड़**

## आगे लक्ष्य : जीएसडीपी को 2 ट्रिलियन डॉलर करना, प्रति व्यक्ति आय 22 लाख 35 हजार पहुंचाना

**1 घंटा 34 मिनट तक बजट भाषण पढ़ा**

## मप्र में पहली बार जीरो वेस्ड बजटिंग प्रणाली से बजट तैयार किया गया

◆ मोहन सरकार ने समाज के चार प्रमुख वर्गों के लिए खोला खजाना, ताकि बन सके 'विकसित मप्र'

| | |
|---|---|
| गरीब (जी) | 16000 |
| अन्नदाता (ए) | 58000 |
| यूथ (वाई) | 5000 |
| नारी (एन) | 27798 |

# ज्ञान से 'गति'




## सबका साथ सबका विकास

### स्वास्थ्य

पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा के लिए हर विस में हैलीपैड

- आयुष्मान भारत 2 हजार 39 करोड़
- सीएम केयर के तहत गंभीर बीमारियों का इलाज होगा

### पीएम आवास योजना

**4400 करोड़**

- मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के तहत पशुपालन को बढ़ावा दिया जाएगा
- पंचायतों के विकास के लिए 6 हजार 7 करोड़ का प्रावधान

### जनजाति बहुल क्षेत्र

**47000 करोड़ का प्रावधान**

- 11 हजार 377 गांवों का कायाकल्प
- छिंदवाड़ा और जबलपुर संग्रहालय का विस्तारीकरण

### सड़क

**85**

- उज्जैन, इंदौर एवं आसपास के क्षेत्र, मुंबई-दिल्ली 8-लेन कॉरिडोर से जुड़ेंगे

### भोपाल-इंदौर मेट्रो

**850 करोड़**

- व्यापमं चौराहे पर 53 करोड़ से नया फ्लाई ओवर बनेगा

### हवाई पट्टी

- हवाई पट्टियों के निर्माण के लिए 100 करोड़
- कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास का निर्माण, चार क्षेत्रों में 5 हजार हॉस्टल बनेंगे

हरिभूमि टीम ▶▶भोपाल

वित्त और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने बुधवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 4 लाख 21 हजार 032 करोड़ रुपए का वार्षिक बजट विधानसभा में पेश कर दिया। यह पिछले वर्ष के बजट से 15 फीसदी अधिक है। बजट पूरी तरह से गरीब, युवा, किसान, महिला (जीवायएएन) पर फोकस है।


मोहन सरकार का मानना है कि इस ज्ञान से प्रदेश के विकास को गति मिलेगी और मप्र विकसित मप्र बन सकेगा। मप्र में पहली बार जीरो वेस्ड बजटिंग प्रणाली से बजट तैयार किया गया है। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने बजट पेश करने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि बजट में 1500 से अधिक सुझावों को शामिल किया गया। बड़ी संख्या में विषय विशेषज्ञों की मदद ली गई। सरकार का सुविचारित व दृढ़ लक्ष्य विकसित मप्र बनाना है। बजट में विकसित मप्र-2047 का विजन डाक्यूमेंट तैयार किया गया है।

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि हमारा लक्ष्य 2047 तक सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) को बढ़ाकर 2 ट्रिलियन डॉलर करना है। प्रति व्यक्ति आय भी 22 लाख 35 हजार रुपए पहुंचाना है। ▶▶शेष पेज 11 पर

1 इस बार का बजट पिछले वर्ष के बजट से 15 फीसदी अधिक

2 बजट में 1500 से अधिक सुझावों को शामिल किया गया

3 बजट में विकसित मप्र-2047 का विजन डाक्यूमेंट तैयार किया गया



### हर राज्य लेता है कर्ज

*उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि विपक्ष कहता है कि जितना बजट है, उतना कर्ज है? उन्होंने कहा कि कर्ज लेकर पूंजीगत कार्य में खर्च करते हैं। कोई भी राज्य ऐसा नहीं है जो कर्ज नहीं लेता हो। यह अर्थव्यवस्था की एक प्रक्रिया होती है।*

### राजकोषीय घाटा बढ़ा, 2,90, 879 करोड़ रुपए का राजस्व मिलेगा

*राजकोषीय घाटा बढ़कर 78,902 करोड़ रुपए हो गया है। यह जीएसडीपी का 4.66 फीसदी है। वर्ष 2021-22 में यह 37,947 करोड़ रुपए, 22-23 में 42,203, 23-24 में 44,485 वर्ष 2024-25 में 62,434 करोड़ रुपए था। पिछले पांच वर्षों से लगातार बढ़ोतरी हुई है।*

**रुपया कहां जाता (किस पर कितना खर्च)**

| | |
|---|---|
| अधोसंरचना | 17 फीसदी |
| कृषि | 9 |
| स्वास्थ्य | 12 |
| शिक्षा | 11 |
| सामाजिक क्षेत्र | 6 |
| नगरीय एवं ग्रामीण विकास | 12 |
| संस्कृति | 0.4 |
| रोजगार | 01 फीसदी |
| सामान्य सेवा | 9 |
| अन्य सेवाओं | 3 |
| ब्याज भुगतान | 7 |
| पेंशन | 7 |
| ऋण भुगतान | 7 फीसदी |

## बजट में GYAN का मंत्र

**G : गरीब**

- ▶▶ प्रत्येक जिले में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन होगा। ये समिति जिले की विकास योजना का रोड मैप तैयार करेगी। इसमें सलाहकार शामिल किए जाएंगे।
- ▶▶ जनजाति छात्रों के लिए आकंक्षा योजना के लिए 20 करोड़ 52 लाख का प्रस्ताव।
- ▶▶ जनजातीय विकास के लिए 200 करोड़ रुपए का प्रस्ताव
- ▶▶ बजट में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए चार हजार 66 करोड़ रुपए का प्रस्ताव
- ▶▶ गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों के लिए मुख्यमंत्री समग्र परिवार योजना शुरू करने का ऐलान।
- ▶▶ प्रदेश की शालाओं के उन्नयन के लिए 228 करोड़ रुपए का प्रावधान

**Y : युवा**

- ▶▶ कौशल विकास के लिए लोकमाता अहिल्याबाई कौशल कार्यक्रम शुरू होगा
- ▶▶ प्रदेश में नौ अंतरराष्ट्रीय हॉकी टर्फ बनाए जाएंगे
- ▶▶ 25 करोड़ की लागत से एक सर्वसुविधा युक्त स्टेडियम बनाया जाएगा
- ▶▶ बच्चों की शिक्षा के लिए 22 नए छात्रावास बनेंगे।
- ▶▶ जनजातीय इलाकों में सीएम राइज स्कूल के लिए ▶▶ शेष पेज 11 पर

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव**

## समृद्ध मध्यप्रदेश के लिए अच्छा बजट



यह समृद्ध मध्यप्रदेश के लिए एक अच्छा बजट है। हम लगातार अपने संकल्प पत्र के अनुरूप आगे बढ़ रहे हैं। हमने गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 रुपए का वादा किया है अभी दो साल में ही हम 2600 पर खरीद रहे हैं। अगले साल 2700 से ऊपर निकल जाएंगे। 4 लाख 21 हजार करोड़ के बजट में हमने कोई भी नया टैक्स जनता पर नहीं लगाया जिससे उस पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। हमने कोई योजना भी बंद नहीं की है। 2047 में ये बजट 250 लाख करोड़ रुपए का होगा जबकि प्रति व्यक्ति आय 22 लाख रुपए होगी।

**पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ**

## बातों के बताशे, जनहित सफाचट



प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने जो बजट पेश किया है उसमें सिर्फ बातों के बताशे बनाए गए हैं और जनहित का मुद्दा पूरी तरह सफाचट है। हद तो इस बात की है कि चुनाव के बाद दूसरा बजट पेश कर दिया गया लेकिन चुनाव में किए गए वादे अब तक नहीं निभाए गए। बहनें इस बात की प्रतीक्षा कर रही थीं कि बजट में उन्हें 3 हजार रुपए प्रति महीने लाड़ली बहना योजना में दिए जाने की घोषणा की जाएगी। लेकिन सरकार ने अपने चुनावी वादे के बारे में एक शब्द नहीं बोला। बजट में किसानों, गरीबों, अजा-जजा, पिछड़ा एवं अल्पंसख्यक वर्ग के अलावा स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी एक भी घोषणा पूरी करने का उल्लेख नहीं है।

## बजट में मेरे लिए क्या?

### मैं महिला



- लाडली बहनों के लिए 18 हजार करोड़ से ज्यादा की मदद
- आंगनबाड़ी सेवाओं के लिए 3 हजार 729 करोड़ का प्रावधान
- छात्राओं को साइकिल, स्कूटी के लिए 26 हजार 797 करोड़

### मैं किसान



- प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना शुरू
- सौर ऊर्जा का लाभ देने 447 करोड़ की मदद
- फसल बीमा योजना के लिए 2000 करोड़ का प्रावधान

### मैं विद्यार्थी



- 2300 नए प्राथिमक स्कूल खुलेंगे
- 19 हजार नए 362 शिक्षकों की भर्ती
- एमबीबीएस की सीटें : 400 बढ़ेंगी
- आयुर्वेदिक कॉलेज : 11 खुलेंगे

### मैं खिलाड़ी



- खेल उत्थान के लिए 56 खेल स्टेडियम खुलेंगे
- 7 सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक
- 18 विश्वस्तरीय हॉकी टर्फ

### मैं युवा



- डिजिटल विवि और राष्ट्रीय रक्षा विवि खुलेंगे
- 39 नए औद्योगिक क्षेत्रों से 3 लाख को रोजगार मिलेंगे

### और सांस्कृतिक पुनरूत्थान भी



- मध्यप्रदेश के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के 14 स्मारकों के निर्माण के लिए 507 करोड़ का प्रावधान।
- श्रीकृष्ण पाथेय एवं रामपथ गमन के लिए क्रमशः 10 एवं 30 करोड़ का प्रावधान
- गीता भवन के लिए 100 करोड़ का प्रावधान, जिसमें ई लाइब्रेरी, पुस्तकालय एवं साहित्य सामग्री और बिक्री केंद्र स्थापित होंगे

## दो पूर्व वित्त मंत्रियों की नजर में बजट

## जनहित का बजट, इसमें सभी का ध्यान रखा गया



**जयंत मलैया**
पूर्व वित्त मंत्री

वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत बजट जनहित का बजट है, इसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। बजट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप महिला, गरीब, युवा और किसानों पर फोकस रखा गया है। बजट में किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई योजनाओं में बजट का प्रावधान किया गया है और युवाओं के रोजगार पर फोकस रखा गया है। लाड़ली बहना योजना के लिए राशि का प्रावधान कर इसे केंद्रीय योजनाओं के साथ जोड़ने की बात कही गई है। इससे महिलाओं को ज्यादा लाभ मिलेगा। कर्मचारियों के लिए केंद्र के सामान भत्तों की घोषणा कर उनकी नाराजगी दूर की गई है। ये बदलाव 13 साल बाद हो रहा है, जिसमें सभी भत्ते 7वें वेतनमान के आधार पर दिए जाएंगे। बजट में 11 नए आयुर्वेदिक कॉलेज और अस्पताल खोले जाने की घोषणा की गई है। उज्जैन सिंहस्थ के लिए 2000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इससे सिंहस्थ के सफल आयोजन में मदद मिलेगी। बजट में गाय और गोपालक का ध्यान रखा गया है। सरकार दूध उत्पादक किसानों को प्रति लीटर 5 रुपए बोनस देगी। गोशालाओं में गायों के आहार के लिए सहायता प्रति गाय 20 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए प्रतिदिन की है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और दूध उत्पादन के मामले में प्रदेश और समृद्ध होगा।

## इस बजट को कह सकते हैं...कुछ खट्टा-कुछ मीठा



**राघवजी**
पूर्व वित्त मंत्री

इस बार का प्रस्तुत बजट रुटीन है लेकिन 4 करोड़ 21 लाख का यह बजट अभी तक का सबसे बड़ा है। राजकोषीय घाटा 4.15 प्रतिशत से बढ़कर 4.66 हो गया है, यह चिंताजनक है। राजकोषीय घाटा बढ़ाने से बचना चाहिए था। अच्छे प्रावधानों में कृषि सिंचाई के लिए 24 प्रतिशत की वृद्धि आशाजनक है। चिकित्सा के क्षेत्र में 11 नए आयुर्वेद कॉलेज खोले जाने सहित बिस्तरों वाले आयुर्वेद अस्पतालों का प्रावधान है। पर्यटन बढ़ाने के लिए धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के 14 स्थानों को विकसित करने 500 करोड़ का प्रावधान करना अच्छा कदम है। बजट में शहरों में गीता भवनों को बनाने का प्रावधान करके मुख्यमंत्री मोहन यादव नई सोच भी लाए हैं। इन गीता भवनों में अध्ययन और अध्यात्मिक गतिविधियां होंगी। रामपथ के बाद कृष्ण पथ की बात भी नई है लेकिन बजट में प्रावधान बहुत कम 10 करोड़ का है। उज्जैन की तर्ज पर ओंकारेश्वर लोक बनाने का प्रावधान है। खाली पदों को भरने के लिए नई नियुक्तियों के प्रावधान पर कोई चर्चा नहीं है। उद्योग और रोजगार पैदा करने के लिए मुख्यमंत्री वर्षभर मेहनत करते रहे यह किसी छिपा नहीं है। कुल मिलाकर यह बजट कुछ खट्टा और कुछ मीठा कह सकते हैं।


## खबर संक्षेप

### आप सरकार में एलजी पर केस होंगे वापस



**नई दिल्ली।** दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद फैसलों में बदलाव दिखने लगा है। नई सरकार ने उपराज्यपाल (एलजी) से जुड़े कानूनी मामलों की समीक्षा शुरू कर दी है और कई केस वापस लेने की तैयारी की जा रही है। हालांकि इस पर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है माना जा रहा जल्द ही विधानसभा में इस मुद्दे पर चर्चा हो सकती है।

### ममता के मंत्री ने 'ईडन' को बताया वक्फ संपत्ति



**कोलकाता।** वक्फ को लेकर ममता सरकार के मंत्री सिद्दिकुल्ला चौधरी ने एक दावा किया है। उन्होंने कह कि कलकत्ता का मशहूर क्रिकेट स्टेडियम ईडन गार्डन और फोर्ट विलियम वक्फ बोर्ड की संपत्ति थी। सीएबी ने जब इस पर कब्जा किया। 150 रुपए किराया वक्फ बोर्ड को मिलता था। चौधरी जिस सीएबी की बात कर रहे हैं वह ब्रिटिश काल में बनाई गई थी।

### पीएम ने दांडी मार्च के लोगों को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ऐतिहासिक दांडी मार्च में भाग लेने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी। दांडी मार्च में भाग लेने वाले लोगों का साहस, बलिदान और सत्य एवं अहिंसा के प्रति प्रतिबद्धता पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। गांधी के नेतृत्व में दांडी मार्च ने आत्मनिर्भरता और स्वतंत्रता के लिए राष्ट्रव्यापी आंदोलन को प्रज्वलित किया।

### पुलिस ने 13 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने साउथ ईस्ट और साउथ दिल्ली से एक ऑपरेशन के दौरान 12 से ज्यादा बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। ये बांग्लादेशी अवैध तरीके से भारत में घुसे थे। इनके पास से कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। ऑपरेशन अभी भी जारी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस के दक्षिणी जिले में 13 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। अवैध कागजात मिले हैं।

## संसद में तीन भाषा नीति को लेकर तनातनी बढ़ी

# शिक्षा एक बहुत ही संवेदनशील मुद्दा विवाद के बजाए समाधान तलाशा जाए

### विपक्ष ने किया जमकर हंगामा सरकार ने समझाया

### भाजपा सांसद ने कहा- गलतफहमियों को बातचीत से दूर करना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में जमकर हंगामा हो रहा है। विपक्ष ने सरकार को मतदाता पहचान पत्र में गड़बड़ी के आरोपों, अमेरिका की टैरिफ से जुड़ी धमकियों, परिसीमन और मणिपुर जैसे मुद्दों पर घेर रखा है। इसके जवाब में सरकार ने विपक्षी नेताओं के बयानों को मुद्दा बना लिया है। भाजपा सांसद पात्रा ने संसद में एनईपी के तहत 3-भाषा नीति को लेकर हो रहे हंगामे पर कहा कि शिक्षा एक बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है। इस पर इतना हंगामा मचाने के बजाए सबसे अच्छा है कि शिक्षा मंत्रालय और उन राज्यों के बीच परामर्श और बातचीत हो, जिन्हें इससे दिक्कत है। कुछ राज्यों में तीन भाषा नीति को लेकर समस्या है, उनके राजनीतिक प्रतिनिधियों और सरकार को एक साथ आने और कोई समाधान तलाशने की जरूरत है। अगर कोई गलतफहमी है, तो उसे दूर किया जाना चाहिए।

**ये मुद्दे भी उठाए गए**

- ऑनलाइन जुए और सट्टेबाजी पर नियम बनाना राज्य सरकार का काम
- अवैध कोयला खनन का मुद्दा



### विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया

लोकसभा में पवन ऊर्जा के एक प्रोजेक्ट को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया और सदन से वॉकआउट किया। कांग्रेस सांसद ने पवन ऊर्जा के एक प्रोजेक्ट को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया और सरकार पर अडाणी के प्रभाव में काम करने का आरोप लगाया। गुजरात के खावड़ा में स्थापित किए जा रहे अक्षय ऊर्जा संयंत्र के मुद्दे पर असंतुष्ट कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने वॉकआउट किया। कांग्रेस के मनीष तिवारी ने पूछा कि क्या खावड़ा में लगाए जा रहे संयंत्र के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रोटोकॉल में कोई ढील दी गई है? केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि जब भी किसी परियोजना को मंजूरी दी जाती है तो केंद्र, राज्यों एवं अन्य संबंधित निकायों से समस्त आवश्यक लाइसेंस आदि प्राप्त किए जाते हैं। नारेबाजी के बाद कांग्रेस, डीएमके और एनसीपी (एसपी) समेत विपक्षी दलों ने सदन से वॉकआउट किया।

### नई शिक्षा नीति में भाषा को विवाद बनाना गलतः ओराम



केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम ने एनईपी के तहत 3-भाषा नीति पर संसद में हो रहे हंगामे पर कहा किकांग्रेस जब पहली बार सत्ता में आई थी, तब बहुत पहले ही हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार कर लिया गया था, लेकिन इसके बावजूद यह कहा गया है कि आप अपनी मूल भाषा में भी काम कर सकते हैं लेकिन हिंदी को भी कुछ प्रमुखता दें, बस इतना ही कहा गया है। यह व्यक्तिगत रुचि का मामला है कि कौन किस भाषा में पढ़ेगा और काम करेगा।

### कोई भी व्यक्ति कई भाषाएं सीख सकता हैः सुधा मूर्ति



राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति ने कहा कि देश के सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं। 3-भाषा नीति को लेकर हो रहे हंगामे पर उन्होंने कहा कि मेरा हमेशा से मानना रहा है कि कोई भी व्यक्ति कई भाषाएं सीख सकता है और मैं खुद 7-8 भाषाएं जानती हूं। बच्चे बहुत कुछ सीख सकते हैं।


### तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक पारित

तेल और गैस की खोज और उत्पादन को नियंत्रित करने वाले मौजूदा कानून में संशोधन करने और इस क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए पेट्रोलियम परिचालन को खनन परिचालन से अलग करने के लिए एक विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश किया गया। सरकार ने जोर देकर कहा कि वह राज्यों के अधिकारों को नहीं छीनेगी या तेल क्षेत्र में निजी या सार्वजनिक संस्थाओं को तरजीह नहीं देगी। तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक, 2024 लोकसभा में पारित हुआ।

**अब सोमवार को होंगी बैठकें**

लोकसभा और राज्यसभा की बैठकें होली की पूर्व संध्या पर 13 मार्च को नहीं होंगी। इस संबंध में दोनों सदनों की कार्य मंत्रणा समितियों के निर्णय लेने के बाद यह तय किया गया। दोनों सदनों ने 14 मार्च को होली के त्योहार को लेकर पहले ही अवकाश घोषित कर दिया है।

### राज्यसभा में डुप्लीकेट मतदाता फोटो पहचान पत्र का उठा मुद्दा



राज्यसभा में बुधवार को विपक्षी दलों ने मतदाता पहचान पत्र क्रमांक संख्या में दोहराव का मुद्दा उठाया गया और निर्वाचन आयोग से इस 'गड़बड़ी' की जांच करने तथा तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मनोज कुमार झा ने शून्यकाल के तहत इस मुद्दे का उठाते हुए कहा कि यह एक प्रश्न ऐसा है जो पिछले कुछ वर्षों से ना सिर्फ राजनीतिक दलों को बल्कि आम नागरिक को भी उद्वेलित कर रहा है।

### मेडागास्कर का संसदीय शिष्टमंडल भारत पहुंचा



# भारत भारतीय महासागर क्षेत्र के देशों का सहयोगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मेडागास्कर की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जस्टिन टोकेली के नेतृत्व में एक संसदीय शिष्टमंडल भारत दौरे पर है। इस शिष्टमंडल ने मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही का अवलोकन किया। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला और अन्य सांसदों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बिरला और मेडागास्कर संसदीय शिष्टमंडल के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई।

■ स्पीकर बिरला ने की द्विपक्षीय वार्ता

इस दौरान बिरला ने शिष्टमंडल को भारतीय लोकतंत्र की मजबूती और संसदीय समितियों की भूमिका के बारे में जानकारी दी। वहीं बैठक के दौरान भारत और मेडागास्कर के मजबूत ऐतिहासिक संबंधों पर भी चर्चा हुई। गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच व्यापार, संस्कृति और आपसी संपर्क का सैकड़ों वर्षों का इतिहास रहा है। मेडागास्कर, हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का एक महत्वपूर्ण भागीदार है, और दोनों देशों की साझेदारी क्षेत्रीय स्थिरता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में सहायक है।

**हम 'सागर' को प्राथमिकता दे रहे**

लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि भारत हमेशा भारतीय महासागर क्षेत्र के देशों के साथ सहयोग के लिए तैयार है और इसके लिए 'सागर'( सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर आल इन द रिजन) दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत आपदा के समय अपने पड़ोसी देशों की मदद करने में हमेशा अग्रणी रहा है और 'वसुधैव कुटुंबकम' (संपूर्ण विश्व एक परिवार) के सिद्धांत का पालन करता है।

### 'प्राइड' की क्षमताओं पर प्रकाश डाला

इसके अलावा बिरला ने लोक सभा के प्रशिक्षण संगठन 'प्राइड' की क्षमताओं पर प्रकाश डाला और मेडागास्कर के सांसदों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों की पेशकश की। उन्होंने कहा कि यह पहल दोनों देशों के संसदीय संबंधों को और मजबूती प्रदान करेगी और उनके सांसदों को संसदीय प्रक्रियाओं और शासन व्यवस्था को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में भारतीय संसदीय दल के कई सांसदों, जिनमें रवि किशन भी शामिल रहे।

## सुवेंदु पर भड़क गईं सीएम ममता

# मैं हिंदू हूं, अब हमें भाजपा के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं

### मुख्यमंत्री ने विपक्ष के नेता की टिप्पणी की आलोचना की

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी की टिप्पणी की आलोचना की। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह रमजान के पवित्र महीने में मुसलमानों को निशाना बना रही है ताकि आर्थिक और व्यापारिक मुद्दों से ध्यान भटकाया जा सके। बेनर्जी ने कहा कि लोकतंत्र स्थायी है, लेकिन कुर्सी नहीं। कुर्सी का सम्मान करें। आप मुस्लिम विधायकों को बाहर निकालने के बारे में कैसे सोच सकते हैं? मैं एक हिंदू हूं और मुझे भाजपा से सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है।

**मुस्लिम विधायकों को बाहर कर देंगे**



नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु ने एक ऐसा बयान दिया है, जिस पर राजनीति गरमा गई है। सुवेंदु ने कहा है कि अगर भाजपा सत्ता में आती है तो मुस्लिम विधायकों को विधानसभा से बाहर कर दिया जाएगा।

## छग में ईडी के ताबड़तोड़ छापों के बीच

# रायपुर में मिली 1.5 करोड़ नोटों से भरी इनोवा, मशीनें बुलाई

एजेंसी ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ में ईडी की छापेमारी के बाद पुलिस ने कैश वाली एक कार बरामद की है। कार में 500, 200 और 100 के नोटों की गड्डियों को रखा गया था। पुलिस भी हैरान रह गई। पता चला कि कार में पूरे 1.5 करोड़ की नकदी थी। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि यह पैसा किसका था और कहां ले जाया जा रहा था। सफेद रंग की इनोवा गाड़ी (23 बीएच 886जे) में भारी मात्रा में कैश बरामद किया गया है। पुलिस ने अमानका चेक पॉइंट पर इस गाड़ी को पकड़ा। नोटों की गड्डियां देखकर पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। मीडिया के सामने कैश दिखाने के बाद मशीनों से गिनती की गई।

**यह चर्चा का विषय बना**

भारी मात्रा में नकदी की बरामदगी ऐसे समय पर हुई है जब ईडी ने छत्तीसगढ़ में कई हाई प्रोफाइल लोगों के खिलाफ छापेमारी की है। सफेद रंग की इनोवा में कैश मिलने की खूब चर्चा हो रही है।

## पूर्व नासा एस्ट्रोनॉट ने सब बताया

# पृथ्वी पर लौट रहीं सुनीता के स्वास्थ्य में बदलाव चिंतनीय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और उनके अंतरिक्ष के साथी विल्मोर बुच स्पेस में हैं। अब दोनों की वापसी कुछ ही दिनों में पृथ्वी पर होने जा रही है। दोनों 9 महीने से अंतरिक्ष में रहने के दौरान तमाम तरह के एक्सपेरिमेंट्स भी कर रहे हैं, जोकि अंतरिक्ष विज्ञान के लिए भविष्य में काफी मददगार साबित होंगे। जैसे-जैसे उनकी वापसी की घड़ी आ रही है।







## चिंतन

# बांग्लादेश की हर हरकत पर रखनी होगी पैनी नजर

शेख हसीना सरकार के तख्ता पलट के बाद से बांग्लादेश भारत के लिए परेशानी बनता आ रहा है। मुहम्मद यूनुस सरकार एक के बाद एक ऐसे काम कर रही है, जिनसे भारत का सतर्क रहना बहुत जरूरी है। पाकिस्तान से प्रेम की पींगे बढ़ने के बाद अब बांग्लादेश चीन की गोद में बैठने को आतुर है। पहले तो बांग्लादेश ने पाकिस्तान से खाद्यान लेने का ऐलान किया और बड़ी संख्या में चावल पाक से बांग्लादेश पहुंच भी गया। पहले वो अपनी जरूरतों का खाद्यान भारत से खरीदता था। अब खबर आ रही है कि चीन ने बांग्लादेश को बड़े पैमाने पर हथियार दिए हैं। एक शोध पत्र के अनुसार, चीन ने बांग्लादेश को हथियारों के अलावा कई मिलिट्री टेक्नोलॉजी भी ट्रांसफर की है। चीन की कोशिश बांग्लादेश को सैन्य रूप से इतना सक्षम बनाने की है ताकि वह भारत के लिए सीमा पर परेशानी खड़ी कर सके। बांग्लादेश में चीन की राष्ट्रीय छवि शीर्षक से शोध पत्र मंगलवार को प्रकाशित हुआ। ढाका विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर और सेंटर फॉर अल्टरनेटिव्स के कार्यकारी निदेशक इम्तियाज अहमद, चीनी राजदूत याओ वेन और अन्य ने ढाका के एक होटल में सेंटर फॉर अल्टरनेटिव्स द्वारा आयोजित शोध पत्र के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। यह सब बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस की चीन यात्रा से कुछ सप्ताह पहले हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह ढाका में सत्ता परिवर्तन के बावजूद रक्षा संबंधों के बरकरार रहने का प्रतीक है। बांग्लादेश की नई सरकार जो भी फैसले ले रही है, उनमें भारत विरोध की बू आती है। अफगानिस्तान को भारत ने बहुत आर्थिक मदद दी, परंतु उसका कोई विशेष सकारात्मक परिणाम नहीं निकला। बांग्लादेश को हमने 1971 में स्वतंत्र करवाया। शेख हसीना के कार्यकाल में ऐसा लगा कि हमारी पूर्वोत्तर की सीमाएं अब सुरक्षित रहेंगी और इस पड़ोसी देश से अच्छे संबंध बने रहेंगे, परंतु यह अध्याय भी 5 अगस्त 2024 को समाप्त हो गया, जब बांग्लादेश में तख्तापलट हो गया और शेख हसीना को भारत में शरण लेनी पड़ी। उसके बाद से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के विरुद्ध 2,400 हिंसात्मक घटनाएं हो चुकी हैं। बांग्लादेश सरकार का ध्यान जब इन घटनाओं की ओर आकर्षित किया जाता है तो वह दलील देती है कि यह हमारा आंतरिक मामला है और घटनाएं सांप्रदायिक नहीं, बल्कि राजनीतिक है। भारत के लिए विशेष चिंता के तीन पहलू हैं। पहला तो यह कि बांग्लादेश में कट्टरपंथियों का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है। जमाते इस्लामी से प्रतिबंध हटा लिया गया है। पिछली सरकार ने जो कट्टरपंथी जेल में बंद कर रखे थे, उन्हें छोड़ दिया गया है। अंतरिम सरकार का समर्थन कर रहा हिजबुत तहरीर दुनिया भर में खलीफा का साम्राज्य स्थापित करने में विश्वास करता है। दूसरा यह कि बांग्लादेश का झुकाव ही नहीं, बल्कि लगाव भी पाकिस्तान से होता जा रहा है। पाकिस्तानी गायक ढाका आमंत्रित किए जा रहे हैं। तीसरा यह कि चीन अब बांग्लादेश में अपना जाल और तेजी से फैला सकता है। उसकी बेल्ट एंड रोड एनिशिएटिव योजना को और गति मिल सकती है। इससे भारत को सतर्क रहना होगा। पूर्वोत्तर की सीमाओं को हमें फिर से सुरक्षित करना होगा। बांग्लादेश की 4,096 किमी सीमा पर सीमा सुरक्षा बल तैनात है, उसे अपनी ड्यूटी और मुस्तैदी से करनी पड़ेगी। सरकार को भी पड़ोसी की हर हरकत पर पैनी नजर रखनी होगी। तभी हम सुरक्षित रह पाएंगे।



पड़ोस
अरविंद जयतिलक

# पाक के हाथ से फिसलता बलूचिस्तान

पाकिस्तान की सरकार भी बंधकों को छुड़ाने के लिए लगातार कसरत कर रही है। दावा है कि पाकिस्तानी सिक्योरिटी फोर्सेज ने दो दर्जन बलूच लड़ाकों को मार गिराया है और एक सैकड़ा से अधिक बंधकों को छुड़ा लिया है। देखना दिलचस्प होगा कि बलूच लड़ाकों की कैद से अपने बंधकों को छुड़ाने में पाकिस्तानी सिक्योरिटी फोर्सेज कितना कामयाब होती है। लेकिन असल सवाल यह है कि बलूचिस्तान में अलगाववाद की उठ रही लपटों से पाकिस्तान कैसे निपटेगा? जिस तरह बलूचिस्तान की डोर उसके हाथ से फिसलती जा रही है उससे तो यही रेखांकित होता है कि आने वाले कुछ वर्षों में बलूचिस्तान अपनी आजादी की जंग में कामयाब होगा।

पाकिस्तान के अस्थिर बलूचिस्तान राज्य में आजादी की लड़ाई लड़ रहे बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के सदस्यों ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाइजैक कर पाकिस्तानी हुकूमत के माथे पर शिकन ला दी है। ट्रेन में तकरीबन 500 यात्री सवार थे जिनमें से दो सैकड़ा से अधिक लोगों को बलोच लड़ाकों ने बंधक बना लिया है। ट्रेन बलूचिस्तान के बोलान इलाके में एक सुरंग के अंदर खड़ी है जहां पाकिस्तानी सेना को कार्रवाई करने में पसीने छूट रहे हैं। बंधक बनाए गए लोगों में सर्वाधिक पाकिस्तान आर्मी और उसकी खूफिया एजेंसी आईएसआई के ही लोग हैं। लड़ाकों की मानें तो उन्होंने आम नागरिकों को आजाद कर दिया है। तकरीबन तीस पाकिस्तानी सैनिकों की हत्या की बात भी कबूली है। लड़ाकों ने दो टूक कहा है कि वे सैनिकों को रिहा नहीं करेंगे। दरअसल उनकी कुछ मांगें हैं जिन्हें पाकिस्तान की सरकार पूरा करती है तो बंधकों की जान बख्श सकते हैं। अगर मांगें नहीं मानी गई तो फिर लाशों से भरी ट्रेन ही पाकिस्तान की सरकार को मिलेगी। बलोच लिबरेशन आर्मी की मांग है कि पाकिस्तान सरकार बलूच के राजनीतिक कैदियों, गायब हुए लोगों, अलगाववादी नेताओं, लड़ाकों और उनके कार्यकर्ताओं को बिना किसी शर्त के रिहा करे। अन्यथा उन्हें खतरनाक परिणाम भुगतना होगा।

बलूच लड़ाकों ने पाकिस्तान की सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। उधर, पाकिस्तान की सरकार भी बंधकों को छुड़ाने के लिए लगातार कसरत कर रही है। दावा है कि पाकिस्तानी सिक्योरिटी फोर्सेज ने दो दर्जन बलूच लड़ाकों को मार गिराया है और एक सैकड़ा से अधिक बंधकों को छुड़ा लिया है। देखना दिलचस्प होगा कि बलूच लड़ाकों की कैद से अपने बंधकों को छुड़ाने में पाकिस्तानी सिक्योरिटी फोर्सेज कितना कामयाब होती है। लेकिन असल सवाल यह है कि बलूचिस्तान में अलगाववाद की उठ रही लपटों से पाकिस्तान कैसे निपटेगा? जिस तरह बलूचिस्तान की डोर उसके हाथ से फिसलती जा रही है उससे तो यही रेखांकित होता है कि आने वाले कुछ वर्षों में बलूचिस्तान अपनी आजादी की जंग में कामयाब होगा। ऐसा इसलिए कि पाकिस्तान में चौतरफा अराजकता का माहौल है। खैबर पख्तुनवां में भी आग लगी है। सिंध प्रांत भी उबल रहा है। पाकिस्तान की भूमि पर फन फैलाए बैठे आतंकी संगठन भी अब पाकिस्तानी संप्रभुता के लिए नई चुनौती परोस रहे हैं। फिर बलूचिस्तान कब तक पाकिस्तान का अविभाजित अंग बना रहेगा। जानना आवश्यक है कि बलूचिस्तान तेल और खनिज से संपन्न पाकिस्तान का सबसे बड़ा और कम आबादी वाला राज्य है। यहां सर्वाधिक आबादी बलूचों की है और उनका आरोप है कि पाकिस्तान की सरकार उनके साथ भेदभाव और शोषण करती है। उनके खनिज संपदा का जमकर दोहन करती है लेकिन उनकी बुनियादी जरूरतों का तनिक भी ख्याल नहीं रखती है। गौर करें तो पाकिस्तानी सेना दशकों से बलूचिस्तान में अलगावादियों का उत्पीड़न व हत्या कर रही है। अब तक पाकिस्तानी सेना के हाथों हजारों बलूच नागरिक मारे जा चुके हैं। पाकिस्तानी सेना द्वारा 2006 में बलोच नेता नवाब अकबर बुगती की हत्या के बाद बलूचियों पर अत्याचार पहले से बढ़ गया है। याद होगा 2005 में बलूच नेता नवाब अकबर बुगती और मीर



बलाच मार्री द्वारा पाकिस्तान सरकार के समक्ष 15 सूत्री मांगें रखी गयी थी। इस मांग में बलूचिस्तान प्रांत के संसाधनों पर ज्यादा नियंत्रण और सैनिक ठिकानों के निर्माण पर रोक का मुद्दा शीर्ष पर था। लेकिन पाकिस्तानी सरकार ने इन मांगों को सिरे से खारिज कर दिया। नतीजा टकराव बढ़ गया। बलूचिस्तान प्राकृतिक संसाधनों से लैस है। पाकिस्तान के कुल प्राकृतिक गैस का एक तिहाई यहीं से निकलता है। विडंबना है कि उसका आनुपातिक लाभ बलूचिस्तान को नहीं मिलता है।

उदाहरण के लिए 1952 में बलूचिस्तान के डेरा बुगती में गैस के भंडार का पता लगा और 1954 से गैस का उत्पादन शुरू हो गया। पाकिस्तान के अन्य तीनों प्रांतों को उसका लाभ तुरंत मिलने लगा लेकिन बलूचिस्तान को यह लाभ 1985 में मिला। इसी तरह चीन के साथ तांबा, सोना और चांदी उत्पादन करने की पाकिस्तानी चगाई मरुस्थल योजना 2002 में आकार ली। तय हुआ कि बलूचिस्तान को उसका वाजिब लाभ मिलेगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस योजना के तहत प्राप्त लाभ में चीन का हिस्सा 75 फीसद और पाकिस्तान का 25 फीसद है। इस 25 फीसद में बलूचिस्तान के हिस्से में सिर्फ 2 फीसद ही आता है। यह स्थिति तब है जब पाकिस्तानी संविधान के 18वें संशोधन के मुताबिक बलूचिस्तान को विशेष अधिकार प्राप्त है। इसी नाइंसाफी का नतीजा है कि बलूचिस्तान के नागरिक आक्रोशित हैं और पाकिस्तान से अलग होने की मांग कर रहे हैं। वगौर करें तो बलूचिस्तान कभी भी पाकिस्तान का नैसर्गिक हिस्सा नहीं रहा है। इतिहास में जाएं तो 15 अगस्त, 1947 को भारत के साथ ही बलूचिस्तान ने भी अपनी आजादी का ऐलान किया था। लेकिन अप्रैल 1948 में पाकिस्तानी सेना ने मीर अहमद यार खान को अपना राज्य कलात छोड़ने पर मजबूर कर दिया। उनसे जबरन कलात की आजादी के खिलाफ समझौते पर हस्ताक्षर करवाया गया जबकि उनके भाई प्रिंस अब्दुल करीम खान इस समझौते के विरुद्ध थे। वे किसी भी कीमत पर बलूचिस्तान का 23 फीसद हिस्सा पाकिस्तान को देने को तैयार नहीं थे। लिहाजा उन्होंने 1948 में पाकिस्तान के खिलाफ अलगाव का बिगुल फूंक दिया। उनके नेतृत्व में बलूच नागरिकों ने अफगानिस्तान की जमीन से पाक सैनिकों के खिलाफ गुरिल्ला जंग छेड़ दी।

इस संघर्ष को नवाब नवरोज खान ने आगे बढ़ाया लेकिन इसकी कीमत उन्हें भारी चुकानी पड़ी। पाकिस्तान की सरकार ने उनके दोनों बेटों और भतीजों को फांसी पर लटका दिया। इस अत्याचार के बाद भी जब बलूचों का स्वर धीमा नहीं पड़ा तो यहां 1973-74 में मार्शल लॉ लागू कर दिया गया और अलगाववादियों के विरुद्ध दमनात्मक कार्रवाई तेज हो गयी। इस दौरान तकरीबन 8000 बलूची नागरिक मारे गए और हजारों घायल हुए। लेकिन गौर करें तो पाकिस्तानी सेना के जुल्म के बाद भी आजादी का स्वर थमा नहीं है। मौजूदा समय में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी, बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट, यूनाइटेड बलोच आर्मी, लश्कर ए बलूचिस्तान और बलूचिस्तान लिबरेशन यूनाइटेड फ्रंट जैसे संगठन बलूचिस्तान की आजादी के लिए आंदोलित हैं। पाकिस्तान के लिए यह मुसीबत पैदा करने वाला है कि भारत ही नहीं अमेरिका भी बलूचिस्तान पर पाकिस्तानी सेना द्वारा मानवाधिकार हनन और अत्याचारपूर्ण कार्रवाई को अनैतिक मान रहा है। गत वर्ष कैलिफोर्निया के रिपब्लिकन सांसद दाना रोहराबचेर ने दो अन्य सांसदों के समर्थन से अमेरिकी कांग्रेस में बलूचिस्तान के लिए इन जुल्मों के खिलाफ 'आत्मनिर्णयन' के अधिकार की मांग वाला प्रस्ताव पेश किया था। दो राय नहीं कि आने वाले दिनों में दुनिया के अन्य देश भी बलूचिस्तान के मसले पर मुखर होंगे और पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ेंगी।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## रंगों का त्योहार

विवेक शुक्ला



# होली पर दरियांगज में रंगों से सराबोर हुए थे मुंशी प्रेमचंद

मुंशी प्रेमचंद 7 मार्च, 1936 दिल्ली पहुंचे। अगले दिन यानी 8 मार्च को होली थी। होली पर दिल्ली होली का रंग और मस्ती चढ़ी हुई थी। तब तक दिल्ली आज के मुकाबले तो बहुत छोटी थी। उस होली पर मुंशी प्रेमचंद दरियागंज में हिंदी के प्रख्यात लेखक जैनेन्द्र कुमार जैन के घर ठहरे हुए थे। उनके दिल्ली आने का मकसद हिंदुस्तानी सभा के गठन के मौके पर मौजूद रहना था। ये हिंदी-उर्दू लेखकों का साझा मंच था। ऐसे ही समय होली वालों की एक टोली जैनेंद्र जी के घर में अचानक घुस आई और बीसियों पिचकारियों की धार और गुलाल से उस दल ने मुंशी प्रेमचंद का ऐसा सम्मान किया कि एक बार तो प्रेमचंद चौंक गये। वे पल भर में सिर से पांव तक कई रंगों के पानी से भीग चुके थे। हड़बड़ाकर उठे, अपने को संभाला। बोले - अरे भाई जैनेन्द्र, हम तो मेहमान हैं। मुंशी प्रेमचंद होली वाले दिन शाम के वक्त करोल बाग में जामिया मिल्लिया इस्लामिया कैंपस पहुंचे। तब तक जामिया का कैंपस करोल बाग में हुआ करता था। प्रेमचंद जब शाम को हिन्दुस्तानी सभा के कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे तो उनके चेहरे पर होली का रंग लगा हुआ था। दरअसल मुंशी प्रेमचंद का दिल्ली में आना-जाना लगा रहता था। प्रेमचंद दिल्ली आए तो यहां उनके मेजबान 'रिसाला जामिया' पत्रिका के संपादक अकील साहब थे। जामिया में प्रेमचंद से मिलने वालों की कतार लग गई। सब उनसे मिलना चाहते थे। बहरहाल, जामिया कैंपस में अकील साहब ने प्रेमचंद से गुजारिश की कि वे यहां रहते हुए एक कहानी लिखें। ये बातें दिन में हो रही थीं। प्रेमचंद ने अपने मित्र को निराश नहीं किया। उन्होंने उसी रात को अपनी अमर कहानी 'कफन' लिखी।

इस बीच, सारे देश की तरह होली के रंग दिल्ली की फिजाओं में बिखर चुके हैं। गुलाल और गुझिया की खुशबू को हर तरफ महसूस किया जा सकता है। आम-खास सब होली के मूड में हैं। यूं तो राजधानी में होली मिलन के अनेक आयोजन होते रहे हैं, इस बार भी होंगे। पर कुछ आयोजन यादगार रहे हैं। उदाहरण के रूप में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सरकारी आवास में आयोजित होने वाला होली मिलन विशेष महत्व रहता था। उसमें इंदिरा गांधी मेहमानों को गुझिया खिलवाती थीं। सारा होली मिलन काफी शालीन अंदाज में होता था। एक दौर में हरिवंश राय बच्चन और तेजी बच्चन सारे आयोजन को देखते थे। होली पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सरकारी आवास 1, सफदरजंग रोड के गेट भी सबके लिए खुल जाते थे। 1980 के बाद इंदिरा जी के होली मिलन पहले की तरह भव्य नहीं रहे गए थे, सुरक्षा कारणों के चलते। तब तक पंजाब में आतंकवाद ने अपनी ज़ड़ें जमा ली थीं। अटल बिहारी वाजेयी के 111 साउथ एवेन्यू, 6 रायसीना रोड, फिर लोक कल्याणा मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास के होली मिलन समारोह में अटल जी खुद सब अतिथियों को गुलाल लगाया करते थे। उनमें देश के मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी भाग लेते थे। वे तब भाजपा के संगठन से जुड़े हुए थे। इस अवसर पर लजीज गुजिया और स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था रहती थी। अटल जी के घर पर होने वाले होली मिलन की सारी व्यवस्था उनके परम मित्र शिव कुमार किया करते थे। वे अटल जी के घर का स्थायी चेहरा थे। अटल जी के होली मिलन समारोहों के आयोजन में शामिल होने वालों को चांदनी चौक के घंटे वाले या गोल मार्केट के बंगला स्वीट हाउस की बालूशाही अवश्य उपलब्ध रहती थी। लाल कृष्ण आडवाणी के पृथ्वीराज रोड स्थित आवास पर भी होली बड़े प्रेम से खेली जाती रही है। बंगाली मार्केट की मशहूर मिठाई की दुकानों से गुझिया सबको खिलाई जाती थी।

लालकृष्ण आडवाणी के पंडारा पार्क सी-1/6 वाले फ्लैट की होली बहुत मशहूर हुआ करती थी। उसमें अटल बिहारी वाजपयी और तमाम गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहते। होली खेलने के लिए आने वाले तमाम मित्रों और पार्टी कार्यकर्ताओं का मुंह अवश्य मीठा कराया जाता। सभी अतिथियों के लिए भोजन की भी व्यवस्था रहती। आडवाणी जी की पत्नी कमला आडवाणी जी ( अब स्मृति शेष) सुनिश्चित करतीं कि सब मेहमान भरपेट भोजन करके ही विदा हों। पर उनके निधन के बाद आडवाणी जी का होली मिलन सांकेतिक ही रह गया है। देश के राष्ट्रपति के रूप में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने सन 2003 में नगर निगम और राष्ट्रपति भवन परिसर के स्कूलों के लगभग 1200 बच्चों के साथ होली मनायी थी। डॉ. कलाम लगभग दो घंटे तक इन बच्चों के साथ रहे थे। उनसे पहले या बाद में शायद ही किसी राष्ट्रपति ने कलाम साहब की तरह होली बच्चों के साथ खेली हो।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## लोकहित में त्याग करने वाले मानव ही बनते हैं संत



संकलित
**दर्शन**

सब कुछ क्षणिक होते हुए भी इस जगत की अनंत यात्र का कभी अंत नहीं होता। यह अनवरत गतिमान रहती है। वास्तव में त्याग की पवित्र भावना ही इसकी गतिशीलता और जीवंतता का कारण है। इसलिए जिन गुणों से मानव जीवन महान बनता है, त्याग उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जैसे-शीतलता के बिना जल, दाहकता के बिना अग्नि, स्पर्श के बिना वायु का कोई अस्तित्व नहीं। उसी प्रकार त्याग के बिना मानव जीवन का कोई मूल्य नहीं, परंतु त्याग वही सार्थक है, जो परार्थ के लिए हो। स्वार्थ के लिए त्याग तो पशु-पक्षी भी करते हैं। इसीलिए निःस्वार्थ भाव से लोकहित में त्याग करने वाले मानव संत बन जाते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में त्याग को शांति का प्रदाता कहा गया है, परंतु इसके विलक्षण आनंद का अनुभव कोई विरला ही कर सकता है। वस्तुतः त्याग का जन्म उदारता से होता है, क्योंकि औदार्य भाव ही मनुष्य को स्वार्थ और मोह से मुक्तकर परार्थ के लिए प्रेरित करता है। इसलिए उदारता का भाव जिसमें जितना प्रबल होगा, त्याग की भावना भी उतनी ही प्रबल होगी। कल्पना कीजिए कि महर्षि दधीचि में उदारता का भाव कितना प्रबल रहा होगा, जिससे उन्होंने जीवित रहते ही लोक कल्याणार्थ शरीर त्याग करने का निर्णय लिया। कर्ण ने यह जानते हुए भी कि जीवन रक्षक कवच का दान करने से उसके प्राणों पर संकट निश्चित है, उसे सहर्ष काटकर याचक को समर्पित कर दिया। उदारता के बिना यह कदापि संभव नहीं था।

## कद्दू का तीर्थ स्नान



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगो का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहाः मैं तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाइए और जहां-जहां भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किए बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहां-जहां गए, स्नान किया वहां-वहां स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रियों को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आए हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूप से बनवाई गई थी। सभी यात्रियों ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रियों को बोध हो गया कि हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य

## सटाका




## आज की पाती

### डिप्रेशन से प्रभावित होता बचपन

हाल ही में प्रधानमंत्री ने बोर्ड परीक्षा में बैठ रहे विद्यार्थियों से परीक्षा पर चर्चा की और उन्हें एग्जाम में बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम में अभिभावकों को भी अपने बच्चों पर किसी प्रकार का परीक्षा का दवाब न बनाने की सलाह दी और बच्चों में तेजी से बढ़ रहे मानसिक अवसाद और डिप्रेशन के प्रति चिंता व्यक्त की। आज की इस भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक समस्याएं बहुत तेजी से लोगों को अपना शिकार बना रही हैं। इसके घातक प्रभाव हर वर्ग हर उम्र के लोगों को प्रभावित कर रहे हैं। मानसिक अवसाद का विस्तार इतना तीव्र है कि इससे न तो कोई देश बचा है और न कोई राज्य। यह एक कड़वा सच है कि आज हर गांव, गली-मोहल्ले में डिप्रेशन के मरीज मिल जाते हैं।

*-जयप्रकाश शर्मा, सरायपाली*

## करंट अफेयर

### हूती ने इजराइली जहाजों पर हमले की धमकी दी

यमन के हूती विद्रोहियों ने बुधवार सुबह चेतावनी दी कि गाजा पट्टी में भेजी जाने वाली सहायता सामग्री को रोकने की वजह से पश्चिम एशिया के जलक्षेत्र से गुजरने वाले इजराइली जहाजों को निशाना बनाया जाएगा। विद्रोहियों ने गाजा पट्टी को सहायता सामग्री भेजने पर लगाई गई रोक को हटाने के लिए इजराइल को चार दिन का वक्त दिया था। इसके बाद हूती के मानवीय संचालन समन्वय केंद्र ने यह बयान जारी कर इजराइली पोतों को निशाना बनाने की धमकी दी है। बयान में कहा गया है, 'हम आशा करते हैं कि यह समझा जाएगा कि (हूती सेना) द्वारा की गई कार्रवाई ... उत्पीड़ित फलस्तीनी लोगों के प्रति धार्मिक, मानवीय और नैतिक जिम्मेदारी की गहरी भावना से उपजी है और इसका उद्देश्य इजराइली अतिक्रमणकारी इकाई पर गाजा पट्टी की क्रॉसिंग को फिर से खोलने और खाद्य एवं चिकित्सा आपूर्ति सहित सहायता सामग्री के प्रवेश की अनुमति देने के लिए दबाव डालना है।' इसने कहा कि जहाजों को लाल सागर, अदन की खाड़ी, बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य और अरब सागर में निशाना बनाया जाएगा।



## ऑफ बीट

### झपकी से याददाश्त में हो सकता है सुधार

कुछ लोग इसे विलासिता भोग के रूप में देखते हैं जबकि अन्य इसे मुस्तैद तथा तंदरुस्त बने रहने के तरीके के रूप में देखते हैं। लेकिन झपकी के फायदे के साथ-साथ नुकसान भी हो सकते हैं। वैसे मैं झपकी लेने की जटिल प्रवृत्ति के साथ साथ इस बात से अवगत हूं कि क्यों दोपहर के वक्त 20 से 30 मिनट की झपकी असंख्य तरीकों से फायदेमंद हो सकती है। अनुसंधान से पता चलता है कि झपकी के कई फायदे हैं। छोटी-सी झपकी से मानसिक स्वास्थ्य और याददाश्त के साथ ही मुस्तैदी, ध्यान और प्रतिक्रिया देने के समय में भी सुधार आता है। इसका संबंध उत्पादकता और रचनात्मकता से भी है। चूंकि झपकी से रचनात्मक सोच में सुधार आता दिखायी देता है इसलिए कुछ कंपनियों ने अपने कार्य स्थल पर झपकी लेने के लिए कमरे बनाकर इसका फायदा उठाने का प्रयास किया है। ऐसा कहा जाता है कि मस्तिष्क झपकी के वक्त का इस्तेमाल दिनभर में एकत्रित सूचना को संसाधित करने के लिए करता है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि समस्याओं को हल करने की क्षमता बढ़ती है। एक छोटे-से अध्ययन से यह पता चलता है कि जो लोग झपकी लेते हैं वे कम चिड़चिड़े होते हैं।



## ट्रेंड

### गैरकानूनी संगठन



'जम्मू-कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन' और 'आवामी एक्शन कमेटी' को यूएपीए के तहत गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया है। इन संगठनों को लोगों को भड़काकर कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ने और भारत की एकता और अखंडता के लिए खतरा पैदा करने वाला पाया गया।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### ऐतिहासिक दांडी मार्च



95 वर्ष पूर्व, महात्मा गाँधी ने ऐतिहासिक दांडी मार्च की शुरुआत की और एक मुट्ठी नमक से अंग्रेजी हुकूमत की नींव को हिला दिया। बापू की सीख और सत्याग्रह आज भी उतने प्रासंगिक हैं जितने 1930 में थे।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### भू-माफियाओं की हिंसा



उप्र में जब एक सेवानिवृत्त उच्च सैन्याधिकारी भू-माफियाओं की हिंसा का शिकार हो रहे हैं, तो आम आदमी की हालत कितनी बुरी होगी कहने की आवश्यकता नहीं है। देखना ये है कि हिंसा की इस घटना के, जनता के बीच उजागर हो जाने के बाद भाजपा सरकार किसका साथ देती है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### खनिज सौदा



चीन दुनिया की 70% दुर्लभ पृथ्वी आपूर्ति को नियंत्रित करता है। इसी कारण अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प रूस के साथ युद्ध को समाप्त करने की अपनी रणनीति के लिए यूक्रेन के साथ खनिज सौदे को केंद्रीय बना रहे हैं।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खिल उठा बसंत...



**जबलपुर।** संस्कारधानी में बसंत ऋतु का ही असर है कि पेड़ों पर रंग-बिरंगे फूल खिल उठे हैं। इससे धूप की तपन जहां मुसाफिरों को ठंडक देती है तो वही मन प्रफुल्लित हो उठता है।

## होली आ रही है...



संस्कारधानी समेत आसपास के जंगलों में पलाश खिल उठा है। शायद इन्हें भी आभास हो चुका है कि होली का त्यौहार नजदीक है। कुछ दिन बाद ही अब इनसे रंग बनेंगे और लोग होली खेलेंगे। कहीं दूर पलाश खिला हुआ हो तो दूर से ही चमक उठता है।

## प्रदेश सरकार के बजट पर मिली जुली प्रतिक्रियाएं

# भाजपा की नजर में विकास का बजट तो कांग्रेस ने बताया जुमले का पुलिंदा

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्य प्रदेश सरकार का बजट 2025 आ चुका है. मध्य प्रदेश विधानसभा में मोहन यादव सरकार की ओर से बुधवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश किया गया। सरकार के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। यह अब तक का सबसे बड़ा बजट है। सरकार की ओर से काई नया टैक्स नहीं लगाया गया है। टैक्स की सभी प्रक्रिया को पहले जैसा ही रखा गया है। फिलहाल यही इस बजट की सबसे बड़ी राहत दिखाई दे रही है. बजट आने के बाद से बजट पर प्रतिक्रियाओं का दौर शुरु हो गया. जहां एक तरफ भाजपा ने इसे एतिहासिक बताया तो कांग्रेस की नजर में यह बजट सिर्फ कागजी जुमले बाजी का पुलिंदा है. वहीं व्यापारिक संगठनों की प्रतिक्रिया मिली जुली रही।



### सर्वहारा वर्ग के कल्याण के लिए समर्पित है बजट : तोमर

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा विधानसभा में वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तुत किया गया। बजट प्रदेश के विकास और सर्वहारा वर्ग के कल्याण के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में बनाये गये इस बजट में ग़रीब ,युवाओं, अन्नदाता और नारी सहित सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। ऊर्जा विभाग के लिए इस वर्ष 37 हजार 734 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है, जो गत वर्ष की तुलना में 10 हजार 343 करोड़ रूपए अधिक है। इससे बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने में सहूलियत होगी।



### लोक कल्याण के लिये सरकार संकल्पित : सिंह

पश्चिम विधानसभा से विधायक एवं प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा लोक निर्माण से लोक कल्याण की भावना के साथ मध्य प्रदेश के कोने कोने को जोड़ने का संकल्प साकार हो रहा है. उन्होंने कहा बजट में हर वर्ग के लिये प्रावधान और हर वर्ग के लिये राहत रखी गई है. यह एक ऐतिहासिक बजट है. मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य में सड़कों का जाल बिछाकर आमजन के जीवन में समृध्दि लाने और उनकी यात्राओं सुगम सुरक्षित करने के लिये हम सभी संकल्पित है।



### पूरे मध्य प्रदेश की उपेक्षा : घनघोरिया



जबलपुर पूर्व से कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने कहा ये बजट नौजवान, किसान, मजदूर, छात्र, दलित, पिछड़े, आदिवासी अल्पसंख्यक व पूरे मध्य प्रदेश की उपेक्षा वाला बजट है. उन्होंने कहा प्रदेश सरकार ने बजट प्रस्तुत करने की सिर्फ खाना पूर्ति की है. विकास, औद्योगिकीकरण, प्रदेश पर बढ़ता कर्ज और शिक्षा के लिये नाम मात्र के भी प्रावधान बजट में नहीं किये गये हैं।

### समग्र विकास वाला बजट: अभिलाष पांडे

4 लाख 21 हजार करोड़ का बजट मध्य प्रदेश के जन नायक मुख्यमंत्री का विजन है. जिस तरह से विकास के माडल पर भारतीय जनता पार्टी काम कर रही है, समग्र विकास इस बजट के अंदर है. इसमें गरीब, युवा अन्नदाता नारीशक्ति के उत्थान की बात की है. कृषि अनुंसधान के साथ साथ रोजगार के बड़े प्रबंध है. हर विधानसभा में एक स्टेडियम की बात की गई है. समग्र विकास वाला बजट है.




### जिले की उपेक्षा की गई: जबलपुर चेम्बर



जबलपुर चेम्बर ने इस बजट का संतुलित बजट बताया. चेम्बर अध्यक्ष प्रेम दुबे ने कहा जबलपुर क्षेत्र में औद्योगिकरण के विकास के प्रावधान न होना निराषा जनक है। जिले में प्रस्तावित वन प्रोडक्ट योजना जो मटर पर आधारित है वन डिस्टिक वन प्रोडक्ट के रुप में मटर के कलस्टर फोर्मेषन के लिए जबलपुर में कोई घोषणा नही की गई। चेम्बर अध्यक्ष प्रेम दुबे ने कहा कि मेट्रो टेन भोपाल और इंदौर के लिए घोषित की गई और जबलपुर से इसकी उपेक्षा की गई। नरिंदर पांधे द्वारा शहर को एक भी विष्वस्तरीय स्टेडियम और विश्वविद्यालय न मिल पाना निराशा जनक बताया गया।

### सर्वहारा विकास का बजट : रोहाणी



केंट के भाजपा विधायक ईश्वरदास रोहाणी ने कहा है कि मप्र के मोहन सरकार द्वारा अब तक का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत किया गया है जिसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। युवा, गरीब, किसान, और महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान किए गए है।

### प्रदेश का सर्वहितकारी बजट : सांसद



जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद आशीष दुबे ने बुधवार को प्रस्तुत मध्यप्रदेश सरकार के बजट को हर क्षेत्र में सौगात देने वाला और मध्यप्रदेश को विकास की राह पर द्रुत गति से बढ़ाने वाला बजट निरूपित किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश का संकल्प इस बजट के माध्यम से और सशक्त होगा।

### महाकौशल पर फोकस नहीं : सेठी

केंट के प्रदेश सचिव दीपक सेठी ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि जबलपुर और महाकौशल क्षेत्र पर सरकार का ऐसा कोई विशेष बजट में प्रावधान नहीं देखा गया जबकि जबलपुर के आसपास टूरिज्म का बहुत बड़ा क्षेत्र है टूरिज्म हब बनने से यहां पर एक फिल्म सिटी बनाई जी सकती है, जिस तरह की पूर्व में कई वर्षों से यहां कई सीरियस एवं कई फिल्मों की शूटिंग की जा रही है यह दर्शाती है कि यहां टूरिज्म को अत्यधिक बढ़ावा मिल सकेगा, शहर में तीन से चार पांच सितारा होटल आना भी एक बहुत अच्छा संकेत देता है,

### किसानों के हक में 3 प्रतिशत हिस्सा आया : अग्रवाल

मध्य प्रदेश कृषक समाज के प्रांत अध्यक्ष इंजी. केके अग्रवाल ने कहा सरकार के इस वर्ष के बजट मे विगत वर्ष की तुलना मे 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। किसानों के हक मे इस बढ़ोत्री का 3 प्रतिशत हिस्सा ही आया है। गांव, खेत, किसान का बजट कुल बजट का 9 प्रतिशत है। जो हमारी 60 प्रतिशत आबादी के लिए अपर्याप्त है।



# जमीनी हकीकत जानने निगमायुक्त पहुंची कठौंदा प्लांट

**जबलपुर।** निगमायुक्त मती प्रीति यादव स्वच्छ सर्वेक्षण की जमीनी हकीकत जानने अचानक कठौंदा स्थित लैंड फिल साईट, वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का निरीक्षण करने पहुंची और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष कार्यो को भी जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। निगमायुक्त मती प्रीति यादव ने सीवर प्लांट का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के समय उपायुक्त स्वास्थ्य संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल, सहायक नोडल स्वच्छता सेल अभिनव मिश्रा, संजय कुशवाहा सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव सी.एस.आई. सौरभ आदि उपस्थित रहे।

### रानीताल क्षेत्र के समीप कचरे डंपिग साइट पर बनेगा सिटी लेवल पार्क

जबलपुर। कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में रानीताल तालाब के समीप कचरे के उपरांत रिक्त होने वाली भूमि पर पार्क तैयार करने के संबंध में बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में निगमायुक्त मती प्रीति यादव, एस.डी.एम. अधारताल पंकज मिश्रा, उपायुक्त सह नोडल अधिकारी NACP नगर निगम जबलपुर संभव अयाची, तहसीलदार, अधारताल सु जानकी उईके, जी.आई.एस. एक्सपर्ट बालेन्द्र शुक्ला, सहायक नोडल अधिकारी, नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम, अभिनव मिश्रा, सहा. अर्बन प्लानर, नगर निगम जबलपुर सु अनमोल संस्कृति एवं टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग कार्यालय जबलपुर आर.एस. पटेल उपस्थित रहे। जी.आई.एस. एक्सपर्ट स्मार्ट सिटी जबलपुर बालेन्द्र शुक्ला द्वारा वर्तमान में Bio-Remediation कार्य के संबंध में एवं सहा. अर्बन प्लानर सु अनमोल संस्कृति द्वारा प्रस्तावित पार्क हेतु तैयार की गई डिजाइन का प्रस्तुतीकरण किया गया।

बैठक में कलेक्टर दीपक सक्सेना द्वारा रिक्त होने वाली भूमि पर विभिन्न प्रकार के संभावित योजनाओं पर चर्चा की गयी। उनके द्वारा निर्देशित किया गया कि इसके संबंध में दैनिक समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से शहर के नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किये जायें। राजस्व विभाग के उक्त स्थल का सीमांकन शीघ्र किये जाने के लिये निर्देशित किया गया साथ ही टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग विभाग से चयनित भूमि के भू-उपयोग एवं उस पर किये जाने वाली गतिविधियों की जानकारी उपलब्ध कराने के लिये निर्देशित किया गया।

# व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को सौंपे दायित्व

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने पुस्तक मेला की व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को दायित्व सौंपकर कहा कि पुस्तक मेला को भव्य व आकर्षक बनायें। पुस्तक मेला के लिये जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। ज्ञात हो कि यह मेला 25 मार्च से 5 अप्रैल तक शहीद स्मारक प्रांगण में शनिवार और रविवार को दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक एवं शेष दिवसों में शाम 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर सक्सेना ने मेले की संपूर्ण व्यवस्था के लिये जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है। टेंट व पंडाल व्यवस्था के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएटीसीसी हेमंत सिंह को, मेला स्थल का लेआउट व स्टॉल के लिये कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग शिवेन्द्र सिंह को, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिये सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग एनएस रघुवंशी और सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास मनीष सेठ को दायित्व सौंपे है। इसी प्रकार डाइट प्राचार्य सुधीर उपाध्याय व डीपीसी योगेश शर्मा को पुरानी पुस्तकें प्राप्त कर उनके सेट बनवाने एवं बुक बैंक की समस्त जिम्मेदारी तथा एनसीईआरटी की पुस्तकों को आवश्यकता अनुसार उपलब्ध कराने के लिये, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक विनीत रजक को दुकानदारों से समन्वय एवं कैरियर काउंसलिंग कराने, पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण विभाग के सहायक संचालक आशीष दीक्षित को स्वयं सेवी संगठनों से समन्वय करने के निर्देश दिये हैं। एसडीएम अधारताल और पंकज मिश्रा को मेला स्थल की संपूर्ण साफ-सफाई, मैदान का समतलीकरण, मंच एवं कंट्रोल रूम की संपूर्ण व्यवस्था, आस्थाई टॉयलेट व मेला स्थल पर स्वच्छ पानी की व्यवस्था कराने का नोडल अधिकारी बनाया गया है तथा उनके सहयोगी अपर आयुक्त नगर पालिक निगम आरपी मिश्रा होंगे। प्रोटोकॉल की समस्त व्यवस्थाओं के लिये जिला सत्कार अधिकारी ऋषभ जैन को दायित्व सौंपा गया है। मेला स्थल पर दुकानों की 24 घंटे सुरक्षा की जिम्मेदारी, यातायात व कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जबलपुर को एवं मंच व्यवस्था सभी अशासकीय विद्यालयों से समन्वय, पुस्तक विक्रेता, प्रकाशकों से समन्वय व शिकायतों के निराकरण के लिये जिला शिक्षा अधिकारी व डीपीसी का दायित्व सौपा गया है। पुस्तक मेला की आय-व्यय के संपूर्ण लेखा रखने के लिये जिला कोषालय अधिकारी सु विनायिका लकरा, मेले में संचालित हेल्प डेस्क एवं समस्त तकनीकी कार्य के लिये जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस चित्रांशु त्रिपाठी तथा मेले स्थल पर स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था एवं फुड स्टॉल पर विक्रय होने वाली खाद्य सामग्री की जांच के लिये सीएमएचओ एवं जिला खाद्य अधिकारी को दायित्व सौंपा गया है।


## विवाद सुलझाने गए व्यक्ति पर ही आरोपियों ने किया हमला

# माढ़ोताल में चाकू व लाठी से हमला कर हत्या

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत दो पक्षों के बीच चल रहे एक विवाद में मोहल्लें के ही आधा दर्जन बदमाशों ने चाकू और लाठी से हमला कर एक 45 वर्षीय व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया। घटना में घायल व्यक्ति को विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है आरोपी अभी फरार है। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बच्चू राम नुनिया घर पर खाना खाने के बाद बाहर टहलने के लिए निकला था। मोहल्लें में रहने वाले रजीव, राजा चौधरी, अंकित चौधरी, मुकेश चौधरी और उनके अन्य साथियों के द्वारा विवाद किया जा रहा था जहां बच्चू राम सुलह कराने पहुंच गया। इस दौरान आरोपी उससे विवाद करने लगे, और उस पर ही लाठी व चाकू से हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। का विरोध करने बच्चू राम मौके पर पहुंचे थे जहां क्षेत्र के बदमाशों ने बच्चू राम से ही विवाद करना शुरू कर दिया और बदमाशों के द्वारा लाठी और चाकू से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया यहां मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना तुरंत ही माढ़ोताल थाना पुलिस को सूचना दी जहां सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बच्चू राम को तुरंत ही जिला विक्टोरिया अस्पताल भिजवाया गया लेकिन उसकी अस्पताल पहुंचने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई जहां पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 296, 109, 351(3), भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

# औरिया मटर मंडी की दुकानों के आवंटन पर रोक

## हाईकोर्ट ने मांगा सभी निविदाओं का ब्यौरा



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर मटर मंडी को औरिया में शिफ्ट किये जाने के मामले में गम्भीरता दर्शाई। जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की कोर्ट ने कहा कि आगामी सुनवाई तक औरिया मंडी में दुकाने आवंटन की निविदाओं को अंतिम रूप न दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई पर 24 मार्च को 24 फरवरी के विज्ञापन के तहत प्राप्त निविदाओं का ब्यौरा कोर्ट में पेश किया जाए।

जबलपुर थोक सब्जी मंडी व्यापारी संघ की ओर से याचिका दायर की गई। वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ ने याचिकाकर्ता व्यापारियों की ओर से कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार के नोटिफिकेशन का हवाला देते हुए जबलपुर की मटर मंडी कृषि उपज मंडी से हटाकर औरिया शिफ्ट की जा रही है। यह कुछ बड़े मटर व्यापारियों को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा है।जबकि राज्य सरकार ने नोटिफिकेशन में सब्जी व फल सबके लिए उपमंडी खोलने का प्रावधान किया है। तर्क दिया कि सब्जी व फल मंडी शहर में और मटर मंडी बाहर करने से यहां के छोटे व्यापारियों को भारी नुकसान पहुँचेगा। मंडी में70 दुकानों के लिए निविदा आमंत्रित की गई है। जबकि छोटे सब्जी व्यापारी सैकड़ों की संख्या में हैं। उन्होंने आग्रह किया कि कोर्ट उक्त निविदा के क्रियान्वयन पर रोक लगाए। मटर मंडी को अन्यत्र न हटाया जाए। सुनवाई के बाद कोर्ट ने उक्त दुकानों की निविदा को अंतिम रूप देने पर रोक लगा दी।



# रानीताल के पास स्थित जमीन को विकसित करने में नागरिकों से सकारात्मक सुझाव लें : कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में रानीताल स्टेडियम के पास स्थित जमीन को नये प्रोजेक्ट के साथ शहरी सौंदर्यीकरण की दिशा में कार्य करने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि उक्त स्थल का सर्वप्रथम सीमांकन कर फेंसिंग करायें। प्राथमिक रूप से उन्होंने कहा कि यहां के डंप कचरे को हटाकर सिटी फॉरेस्ट विकसित कर वॉटर बॉडी को पुनर्जीवित करना है। साथ ही इस स्थान पर कुछ अच्छा नया प्रोजेक्ट लाकर रोजगार व व्यापार को बढ़ावा देने वाले कार्य किये जायें। नगर के अधिकारियों ने कहा कि उक्त स्थल पर एक व्यवस्थित तथा आकर्षक पार्क बनाया जायेगा। जहां शहर के प्रतिष्ठित लोगों के स्टेच्यु भी होंगे। फाउंटेन, स्केटिंग रिंग, बिलियर्ड क्लब, दर्शकों के लिये ओपन टेरिस प्वाइंट, घास के मैदान, पोंड, रोज गार्डन तथा केफे होगा, जो रानीताल झील से लगा होगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में रानीताल लेक में बोटिंग कराने की कार्य योजना पर भी कार्य किया जा सकता है। कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि उक्त जमीन को विकसित करने में शहर के गणमान्य नागरिकों से सकारात्मक सुझाव लें ताकि सभी के सुझावों से एक बेहतर प्रोजेक्ट आम जनता के बीच आये। बैठक में नगर निगम कमिश्नर मती प्रीति यादव, आधारताल एसडीएम पंकज मिश्रा, तहसीलदार सु जानकी उइके सहित नगर निगम के अधिकारी मौजूद थे।




मप्र का
# बजट 2025
सड़क। परिवहन। रोजगार

बजट : मोहन 2.0





## युवा, इंफ्रास्ट्रक्चर





## बजट में खास

**5500**
करोड़ रुपए समग्र शिक्षा अभियान के लिए

**4686**
करोड़ रुपए बजट में सीएम राइज को आवंटित

**4400**
करोड़ रुपए प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवंटित

**4050**
करोड़ रुपए राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के लिए आवंटित

**2000**
करोड़ रुपए निवेश प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत किए गए आवंटित

**1550**
करोड़ रुपए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत किए गए आवंटित

**1150**
करोड़ रुपए प्रधानमंत्री सड़क योजना में निर्मित सड़कों के नवीनीकरण एवं उन्नयन



**1100**
करोड़ रुपए प्रधानमंत्री जनमन योजना (आवास) के अंतर्गत किए गए आवंटित

**1100**
करोड़ रुपए 11वीं, 12वीं एवं महाविद्यालय छात्रवृत्ति (2.50 लाख से अधिक आय वर्ग हेतु)

**1071**
करोड़ रुपए अमृत 2.0 के अंतर्गत किए गए आवंटित

**1000**
करोड़ रुपए प्रधानमंत्री आवास योजना (अर्बन) 2.0 के लिए

**850**
करोड़ रुपए मेट्रो रेल के अंतर्गत आवंटित किए गए



*वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि सरकार ने प्रदेश के सभी क्षेत्रों में औद्योगिक विकास के संतुलन के लिये गत एक वर्ष में प्रदेश में संभाग स्तर पर रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव के सफल आयोजन किए हैं। माह फरवरी, 2025 की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 89 एमओयू हस्ताक्षरित हुए तथा रुपए 26 लाख 61 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनके फलीभूत होने से 21 लाख से अधिक नवीन रोजगार सृजन संभावित हैं*

# 39 नए औद्योगिक क्षेत्रों के विकास से 3 लाख से अधिक रोजगार सृजन होंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 39 नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जा रहे हैं। इनसे 3 लाख से अधिक रोजगार मिलेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए प्रदेश में डिजिटल यूनिवर्सिटी और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय खुलेगा। सरकार ने प्रदेश के सभी क्षेत्रों में औद्योगिक विकास के संतुलन के लिये गत एक वर्ष में प्रदेश में संभाग स्तर पर रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव के सफल आयोजन किए हैं। माह फरवरी, 2025 की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 89 एमओयू हस्ताक्षरित हुए तथा रुपए 26 लाख 61 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं,

**डिजिटल यूनिवर्सिटी और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय खुलेगा**

**निवेश प्रस्तावों के फॉलो-अप के लिए भी विस्तृत कार्ययोजना**

### 1 लाख किलोमीटर सड़कें व 500 रेलवे ओवर ब्रिज बनेंगे

वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि अगले 5 वर्ष में प्रदेश में 1 लाख किलोमीटर सड़क बनाने का लक्ष्य है। 500 रेलवे ओवर ब्रिज और फ्लाईओवर भी बनाए जाएंगे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में नई योजना 'क्षतिग्रस्त पुलों का पुनर्निर्माण' शुरू की जा रही है। इसके लिए 100 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। ऐसे गांव, जो मुख्य सड़क से दूर हैं या वहां तक सड़क उपलब्ध नहीं हैं, वहां 'मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना' प्रारंभ की जा रही है। इसके लिए 100 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान रखा गया है। इस वर्ष 3500 किलोमीटर नई सड़क और 70 पुल बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

### उज्जैन-जावरा 4-लेन का होगा निर्माण, मुंबई कॉरिडोर से जुड़ेगी

वित्त मंत्री ने कहा कि रोड नेटवर्क, एक्सप्रेस-वे, मेट्रो, एलिवेटेड कॉरिडोर जैसी अनेक परियोजनाओं के साथ प्रदेश अधोसंरचना विकास में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भोपाल, देवास, ग्वालियर, जबलपुर, सतना एवं इंदौर में एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण कार्य प्रगतिरत हैं। उज्जैन-जावरा 4-लेन के निर्माण से उज्जैन, इंदौर एवं आसपास के क्षेत्र, मुंबई-दिल्ली 8-लेन कॉरिडोर से जुड़ जाएंगे। 1 हजार 692 करोड़ की अनुमानित लागत के उज्जैन-इंदौर 6-लेन मार्ग का भूमि पूजन हो चुका है।



### सड़क निर्माण में नवीन तकनीक

प्रदेश में सड़क निर्माण में नवीन तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से फुल डेप्थ रिक्लेमेशन पद्धति द्वारा ग्वालियर, गुना, दतिया जिलों में सड़कों का निर्माण प्राथमिक तौर पर प्रारंभ किया गया है। जेट पैचर, वेगासिटी पैचर, इंफ्रारेड, माइक्रोसरफेसिंग पद्धति से सड़कों की मरम्मत, लाइट-टॉपिंग तकनीक से सीमेंट कांक्रीट सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। एक नवीन योजना 'निजी निवेश से संपत्ति का निर्माण' प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है।



### 10 हजार स्टार्टअप स्थापित होंगे

सरकार टियर-2 शहरों में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) को प्रोत्साहित कर रही है। एनिमेशन, विजुअल इफैक्ट, कॉमिक्स, सेमी कंडक्टर निर्माण इकाईयों तथा ड्रोन प्रौद्योगिकी के विस्तार के लिए नवीन नीतियां तैयार की गई हैं। 'मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना' के अंतर्गत इस वर्ष 5 हजार 675 लाभार्थियों को लगभग रुपए 378 करोड़ का ऋण प्रदान किया गया। सरकार ने स्टार्टअप नीति 2025 लागू की है, जिसके अंतर्गत 10 हजार स्टार्टअप स्थापित होने की संभावना है।

# रीजनल कनेक्टिविटी योजना से हवाई सफर आसान होगा

**शिवपुरी विमानतल के रूप में विकसित होगा**



प्रदेश में वायु सेवा के माध्यम से यात्रा सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे मप्र के शहरों और देश के महत्वपूर्ण शहरों के मध्य आवागमन शीघ्र तथा सुगम होगा। रीजनल कनेक्टिविटी योजना उड़ान के अंतर्गत छिंदवाड़ा, नीमच, शहडोल, शिवपुरी, खंडवा, मंडला, झाबुआ एवं उज्जैन हवाई पट्टियों का विकास हो रहा है। दतिया हवाई पट्टी को विमानतल के रूप में विकसित किया गया है। शिवपुरी हवाई पट्टी को विमानतल के रूप में विकसित किया जाएगा। रीवा विमानतल, प्रदेश का छठवां वाणिज्यिक विमानतल बनाया गया है। ग्वालियर विमानतल को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप दिया जा चुका है। उज्जैन हवाई पट्टी को हवाई कनेक्टिविटी के रूप में विस्तारित किया जाएगा।

**युवाओं के लिए कई योजनाएं**

मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना के अंतर्गत 500 करोड़, एडीबी परियोजना (कौशल विकास) के अंतर्गत 270 करोड़, स्वशासी तकनीकी संस्थाओं को सहायता के अंतर्गत 247 करोड़, पोलीटेक्निक संस्थाएं के अंतर्गत 232 करोड़, मुख्यमंत्री कौशल अप्रेंटिसशिप योजना के अंतर्गत 150 करोड़, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत 87 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

# 22 नए आईटीआई खोले जाएंगे

**प्रत्येक संभाग में मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी संस्थान खोले जाने का लक्ष्य**



जगदीश देवड़ा ने बताया कि आईआईटी इंदौर, आईआईटी जोधपुर एवं आईआईटी दिल्ली के साथ किए गए एमओयू के माध्यम से इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों हेतु प्रयोगशालाओं की विजिट, लर्निंग रिसोर्स सेंटर्स के उपयोग, निःशुल्क इंटर्नशिप तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों के क्षेत्र में ज्ञानार्जन के अवसर उपलब्ध हुए हैं। आईआईटी इंदौर के सहयोग से उज्जैन में डीप-टेक रिसर्च एंड डिस्कवरी कैम्पस स्थापित किया जा रहा है। आगामी पाँच वर्षों में प्रदेश के प्रत्येक संभाग में आईआईटी के स्वरूप की मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी संस्थान खोले जाने का लक्ष्य है। इसके अतिरिक्त प्रदेश में डिजिटल यूनिवर्सिटी तथा राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के परिसर की स्थापना का भी हमारा लक्ष्य है। इस वर्ष आईटीआई विहीन 22 विकासखंडों में नवीन आईटीआई प्रारंभ करने की स्वीकृति दी गई है, जिससे प्रदेश में आईटीआई की संख्या बढ़कर 958 तथा प्रशिक्षण क्षमता कुल 1 लाख 21 हजार सीटों की हो गई है। विभिन्न आईटीआई में जनजातीय एवं परंपरागत कौशल, एक जिला एक उत्पाद से संबंधित पाठ्यक्रम तथा वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं। शासकीय आईटीआई देवास, छिंदवाड़ा एवं धार में ग्रीन स्किलिंग से संबंधित पाठ्यक्रम, जैसे सोलर टेक्नीशियन एवं इलेक्ट्रिक व्हीकल मैकेनिक, प्रारंभ किए गए हैं।

# हर विधानसभा क्षेत्र में बनेंगे सर्व-सुविधायुक्त स्टेडियम

वित्त मंत्री ने कहा कि 'खेलो इंडिया योजना' के तहत, उभरती प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर 'खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर' स्थापित किए गए हैं। वर्तमान में प्रदेश में 11 खेल अकादमियों में 18 खेलों की अंतरराष्ट्रीय स्तर की अधोसरंचना, उपकरण व प्रशिक्षण की सुविधायें उपलब्ध हैं। वर्तमान में 18 अंतरराष्ट्रीय हॉकी टर्फ, 7 सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक एवं 114 खेल स्टेडियम के अतिरिक्त 09 अंतरराष्ट्रीय हॉकी टर्फ, 05 सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक तथा 56 खेल स्टेडियम शीघ्र ही उपलब्ध होंगे। खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'सीएम युवा-शक्ति' योजना के अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों में कम से कम एक सर्वसुलभ एवं सर्वसुविधा संपन्न स्टेडियम सुनिश्चित किया जाएगा। इस योजना हेतु रुपए 25 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है। नवीन योजना 'परंपरागत खेलों को प्रोत्साहन' अंतर्गत प्रदेश के परम्परागत खेल यथा कबड्डी, खो-खो, गिल्ली-डंडा, शतरंज, कुश्ती, तीरंदाजी, गदा, पिट्ठु, कंचे आदि की प्रतियोगिताओं का आयोजन समस्त विकासखंडों में भारत सरकार एवं एनआईएस पटियाला के तत्वाधान में किया जावेगा।



## 'क्षतिग्रस्त पुलों का पुनर्निर्माण योजना' के लिए 100 करोड़

'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' अंतर्गत वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 1 हजार किलोमीटर सड़कों के निर्माण एवं लगभग 5 हजार 200 किलोमीटर सड़कों के नवीनीकरण का लक्ष्य पूर्ण होगा। 'मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना' के अंतर्गत अब तक 8 हजार 631 ग्रामों को, 19 हजार 472 किलोमीटर लंबाई की सड़कें निर्मित कर, बारहमासी मार्ग से जोड़ा जा चुका है। कुछ मार्गों के क्षतिग्रस्त हो जाने अथवा वर्षाकाल में जलमग्न हो जाने से बारहमासी सड़क संपर्क प्रभावित होता है, अतः एक नवीन योजना 'क्षतिग्रस्त पुलों का पुनर्निर्माण योजना' प्रारंभ की जा रही है। इस योजना के लिए वर्ष 2025-26 में 100 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है। सड़कों एवं पुलों के निर्माण एवं संधारण के लिए 16 हज़ार 436 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है।



**सड़कों एवं पुलों के निर्माण एवं संधारण के लिए 16 हजार 436 करोड़ का प्रावधान**

## 4 हजार 251 करोड़ के रेलवे ओवर ब्रिज बन रहे

नागरिक सुविधाओं एवं औद्योगीकरण में वृद्धि के दृष्टिगत वित्त वर्ष 2024-25 में 3 हजार 750 किलोमीटर सड़क निर्माण तथा उन्नयन, 850 किलोमीटर सड़क नवीनीकरण एवं 42 पुलों तथा रेल्वे ओवर ब्रिज के निर्माण पूर्ण किए गए हैं। रेल्वे क्रॉसिंग पर यातायात बाधित होने से समय एवं ईंधन के अपव्यय को रोकने हेतु रेल्वे ओवर ब्रिज (आरओबी) एवं रेल्वे अंडर ब्रिज (आरयूबी) के निर्माण कार्य रेल्वे से समन्वय कर प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं। प्रदेश में 4 हजार 251 करोड़ लागत के कुल 116 नवीन रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। प्रदेश में आगामी 5 वर्षों में एक लाख किलोमीटर सड़क बनाई जाने का लक्ष्य है। इसी तरह प्रदेश में आगामी 5 वर्षों में 500 रेल ओवर ब्रिज एवं फ्लाईओवर निर्मित किए जाएंगे।



**वित्त वर्ष 2024-25 में 42 पुलों तथा रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण पूर्ण किए गए हैं**

### पीएम ऊषा के तहत 565 करोड़ दिए

## बायोटेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संकाय शुरू किए गए

प्रदेश में 'स्वामी विवेकानंद युवा-शक्ति मिशन' प्रारंभ किया गया है, जिसके माध्यम से प्रदेश के युवाओं की विशिष्ट क्षमताओं का संवर्धन तथा दक्षता उन्नयन किया जाएगा। प्रदेश में शासकीय व निजी क्षेत्र में 73 विश्वविद्यालय एवं लगभग 1 हजार 400 महाविद्यालय हैं। 'प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस' के तहत प्रत्येक ज़िले में एक महाविद्यालय को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। इन कॉलेजों में बहुसंकायी पाठ्यक्रमों और नवीनतम विषयों जैसे बायोटेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शुरूआत को प्रदर्शित करती है। राज्य में उच्च शिक्षा का दायरा बढ़ाने के लिए खरगोन, गुना और सागर में तीन नए शासकीय विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई है। भवन विहीन महाविद्यालयों के लिए 133 नए भवनों के निर्माण तथा 192 महाविद्यालय भवनों के सुदृढ़ीकरण के कार्य भी प्रचलित हैं। पीएम ऊषा परियोजना के अंतर्गत इस वर्ष प्रदेश के 8 विश्वविद्यालयों तथा 27 महाविद्यालयों में अधोसंरचना विकास, शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान तथा महिलाओं के समानता और समावेशन को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न घटकों के अंतर्गत कुल राशि रुपए 565 करोड़ के कार्य किए जा रहे हैं।




# बजट पर इनका नजरिया

## युवाओं-महिलाओं के लिए उत्साहजनक बजट



**अरुणा सिंह**
को-फाउंडर
एन्साज क्रिएशन

इस बार सरकार का बजट युवा और महिलाओं पर केंद्रित रहा है। शिक्षा और रोजगार पर विशेष ध्यान दिया गया है। बजट में कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया और न ही पुराने टैक्स में कोई वृद्धि की गई, जिससे आम नागरिकों को राहत मिलेगी। शिक्षा के क्षेत्र में किए गए प्रावधान बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की पढ़ाई को 73 विश्वविद्यालयों में शामिल करना एक दूरदर्शी कदम है, जो युवाओं को भविष्य की तकनीकों के लिए तैयार करेगा। सरकार लगातार स्टार्टअप्स और युवाओं को अपने आइडिया पर काम करने के लिए प्रेरित कर रही है। मैंने अपनी कंपनी की शुरुआत 10 लाख रुपए से की थी और आज हमारा वार्षिक टर्नओवर 50 लाख रुपए है। एन्साज क्रिएशन एजुकेशनल टॉयज का निर्माण करता है, जिससे बच्चे खेल-खेल में सीख सकें, उनका मानसिक विकास हो और वे नई स्किल्स हासिल कर सकें। हम लगातार नए इनोवेटिव प्रोडक्ट्स पर काम कर रहे हैं, जो बच्चों के लिए बेहद उपयोगी साबित होंगे। साथ ही, स्कूलों तक इन उत्पादों को पहुंचाने के लिए भी प्रयासरत हैं। अब तक 50 से अधिक प्रमुख संस्थानों के साथ मिलकर काम कर चुके हैं। सरकार से हमें इन्क्यूबेशन स्पेस और अन्य सहयोग भी मिला है, जिससे हमें आगे बढ़ने में मदद मिल रही है। यह बजट निश्चित रूप से युवाओं, स्टार्टअप्स और शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति लाने का कार्य करेगा।

## सरकार के बजट में सभी वर्गों का ध्यान



**कार्तिक साहू**
फाउंडर एवं डायरेक्टर
रेंटोजो डॉट कॉम

मैंने रेंटोजो डॉट कॉम की शुरूआत सोशल मीडिया के माध्यम से की थी और आज कंपनी का सालाना टर्नओवर करीब 35 से 40 लाख रूपए है। कंपनी रेंटल प्रापर्टी पर काम करती है। हमें सरकार की ओर से ऑफिस और सलाहकारों की बेहतर व्यवस्था की गई है। सरकार की ओर से विभिन्न योजनाओं के साथ ही युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए बेहतर निर्णय किए जा रहे हैं। राज्य सरकार का बजट सभी वर्गों-युवा, महिला, उद्यमी, किसान और गरीब-को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। खास बात यह है कि इस बजट में कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया और न ही पुराने टैक्स में कोई बढ़ोतरी की गई। इसका मतलब है कि आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा। लेकिन साथ ही, किसी भी वस्तु या सेवा पर छूट की घोषणा भी नहीं हुई, जिससे कीमतों में कमी की उम्मीद भी नहीं है। शिक्षा में एआई की पढ़ाई शुरू करना और 73 विश्वविद्यालयों को इसमें शामिल करना एक दूरदर्शी कदम है। यह युवाओं को भविष्य की तकनीक के लिए तैयार कर सकता है। साथ ही, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 20 करोड़ 52 लाख रुपए और जनजातीय बच्चों के लिए सीएम राइज स्कूलों में 1017 करोड़ रुपए का प्रावधान स्वागत योग्य है।

एक हजार वर्ष पुराने सोमनाथ मंदिर के खंडित शिवलिंग लेकर सीएम के पास पहुंचे श्रीश्री रविशंकर, अन्य मुद्दों पर भी हुई चर्चा

# सीएम साय और श्रीश्री रविशंकर के बीच सौजन्य भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सीएम हाउस में आध्यात्मिक गुरु और द आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर ने सौजन्य मुलाकात की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए श्रीश्री रविशंकर का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ की



आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीकस्वरूप, जशपुर जिले में स्थित विश्व के सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग-मधेश्वर पहाड़ का छायाचित्र एवं बस्तर आर्ट शैली में निर्मित नंदी की प्रतिकृति भेंट कर श्री श्री रविशंकर का अभिनंदन किया। श्री श्री रविशंकर ने मुख्यमंत्री साय को अवगत कराया कि इस बार वे अपने साथ एक हजार वर्ष पुराने सोमनाथ मंदिर के खंडित शिवलिंग के अवशेष लेकर आए हैं। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक शिवलिंग के अवशेष को सदियों से एक अग्निहोत्री परिवार द्वारा सुरक्षित रखा गया था। अब वे इसे पूरे देश में दर्शनार्थ श्रद्धालुओं तक पहुंचाने का पावन कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सहित उपस्थित गणमान्य लोगों ने खंडित शिवलिंग के दर्शन किए और आस्था प्रकट की। पूर्व में केबिनेट में लिए गए निर्णय अनुरूप सीएम साय और श्री श्री रविशंकर के मध्य छत्तीसगढ़ सरकार एवं व्यक्ति विकास केंद्र इंडिया (द आर्ट ऑफ लिविंग) के बीच हुए एमओयू को लेकर भी चर्चा हुई। एमओयू का उद्देश्य आजीविका सृजन और ग्रामीण छत्तीसगढ़ के समग्र कल्याण सहित ग्रामीण विकास के विविध पहलुओं से जुड़ा है, जिसके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर दोनों पक्षों ने विचार-विमर्श किया। श्री श्री रविशंकर ने मुख्यमंत्री साय को राजधानी रायपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित 'शंखनाद महासत्संग' कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने इस आमंत्रण के लिए श्री श्री रविशंकर जी का आभार व्यक्त किया।

---

विधानसभा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री पटेल ने दी जानकारी

# मप्र की जिला पंचायतों, जनपद पंचायतों के सीईओ की सीआर लिखेंगे अध्यक्ष

## स्पीकर तोमर ने प्रश्नकाल में एक से लेकर पांच प्रश्न तक महिला सदस्यों को दिया स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल ने सदन में कहा कि विभागीय अधिकारियों की तीन दिनी वर्कशॉप में जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सीईओ और जो नगरीय क्षेत्र के आसपास सीईओ थे, सभी से साफ कर दिया था कि जिला पंचायत अध्यक्ष को जिला पंचायत के सीईओ और जो भी अधीनस्त अधिकारी होंगे, उन सभी की सीआर लिखने का प्रावधान कर रहे हैं।

इसके तहत तीन या चार महीने में जिसमें जिपं अध्यक्ष सहमत होंगे, 10 नंबर में से दो या डेढ़ नंबर का जो सभी चाहेंगे, उसमें सीआर लिखने का प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चूंकि मंत्री को सीआर लिखना होता है, सदन के माध्यम से कहना चाहूंगा कि उसमें से अध्यक्षों के लिए सीआर लिखने का प्रावधान करूंगा।

**खास बातें**

- कांग्रेस विधायक अनुभा के शासकीय सेवकों की गोपनीय रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने के सवाल पर मंत्री ने दिया जवाब
- जल्द जारी किए जाएंगे आदेश



**जिपं अध्यक्ष का सम्मान करें अफसर**

*मंत्री पटेल विधानसभा में प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे के शासकीय सेवकों की गोपनीय रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने के एक सवाल पर जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि जल्दी ही इस संबंध में आदेश जारी किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से भी कहा कि वे अपनी इस जिम्मेदारी को समझे और जिला पंचायत अध्यक्ष का सम्मान करें। सदस्य श्रीमती मुंजारे ने कहा कि मेरे प्रश्न पर आपने संतोषजनक जवाब दिया है, पर बालाघाट में जो परिस्थितियां है, वह काफी विपरित है। आपने जो पूर्व में कहा है, उस पर निर्णय लीजिए। इस मुद्दे पर काफी देर तक सदन में बहस हुई। सदन में मंगलवार को स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने नियमों के मुताबिक महिला सदस्यों के प्रश्नों को स्थान दिया था। उन्होंने प्रश्नकाल में एक से लेकर पांच प्रश्न तक महिला सदस्यों को स्थान दिया। इसके बाद पुरूष सदस्यों के प्रश्न लिए।*

**विधानसभा की झलकियां**





---

राज्यपाल पटेल के अभिभाषण पर कांग्रेस की आलोचना का जवाब

# राजनीतिक रोटी सेंकना कांग्रेस की आदत हो गई हैः मंत्री सारंग

चुनौती दी: कांग्रेस का कोई भी विधायक यह साबित करे कि उसने पूरा अभिभाषण सुना या पढ़ा



राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण पर कांग्रेस ने आलोचना की। मंत्री विश्वास सारंग ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता अपनी कुर्सी बचाने के लिए कुछ भी बोलने को मजबूर हैं। सारंग ने विपक्ष को खुली चुनौती देते हुए कहा कि कांग्रेस का कोई भी विधायक यह साबित करे कि उसने पूरा अभिभाषण सुना या पढ़ा है। अभिभाषण आने के पहले ही उस पर अपनी टिप्पणी करके राजनीतिक रोटी सेंकना यह कांग्रेस की आदत हो गई है। हमारी सरकार संवेदनशीलता, आर्थिक अनुशासन और प्रगति के मूल मंत्र पर काम कर रही है। डबल इंजन की सरकार की परिभाषा को पूरी तरह प्रतिपादित करते हुए प्रदेश को विकास के नए आयाम और ज्ञान के माध्यम से हर वर्ग का कल्याण यह हमारी प्राथमिकता है।

---

मंत्री पर विधानसभा में गलत जानकारी देने के लगाए आरोप

# 'सीखो-कमाओ' योजना प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के साथ धोखाः विधायक जयवर्धन

विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने उच्च शिक्षा एवं कौशल विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को सदन में उठाया।



जयवर्धन ने उच्च शिक्षा मंत्री से यूजीसी के एक पत्र की जानकारी मांगी थी, जिस पर मंत्री ने लिखित उत्तर में बताया कि ऐसा कोई पत्र यूजीसी से प्राप्त नहीं हुआ है, लेकिन वास्तविकता यह है कि शिकायतकर्ता को उक्त पत्र की प्रति 3 जनवरी 2025 को ही प्राप्त हो चुकी थी। इस पर जयवर्धन सिंह ने सरकार पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए इसे सदन की अवमानना बताया और कहा कि वे विधानसभा में गलत जानकारी देने वाले अधिकारियों पर संसदीय परंपराओं के अनुरूप कार्रवाई की मांग करेंगे। जयवर्धन ने कौशल विकास विभाग की 'सीखो-कमाओ' योजना की असलियत भी सदन में उजागर की। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस योजना के लिए 1000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था, लेकिन मात्र 37.64 करोड़ रुपए ही आवंटित किए गए। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 में 301 करोड़ रुपए के प्रावधान के बावजूद केवल 47.02 करोड़ रुपए ही आवंटित किए गए, जिसमें फरवरी 2025 तक केवल 29.30 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। योजना के नाम पर केवल 23 हजार युवाओं को ही प्रशिक्षण दिया गया है, जिससे साफ होता है कि सरकार युवाओं को रोजगार देने के बजाय उन्हें भ्रमित कर रही है। यह योजना केवल दिखावा बनकर रह गई है।

**हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना**

*विधानसभा में जयवर्धन सिंह ने शासकीय विधि विश्वविद्यालय राजगढ़ से जुड़ा एक गंभीर मामला भी उठाया। उन्होंने बताया कि एक सेवानिवृत्त महिला कर्मचारी से सेवानिवृत्ति के बाद विभाग ने पहले किया गया भुगतान जबरन वसूल लिया था। इस संबंध में हाईकोर्ट ने विभाग को राशि ब्याज सहित लौटाने का आदेश दिया था, लेकिन आदेश का पालन नहीं हुआ। उच्च शिक्षा विभाग ने हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना की है।*

---

प्रमुख सचिवों की गैरमौजूदगी पर नेता प्रतिपक्ष ने उठाए सवाल

# कांग्रेस ने सदन से वाक आउट किया सदन से बाहर आकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा में बजट सत्र का दूसरा दिन हंगामेदार रहा। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विभागों के प्रमुख सचिवों की गैरमौजूदगी पर सवाल उठाया। सभापति अजय बिश्नोई ने इस पर कहा कि सदन में पूरी जवाबदारी मंत्रियों की होती है और वे मौजूद हैं। उनके जवाब से अंसुष्ट होकर कांग्रेस ने सदन से वाक आउट कर दिया। सदन से बाहर आकर नारेबाजी की।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सदन में विभागों के प्रमुख सचिवों की गैरमौजदूगी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यह कितनी लापरवाही की बात है कि राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा चल रही है, लेकिन किसी भी विभाग का प्रमुख सचिव मौजूद नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार भी इसको लेकर गंभीर नहीं है।



**सिंचाई के लिए पानी न मिलने का मुद्दा गूंजा**

*विधानसभा सत्र में विधायक रजनीश सिंह ने केवलरी में सिंचाई के लिए पानी नहीं दिए जाने का सवाल उठाया। सिंह ने सिवनी जिले के भीमगढ़ जलाशय से सिंचाई के लिए पानी न मिलने के कारण फसल खराब होने का मुद्दा ध्यानाकर्षण के जरिए उठाया। उन्होंने कहा कि किसानों को यहां पानी नहीं मिलने से सिंचाई प्रभावित हो रही है। सरकार को ध्यान देना चाहिए।*

---

सीआरपीएफ और कोबरा का संयुक्त प्रयास

# सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता पांच नक्सलियों की हुई गिरफ्तारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

सुरक्षाबलों की संयुक्त पार्टी ने मारुड़बाका के जंगलों से एक लाख के इनामी सहित पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सीआरपीएफ और कोबरा की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान पर नेला कांकेर, मारुड़बाका व कमलापुर की ओर निकली थी।

अभियान के दौरान मारुड़बाका के जंगल से पांच संदिग्धों को प्रतिबंधित माओवादी संगठन की प्रचार सामग्री के साथ पकड़ा गया। पूछताछ पर अपना नाम एक लाख का इनामी मारुड़बाका डीएकेएमएस अध्यक्ष, नारायण भंडारी, डीएकेएमएस सदस्य धरमा काका, डीएकेएमएस सदस्य नीला काका, डीएकेएमएस सदस्य किस्टा ध्रुवा और आरपीसी मिलिशिया सदस्य रामबाबू पुनेम बताया। पकड़े गए नक्सलियों के कब्जे से तलाशी के दौरान नक्सली सामान बरामद किया गया है। सभी नक्सलियों को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय बीजापुर में पेश किया गया है।

**बजट सत्र**

वर्ष 2022 में 8 बैठकें संपन्न हुई, जिसमें 21 घंटे 52 मिनट सत्र चला। बजट सत्र वर्ष 2024 में 5 बैठकें संपन्न हुई, जिसमें 28 घंटे 03 मिनट सत्र चला।

---

जामवाल ने कहा, सार्वजनिक जीवन में हमेशा शुचिता का पालन करने से लंबे समय तक जनता के बीच रह सकेंगे

# सभी विधायकों को कुछ न कुछ इनोवेटिव करना चाहिए इससे आम लोगों से जुड़ने में मदद मिलती हैः मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सभी विधायकों को कुछ न कुछ इनोवेटिव करना चाहिए। सार्वजनिक जीवन में भी इसका खासा महत्व है, इससे आम लोगों से जुड़ने में मदद मिलती है।

उन्होंने कहा कि सभी विधायकों के लिए एक वीसी रूम तैयार करवा रहे हैं, ताकि समय समय पर सभी से सार्थक चर्चा हो सके। उन्होंने विजन डॉक्यूमेंट के बारे में भी विधायकों से जानकारी ली।




**जीवन में भ्रष्टाचार जैसी शिकायत नहीं होना चाहिए**

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल ने विधायकों से कहा कि उनके जीवन में भ्रष्टाचार जैसी शिकायत नहीं होनी चाहिए। सार्वजनिक जीवन में हमेशा शुचिता का पालन करने से लंबे समय तक आप जनता के बीच रह सकेंगे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार जैसी शिकायतों से बचना चाहिए। इस पर सभी को विचार करना चाहिए।

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ. सिंह, हितानंद ने दिए टिप्स**

*विधायक दल की बैठक मुख्यमंत्री निवास में आयोजित हुई। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधायकों को कई तरह के टिप्स दिए। एक विधायक ने मुख्यमंत्री से कि बैंकों से मिलने वाली पेंशन व अन्य स्कीमों से विधायकों को जुड़ना चाहिए। मसलन 20 रुपए की राशि देकर बैंक बीमा करते हैं। इस राशि को विधायक चाहे तो अपने क्षेत्र के लोगों के लिए खुद खर्च वहन कर सकते हैं। इसके साथ ही कुछ विधायकों ने और भी कई तरह से अपने आइडिया के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने संबोधित किया। वरिष्ठ नेतृत्व ने बैठक का शुभारंभ पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। बैठक का संचालन विधानसभा के मुख्य सचेतक एवं प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने किया। इस अवसर पर प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री, मंत्री एवं विधायकगण उपस्थित रहे।*

---

सीएम की पत्नी कौशल्या देवी का जन्मदिन एवं होली मिलन मनाया

# होली के रंगों की तरह हम सभी के जीवन में भी स्नेह, सौहार्द्र और समर्पण का रंग बिखरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय के जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री निवास में विशेष जन्मोत्सव और होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जन्मदिवस के अवसर पर कौशल्या देवी साय को बधाई दी गई। इसके साथ ही होली की उमंग में रंगों और फूलों के संग उल्लासपूर्वक उत्सव मनाया गया। इस भव्य आयोजन में शामिल सभी बहनों ने प्रेम, सौहार्द्र, स्नेह के रंगों से होली खेली और कौशल्या देवी साय को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

कौशल्या देवी साय ने कहा कि, होली के रंगों की तरह हम सभी के जीवन में भी स्नेह, सौहार्द्र और समर्पण का रंग बिखरा रहे। यही हमारी संस्कृति का संदेश है। प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा शालिनी राजपूत के नेतृत्व में महिला मोर्चा की बहनों ने मुख्यमंत्री निवास में पारंपरिक तरीके से फूलों की होली खेली। महिला मोर्चा की सदस्यों ने भजन-कीर्तन और नृत्य के माध्यम से पूरे वातावरण को बरसाना की भव्यता प्रदान कर दी। समारोह के दौरान महिलाओं ने अपनी संस्कृति और परंपराओं को संजोते हुए संगीत, भक्ति और उत्साह के संग जन्मोत्सव और होली का उत्सव मनाया। इस



उल्लासमय अवसर पर प्रदेश की कई प्रमुख महिला नेत्रियां उपस्थित रही हैं। जिनमें प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा शालिनी राजपूत, प्रदेश उपाध्यक्ष ममता साहू, सुषमा खलखो, शीतल नायक, रायपुर नगर निगम महापौर मीनल चौबे, बिलासपुर महापौर पूजा विधानी, प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी, माया बेलचंदन, वरिष्ठ नेत्रियाँ विभा राव, सरला केसरिया, किरण मरकाम, प्रदेश सहकोषाध्यक्ष संध्या तिवारी, प्रदेश कार्यालय मंत्री मिनी पांडे, मीडिया प्रभारी किरण बघेल, मीडिया सह प्रभारी आयुषी पांडे, शीलू साहू, निशा चौबे, सोशल मीडिया प्रभारी कृतिका जैन, प्रदेश और जिला स्तर की महिला पदाधिकारी उपस्थित थी।

---

पांच साल तक किया शोषण, पुणे से पुलिस टीम ने पकड़ा

# शादी का झांसा देने वाला रेप का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर

थाना बलरामपुर की रहने वाली पीड़िता ने आरोपी आनंद विश्वकर्मा पिता उदय विश्वकर्मा निवासी ग्राम धनोरा थाना बलरामपुर के द्वारा वर्ष 2018 से लेकर 2023 तक उसके साथ शादी का प्रलोभन देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार करने का आरोप लगाया। पीड़िता के अनुसार बाद में शादी करने से इनकार कर दिया और अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की।



पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना बलरामपुर में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जांच कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना पर पीड़िता को अनुसूचित जनजाति की सदस्य होना पाये जाने पर पृथक से एससी, एसटी संबंधी एक्ट जोड़ा गया। भनक लगते ही आरोपी फरार हो गया था जिसकी लगातार तलाश के बाद भी कोई पता नहीं चलने व प्रकरण की विवेचना पूर्ण हो जाने पर आरोपी आनंद विश्वकर्मा के विरुद्ध फरारी में अभियोग पत्र तैयार कर विशेष न्यायालय रामानुजगंज में प्रस्तुत किया गया था।

**साइबर सेल की मदद से मिली सफलता**

न्यायालय द्वारा फरार आरोपी के विरुद्ध स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। आरोपी आनंद विश्वकर्मा का थाना बलरामपुर पुलिस द्वारा लगातार खोज की जा रही थी। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय बलरामपुर के द्वारा आरोपी गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी बलरामपुर को विशेष टीम तैयार कर आरोपी के संभावित ठिकाने पर भेजकर गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया गया था जिसके परिपालन में विश्वदीपक त्रिपाठी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के मार्गदर्शन एवं याकुब मेमन पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बलरामपुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बलरामपुर द्वारा सहायक उप निरीक्षक संजय राम थाना बलरामपुर के नेतृत्व में विशेष टीम तैयार कर आरोपी के संभावित ठिकाने पुणे महाराष्ट्र रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा पुणे में लगभग 05 दिन गोपनीय रूप से रुककर फरार आरोपी के ठिकाने का तलाश कर रही थी जो साइबर सेल से प्राप्त तकनीकी जानकारी की मदद से आरोपी आनंद विश्वकर्मा पिता उदय विश्वकर्मा उम्र 28 वर्ष को पुणे महाराष्ट्र स्थित सॉफ्टवेयर कंपनी वेस्टिन से गिरफ्तार कर थाना बलरामपुर लाया गया।

**न्यायालय द्वारा फरार आरोपी के विरुद्ध स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था**

## खबर संक्षेप

### ईंधन क्षमता 600 गीगावाट करने की जरूरत : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** देश में बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने के लिए 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन यानी स्वच्छ ईंधन आधारित क्षमता को 600 गीगावाट तक बढ़ाने की जरूरत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसमें 377 गीगावाट सौर ऊर्जा, 148 गीगावाट पवन ऊर्जा, 62 गीगावाट जलविद्युत और 20 गीगावाट परमाणु ऊर्जा शामिल होगी।

### वर्ष 2024-25 के लिए देश का चीनी उत्पादन 19% घटेगा



**नई दिल्ली।** भारत का चीनी उत्पादन सितंबर को समाप्त होने वाले 2024-25 सत्र में 19 प्रतिशत घटकर 2.58 करोड़ टन रहने का अनुमान है। यह पिछले सत्र के 3.19 करोड़ टन के उत्पादन से कम है। नवीनतम अनुमान एआईएसटीए के दो करोड़ 65.2 लाख टन के पहले के उत्पादन अनुमान की तुलना में 7.2 लाख टन कम है।

### रुपया दो पैसे बढ़कर 87.19 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** शुल्क अनिश्चितताओं और अमेरिकी डॉलर सूचकांक में कुछ सुधार के कारण अस्थिर वैश्विक धारणा के बीच बुधवार को रुपया दो पैसे की बढ़त के साथ 87.19 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने भी रुपये को प्रभावित किया और घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली दबाव और विदेशी कोषों की निकासी ने इसकी बढ़त को सीमित कर दिया।

### कपास उत्पादन का अनुमान घटाकर किया 295 लाख गांठ



**मुंबई।** भारतीय कपास संघ (सीएआई) ने कम उपज की वजह से 2024-25 सत्र के लिए अपने कुल उत्पादन अनुमान को घटाकर 295.30 लाख गांठ कर दिया है। वर्ष 2023-24 के पूर्ववर्ती मौसम के दौरान, कपास का उत्पादन 327.45 लाख गांठ का हुआ था। फरवरी-अंत 2025 तक कुल कपास की आपूर्ति 275.76 लाख गांठ रहने का अनुमान है।

### भर्ती परिदृश्य अप्रैल-जून के लिए 43 फीसदी बढ़ा

**मुंबई।** भारतीय नियोक्ताओं ने इस कैलेंडर वर्ष की दूसरी तिमाही में वैश्विक स्तर पर नई भर्तियां करने का मजबूत इरादा जताया है जिससे शुद्ध रोजगार परिदृश्य (एनईओ) 43 प्रतिशत रहा। एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। मैनपावरग्रुप के नवीनतम रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण के मुताबिक, भारत वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही (अप्रैल-जून) के लिए वैश्विक शुद्ध रोजगार परिदृश्य (43 प्रतिशत) में अग्रणी बना हुआ है। यह वैश्विक औसत से 18 अंक अधिक है।

# इक्विटी एमएफ में निवेश 26 फीसदी घटा, एसआईपी 3 माह के निचले स्तर पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

■ योजनाओं में प्रवाह घटकर 29,303 करोड़ रुपए रह गया

शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच स्मॉलकैप एवं मिडकैप योजनाओं में निवेश घटने से फरवरी के दौरान म्यूचुअल फंड योजनाओं में प्रवाह 26 प्रतिशत गिरकर 29,303 करोड़ रुपये रह गया। उद्योग निकाय एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने बुधवार को यह जानकारी दी। इक्विटी फंड के निवेश में गिरावट का यह लगातार दूसरा महीना है। हालांकि, लगातार 47वें महीने म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध प्रवाह सकारात्मक बना रहा है। इसके साथ ही व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के तौर पर फरवरी में 25,999 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो तीन महीने का निचला स्तर है।

## एसआईपी तीन महीने के निचले स्तर पर

### एसआईपी प्रवाह 26, 459 रहा

इससे पहले जनवरी में एसआईपी प्रवाह 26,400 करोड़ रुपये और दिसंबर में 26,459 करोड़ रुपये रहा था। मिराए एसेट इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स (इंडिया) में वितरण और रणनीतिक गठबंधन प्रमुख सुरंजना बोरठाकुर ने कहा, ''एसआईपी प्रवाह में कमी आई है लेकिन यह गिरावट महत्वपूर्ण नहीं है। इसकी वजह यह है कि फरवरी का महीना जनवरी के मुकाबले आंशिक रूप से छोटा होता है।''

*इक्विटी में प्रवाह काफी कम रहा : एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी में निवेश करने वाली म्यूचुअल फंड योजनाओं में पिछले महीने 29,303 करोड़ रुपये का प्रवाह देखा गया, जो जनवरी में दर्ज 39,688 करोड़ रुपये और दिसंबर, 2024 में दर्ज 41,156 करोड़ रुपये के मुकाबले काफी कम है।*




**मिडकैप व स्मॉल कैप में रही गिरावट :** निवेशक सतर्क लेकिन स्थिर दृष्टिकोण अपना रहे हैं और अपने पोर्टफोलियो का पुनर्मूल्यांकन कर रहे हैं। म्यूचुअल फंड निवेश में तीव्र गिरावट की मुख्य वजह मिडकैप और स्मॉल-कैप कोष में होने वाले निवेश में आई कटौती रही।

### निवेश की गति धीमी रही

बाजार की अनिश्चितता बढ़ने और शेयर कीमतों में खासी गिरावट के कारण पिछले महीने की तुलना में निवेश की गति धीमी रही। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के वरिष्ठ विश्लेषक नेहल मेश्राम ने कहा, अल्पकालिक प्रतिकूल परिस्थितियों ने निवेश प्रवाह को धीमा कर दिया है, लेकिन घरेलू निवेशकों का भरोसा मजबूत बना हुआ है।

### लार्जकैप के निवेश में रही गिरावट

लार्जकैप फंड में कुल निवेश भी हल्की गिरावट के साथ 2,866 करोड़ रुपये रहा जो जनवरी में 3,063 करोड़ रुपये था। इक्विटी श्रेणियों में क्षेत्र या विषयवस्तु आधारित फंड में सबसे अधिक 5,711 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ, जिसके बाद फ्लेक्सी कैप फंड में 5,104 करोड़ रुपये का निवेश हुआ।

### ईटीएफ में निवेश घटा

इक्विटी के अलावा गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में निवेश भी घटकर 1,980 करोड़ रुपये रहा जबकि जनवरी में यह 3,751 करोड़ रुपये था। बॉन्ड-आधारित डेट फंड में फरवरी के दौरान 6,525 करोड़ रुपये की निकासी दर्ज की गई जबकि जनवरी में इसमें 1.28 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया था।

## खुदरा महंगाई फरवरी में घटकर 3.61 प्रतिशत पर

# होली से पहले मिली खुशखबरी, महंगाई सात महीने के निचले स्तर पर पहुंची

■ सब्जियों, अंडे एवं प्रोटीनयुक्त उत्पाद हुए सस्ते

■ जनवरी माह में खुदरा महंगाई 4.26 फीसदी पर रही

■ जुलाई, 2024 के बाद सालाना आधार पर सबसे कम मुद्रास्फीति

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सब्जियों, अंडे एवं अन्य प्रोटीन-युक्त उत्पादों की कीमतों में नरमी आने से फरवरी महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर सात महीने के निचले स्तर 3.61 प्रतिशत पर आ गई। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी माह में 4.26 प्रतिशत और फरवरी, 2024 में 5.09 प्रतिशत रही थी। खुदरा मुद्रास्फीति का पिछला निचला स्तर जुलाई, 2024 में देखा गया था।

### ब्याज दर में और कटौती की गंजाइश

नवंबर, 2024 से ही उपभोक्ता मूल्य सूचकांक भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सुविधाजनक दायरे में बना हुआ है। इससे आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की अगले महीने होने वाली द्विमासिक बैठक में नीतिगत ब्याज दर में एक और कटौती की गुंजाइश बनती हुई दिख रही है।

### एनएसओ ने जारी किए आंकड़े

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी करते हुए कहा, ''जनवरी की तुलना में फरवरी, 2025 की मुख्य मुद्रास्फीति में 65 आधार अंक की कमी आई है। जुलाई, 2024 के बाद यह सालाना आधार पर सबसे कम मुद्रास्फीति है। इन आंकड़ों से पता चलता है कि फरवरी महीने में सालाना आधार पर खाद्य मुद्रास्फीति 3.75 प्रतिशत रही।

### खाद्य मुद्रास्फीति में बड़ी गिरावट

एनएसओ ने कहा, ''जनवरी के मुकाबले फरवरी में खाद्य मुद्रास्फीति में 2.22 प्रतिशत की बड़ी गिरावट देखी गई है। फरवरी की खाद्य मुद्रास्फीति मई, 2023 के बाद सबसे कम है। फरवरी के दौरान मुख्य मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट मुख्य रूप से सब्जियों, अंडे, मांस और मछली, दालों और उत्पादों, और दूध और उत्पादों की मुद्रास्फीति में गिरावट के कारण हुई है।

### सबसे कम मुद्रास्फीति तेलंगाना की

सबसे कम मुद्रास्फीति तेलंगाना (1.31 प्रतिशत) और सबसे अधिक केरल (7.31 प्रतिशत) में रही। आरबीआई ने मुद्रास्फीति के मोर्चे पर चिंताएं कम करने के लिए फरवरी में नीतिगत ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने का फैसला किया था।



*शहरी मुद्रास्फीति घटकर 3.32 फीसदी : शहरी मुद्रास्फीति फरवरी में घटकर 3.32 प्रतिशत रही जबकि जनवरी में यह 3.87 प्रतिशत थी। खाद्य मुद्रास्फीति में भी इसी तरह की गिरावट देखी गई, जो जनवरी के 5.53 प्रतिशत से घटकर 3.20 प्रतिशत रह गई। ग्रामीण क्षेत्र में भी मुख्य और खाद्य मुद्रास्फीति में फरवरी में भारी गिरावट देखी गई जो एक महीने पहले के 4.59 प्रतिशत से घटकर 3.79 प्रतिशत रह गई।*

### सबसे कम मुद्रास्फीति वाली वस्तुएं

फरवरी में सालाना आधार पर सबसे कम मुद्रास्फीति वाली प्रमुख वस्तुएं अदरक (-35.81 प्रतिशत), जीरा (-28.77 प्रतिशत), टमाटर (-28.51 प्रतिशत), फूलगोभी (-21.19 प्रतिशत), लहसुन (-20.32 प्रतिशत) थीं। दूसरी तरफ, सबसे अधिक मुद्रास्फीति वाली वस्तुएं नारियल तेल (54.48 प्रतिशत), नारियल (41.61 प्रतिशत), सोना (35.56 प्रतिशत), चांदी (30.89 प्रतिशत) और प्याज (30.42 प्रतिशत) थीं।

### अगली समीक्षा बैठक अप्रैल में

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगली समीक्षा बैठक अप्रैल की शुरुआत में होने वाली है। सरकार ने आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत की घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत के भीतर रखने का दायित्व सौंपा हुआ है। आरबीआई अपनी मौद्रिक दरों का फैसला करते समय खुदरा मुद्रास्फीति पर विशेष ध्यान देता है।

### उम्मीद से अधिक गिरावट आई

रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि खुदरा मुद्रास्फीति में उम्मीद से अधिक गिरावट आई है और यह सात महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई है। यह एमपीसी की मध्यम-अवधि लक्ष्य सीमा के मध्य बिंदु से काफी कम है।

# अमेरिकी शराब पर भारत लगाता है 150% शुल्क

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क/वाशिंगटन



■ अमेरिका ने एक बार फिर शुल्क का मुद्दा उठाया

■ प्रेस सचिव कैरोलिन ने किया उल्लेख

अमेरिका ने एक बार फिर भारत द्वारा अपने माल पर लगाए जाने वाले शुल्क का मुद्दा उठाते हुए अपनी शराब और कृषि उत्पादों पर उच्च शुल्क का हवाला दिया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन के दौरान कनाडा पर एक सवाल का जवाब देते हुए भारत द्वारा लगाए गए उच्च शुल्क का उल्लेख किया। लीविट ने कहा, “कनाडा दशकों से अमेरिका और मेहनतकश अमेरिकियों को लूट रहा है। अगर आप कनाडा के लोगों द्वारा अमेरिकी लोगों और हमारे यहां काम करने वालों पर लगाए गए शुल्क की दरों को देखें, तो यह बहुत ही भयानक हैं। वास्तव में, मेरे पास यहां एक आसान सूची है जो न केवल कनाडा, बल्कि पूरे देश में शुल्क की दर को दर्शाता है। अगर आप कनाडा को देखें...अमेरिकी पनीर और मक्खन पर लगभग 300 प्रतिशत शुल्क लगाता है।” लीविट ने कहा, “आप भारत को देखिए, अमेरिकी शराब पर 150 प्रतिशत शुल्क है।

### ट्रंप बराबरी में विश्वास करते हैं

प्रेस सचिव ने कहा, “राष्ट्रपति (डोनाल्ड) ट्रंप बराबरी में विश्वास करते हैं, और अब समय आ गया है कि हमारे पास एक ऐसा राष्ट्रपति हो जो वास्तव में अमेरिकी व्यवसायों और श्रमिकों के हितों का ध्यान रखे, और वह दिन के अंत में केवल निष्पक्ष और संतुलित व्यापार प्रथाओं की मांग कर रहे हैं। ...और दुर्भाग्य से, कनाडा पिछले कई दशकों से हमारे साथ बिल्कुल भी निष्पक्ष व्यवहार नहीं कर रहा है।''

# लगातार चौथे दिन सेंसेक्स व निफ्टी में रही गिरावट

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को मामूली गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स लगातार चौथे कारोबारी सत्र में 73 अंक के नुकसान में रहा। अमेरिका में वृद्धि को लेकर चिंता के बीच आईटी शेयरों में भारी बिकवाली दबाव से बाजार नीचे आया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 72.56 अंक की गिरावट के साथ 74,029.76 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 504.16 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 27.40 अंक फिसलकर 22,470.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 168.35 अंक तक टूट गया था।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक व्यापार को लेकर लगातार अनिश्चितताएं और अमेरिका में मंदी की आशंका घरेलू बाजार को प्रभावित कर रहा है।



■ आईटी शेयरों में रही भारी बिकवाली

### ये शेयर रहे नुकसान में

सेंसेक्स के शेयरों में इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, नेस्ले इंडिया, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक, जोमैटो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारती एयरटेल प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

### इन शेयरों में रहा लाभ

दूसरी ओर, लाभ में रहने वाले शेयरों में इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, आईटीसी, सन फार्मा, बजाज फिनसर्व और अल्ट्राटेक सीमेंट शामिल हैं।

## चांदी में आया 1,300 रुपए का उछाल



■ फुटकर लिवाली से सोने में मामूली तेजी

■ सोना 60 रुपए बढ़कर 88,850 रुपए प्रति दस ग्राम

**नई दिल्ली।** मामूली खुदरा लिवाली के साथ-साथ आभूषणों की मांग के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतों में मामूली तेजी आई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 60 रुपये की तेजी के साथ 88,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। इसका पिछला बंद भाव 88,790 रुपये प्रति 10 ग्राम था। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 60 रुपये की तेजी के साथ 88,450 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। चांदी की कीमत 1,300 रुपये बढ़कर करीब तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर 1,00,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले बाजार बंद में यह 98,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# ओला इलेक्ट्रिक ने लागत में कटौती की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




■ लागत में 90 करोड़ रुपए प्रति माह की कटौती की

ओला इलेक्ट्रिक ने बुधवार को कहा कि उसने लागत कम करने और ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए समूची कंपनी में शुरू की गई पहल को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने बयान में कहा कि उसने कंपनी के स्तर पर नवंबर, 2024 में शुरू किए गए नेटवर्क कायांतरण और लागत कटौती कार्यक्रम को सफलतापूर्वक लागू कर लिया है। इस पहल ने कंपनी की लागत में प्रति माह 90 करोड़ रुपये की स्थायी कटौती की है। अप्रैल, 2025 से पूरी तरह से दिखाई देना शुरू हो जाएगा। इलेक्ट्रिक वाहन खंड में सक्रिय कंपनी को उम्मीद है कि वह अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में वाहन खंड के कर एवं ब्याज-पूर्व आय (एबिटा) में ‘न नफा, न नुकसान’ वाली स्थिति हासिल कर लेगी। कंपनी के स्तर पर चलाए गए कार्यक्रम में सभी क्षेत्रीय गोदामों और ढुलाई वाहनों को बंद करना, कारखाने से सीधे स्टोर तक कलपुर्जा पहुंचाना, पंजीकरण और अन्य प्रक्रियाओं को स्वचालित करना और बिक्री और सेवा नेटवर्क की उत्पादकता में सुधार करना शामिल था।

*ग्राहकों का आपूर्ति का समय घटकर चार दिन : ओला इलेक्ट्रिक ने कहा कि इन बदलावों से उसका औसत वाहन स्टॉक भी लगभग 35 दिन से घटकर 20 दिन का रह गया है। इसी के साथ ग्राहकों को आपूर्ति में लगने वाला समय भी 12 दिन से घटकर तीन-चार दिन रह गया है।*

## फोनपे के उपयोगकर्ताओं की संख्या 60 करोड़ के पार...




**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी फोनपे मंच पर पंजीकृत उपयोगकर्ताओं की संख्या 60 करोड़ को पार कर गयी है। फोन पे के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) समीर निगम ने कहा, ‘60 करोड़ पंजीकृत उपयोगकर्ताओं तक पहुंचना फोनपे में हम सभी के लिए गर्व का क्षण है...।’ उन्होंने कहा, ‘हम अपने उपयोगकर्ताओं की जरूरतों को पूरा करने और भारत के डिजिटल बदलाव को आगे बढ़ाने में मदद करने के लिए घरेलू समाधान बनाना जारी रखेंगे।’ मार्च, 2024 तक, कंपनी के पास लगभग 53 करोड़ पंजीकृत उपयोगकर्ता थे। फोनपे का दावा है कि वह प्रतिदिन 33 करोड़ से अधिक लेनदेन करती है, जिसका वार्षिक कुल भुगतान मूल्य 150 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

# जनवरी में औद्योगिक उत्पादन 5 फीसदी बढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

■ विनिर्माण क्षेत्र ने बेहतर प्रदर्शन किया

देश में औद्योगिक उत्पादन में तेजी आई है। विनिर्माण क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन से औद्योगिक उत्पादन में इस साल जनवरी में पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन जनवरी, 2024 में 4.2 प्रतिशत बढ़ा था। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सरकार ने दिसंबर, 2024 में 3.2 प्रतिशत वृद्धि के अस्थायी अनुमान को संशोधित कर 3.5 प्रतिशत कर दिया गया है। बीते साल नवंबर में आईआईपी वृद्धि दर पांच प्रतिशत थी। जनवरी, 2025 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 5.5 प्रतिशत बढ़ा, जो एक साल पहले इसी महीने में 3.6 प्रतिशत बढ़ा था।

## पहल का मकसद कोष जुटाने का तरजीही विकल्प बनाना

# सेबी ने राइट्स इश्यू की समय सीमा 23 दिन की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

■ निवेशकों को आवंटन को लेकर लचीली व्यवस्था प्रदान की

बाजार नियामक सेबी ने इक्विटी शेयर के राइट्स इश्यू के लिए प्रसंस्करण समय को घटाकर 23 दिन कर दिया है। इस पहल का मकसद इसे कोष जुटाने का तरजीही विकल्प बनाना है।

इसके अलावा, नियामक ने राइट्स इश्यू के मामले में संबंधित निवेशकों को आवंटन को लेकर लचीली व्यवस्था प्रदान की है। इसके तहत सेबी ने टिप्पणी जारी करने के लिए पेशकश का मसौदा दाखिल करने की वर्तमान आवश्यकता को समाप्त कर दिया है।

### वर्तमान में औसत समयसीमा 317 दिन है

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि रूपरेखा के तहत राइट्स इश्यू को जारी करने वाली कंपनी के निदेशक मंडल की मंजूरी की तारीख से 23 कार्य दिवसों के भीतर पूरा किया जाएगा। वर्तमान में औसत समयसीमा 317 दिन है। यह व्यवस्था तरजीही आधार पर शेयर आवंटन विकल्प से भी तेज होगी जिसमें 40 कार्य दिवस लगते हैं।



### मर्चेंट बैंकर की अनिवार्यता खत्म

नियामक ने जारीकर्ता द्वारा मर्चेंट बैंकर की नियुक्ति की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है और इसे 23 कार्य दिवसों की समयसीमा के भीतर राइट्स इश्यू को पूरा करने के अधीन वैकल्पिक बना दिया है।

### राइट्स इश्यू की प्रक्रिया तेज होगी

इसके बजाय इसे सैद्धांतिक मंजूरी के लिए शेयर बाजारों को दिया जाएगा क्योंकि कंपनी पहले से ही एक सूचीबद्ध इकाई है। इस कदम से कारोबार सुगम होगा और राइट्स इश्यू की प्रक्रिया तेज होगी।

### आवेदन कम से कम 7 दिन खुला रहेगा

इसके अलावा, यह कदम कंपनी के मौजूदा शेयरधारकों को कंपनी के भविष्य की वृद्धि में और भी अधिक भाग लेने का अवसर देगा। सेबी ने कहा कि राइट्स इश्यू को आवेदन के लिए कम-से-कम सात दिन और अधिकतम 30 दिन के लिए खुला रखा जाएगा।

## खनन अन्वेषण लाइसेंसों की होगी नीलामी

**नई दिल्ली।** सरकार जस्ता, हीरा और तांबे जैसे खनिज संसाधनों का दोहन के उद्देश्य से 13 ब्लॉक को बिक्री के लिए रखने से पहले बृहस्पतिवार को अन्वेषण लाइसेंसों की पहली नीलामी शुरू करेगी।एमएमडीआर संशोधन अधिनियम, 2023 के अधिनियमन के साथ, लिथियम, तांबा, कोबाल्ट, सोना और चांदी सहित 29 महत्वपूर्ण और गहरे पाये जाने वाले खनिजों की जांच और पूर्वेक्षण में निजी भागीदारी की अनुमति देने के लिए अन्वेषण लाइसेंस शुरु किए गए थे। खनिज सुरक्षा और महत्वपूर्ण खनिजों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलने की संभावना है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

N.I.T. NO./ PWD/2024-25/12/235/E-tendering/PRO - 643 // निविदा सूचना // Dated 12/03/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_406983_1 | संभाग क्रं 12 अंतर्गत महर्षि अरविंद वार्ड स्थित अंकाक्षा हॉस्पिटल के सामने श्री नरेश लोधी निवास से आरती किराना स्टोर्स तक सीमेन्टीकरण कार्य ।(अध्यक्ष मद) (2nd Call) | 03 माह<br>4.49 लाख | 2000/-<br>4491/- | 28/03/2025 |
| 2. | 2025_UAD_406983_2 | संभाग क्रं 12 अंतर्गत महर्षि अरविंद वार्ड अतंर्गत बाई का बगीचा गली नं.02 के सामने सड़क एवं नाली निर्माण कार्य । (अध्यक्ष मद) (2nd Call) | 03 माह<br>2.06 लाख | 2000/-<br>2068/- | 28/03/2025 |

नोट:- निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर निगम, जबलपुर

## युवाओं और रोजगार के लिए योजनाएं



1000 करोड़ मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना

1000 करोड़ प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना

03 लाख युवाओं को निजी क्षेत्र में मिलेगा रोजगार

*बजट में युवाओं के लिए सबसे बड़ा ऐलान निजी क्षेत्र में 3 लाख रोजगार का किया गया है। ये रोजगार नए विकसित हो रहे 39 औद्योगिक क्षेत्रों में मिलेंगे। छात्रों के लिए पहले से चल रही लैपटॉप योजना के लिए 220 करोड़ और साइकिल के लिए 215 करोड़ का प्रावधान किया है। छात्रवृत्तियों के अंतर्गत 803 करोड़ तथा सीएम राइज विद्यालयों के लिए 1 हजार 617 करोड़ के प्रावधान प्रस्तावित हैं। इसी के साथ प्रदेश में डिजिटल यूनिवर्सिटी और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय खोला जाएगा।*

## बुजुर्गों को क्या-क्या मिला?

वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ यात्रा के लिए 50 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है। इस योजना में, प्रारंभ से अब तक 8 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिक लाभान्वित हो चुके हैं। इस योजना के तहत दिव्यांग नागरिकों को भी निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जा रही है। सेवानिवृत्त होने पर पेंशन निर्धारण की ऑनलाइन प्रणाली के अन्तर्गत पेपरलेस व्यवस्था लागू है, वर्तमान पेंशन निर्धारण प्रक्रिया को केन्द्रीकृत तथा फेसलेस किया जाएगा, जिससे प्रदेश के किसी भी स्थान अथवा कार्यालय से सेवानिवृत्त कर्मचारी के पेंशन निर्धारण की कार्यवाही केन्द्रीकृत कार्यालय में पदस्थ किसी भी अधिकारी द्वारा संपादित हो सकेगी।

वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ यात्रा के लिए 50 करोड़ का प्रावधान

पेंशन निर्धारण प्रक्रिया को केंद्रीकृत तथा फेसलेस किया जाएगा





### स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए 23 हजार 535 करोड़ आवंटित

# मप्र में एमबीबीएस की बढ़ाई 400 सीटें खुलेंगे और 11 नए आयुर्वेदिक कॉलेज


*"वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए 23 हजार 535 करोड़ रुपए आवंटित किए, जो पिछले वर्ष की तुलना में रुपए 2 हजार 992 करोड़ अधिक है। इस दौरान वित्त मंत्री देवड़ा ने नई योजना सी.एम. केयर का भी ऐलान किया। उन्होंने बताया कि इसके तहत गंभीर बीमारियों से पीड़ित नागरिकों को नजदीकी अस्पतालों में ही कैथ लैब और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।"*

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की मोहन सरकार ने बुधवार को 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए का अपना दूसरा बजट पेश किया। इस दौरान वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए 23 हजार 535 करोड़ रुपए आवंटित किए, जो पिछले वर्ष की तुलना में रुपए 2 हजार 992 करोड़ अधिक है। इस दौरान वित्त मंत्री देवड़ा ने नई योजना सी.एम. केयर का भी ऐलान किया। उन्होंने बताया कि इसके तहत गंभीर बीमारियों से पीड़ित नागरिकों को नजदीकी अस्पतालों में ही कैथ लैब और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वहीं, आयुष्मान योजना के लिए वर्ष 2025-26 के लिए 2 हजार 39 करोड़ रुपए का प्रावधान बजट में किया गया।

वित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 17 चिकित्सा महाविद्यालयों में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए 2 हजार 575 सीट्स और स्नातकोत्तर के लिए एक हजार 337 सीट्स हैं। इस वित्तीय वर्ष में नीमच, मंदसौर और सिवनी में नए शासकीय चिकित्सालय कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर शासकीय व निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में एमबीबीएस की 400 व स्नातकोत्तर की 252 सीट्स बढ़ाई गई हैं। प्रदेश में 1 हजार संजीवनी एम्बुलेंस और 1 हजार 59 जननी एम्बुलेंस संचालित हैं।

*आयुष्मान योजना के लिए 2025-26 के लिए 2 हजार 39 करोड़ का प्रावधान*

*गंभीर बीमारियों के इलाज सुविधाएं उपलब्ध होंगी*



#### 50 बिस्तरीय आयुर्वेदिक अस्पताल

वित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 11 नए आयुर्वेद महाविद्यालय सह चिकित्सालयों की स्थापना की जानी है। प्रदेश में पन्ना, गुना, भिण्ड, श्योपुर तथा शुजालपुर में 50 बिस्तरीय आयुर्वेदिक अस्पताल, बड़वानी में 30 बिस्तरीय अस्पताल, बालाघाट, शहडोल, सागर, नर्मदापुरम एवं मुरैना में आयुष महाविद्यालयों और 4 जिला आयुष कार्यालयों के भवन निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में संचालित आयुष संस्थाओं एवं शिविरों के माध्यम से एक वर्ष में लगभग 1 करोड़ 40 लाख नागरिकों को उपचार दिया गया है।

### 600 नए विद्यालय खोले जाएंगे

## तकनीकी शिक्षा व अनुसंधान पर भी किया पूरा फोकस



मध्यप्रदेश सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश कर दिया है, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में बड़े सुधारों और योजनाओं का खाका पेश किया गया है। बजट में प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। शैक्षणिक गुणवत्ता को मजबूत करना और नई तकनीकों से जोड़ना है। बजट में सीएम राइज स्कूल योजना को विस्तार दिया है। योजना के तहत अब तक 275 विद्यालय खोले जा चुके हैं और वर्ष 2025-26 तक इन विद्यालयों में परिवहन सुविधा भी शुरू की जाएगी।

इसके अलावा, पीएमश्री योजना के तहत 780 विद्यालयों में आधुनिक पाठ्यक्रमों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। शिक्षकों की भर्ती को लेकर भी सरकार ने बड़ा एलान किया है। वर्ष 2024-25 में 3,259 शिक्षकों की नियुक्तियां की जा चुकी हैं और 19,362 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत अब तक 2,383 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में 14 ट्रेडों में व्यावसायिक शिक्षा संचालित की जा रही है। इसे बढ़ाकर वर्ष 2025-26 में 600 नए विद्यालयों तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है।

#### उच्च शिक्षा को मिलेगी नई दिशा

प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़ा विस्तार किया गया है। वर्तमान में राज्य में 73 विश्वविद्यालय और 1,400 से अधिक महाविद्यालय संचालित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस' योजना के तहत प्रत्येक जिले में महाविद्यालय को उत्कृष्ट केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

#### 22 नए आईटीआई खुलेंगे

22 नए व्यवसायों में आईटीआई शुरू करने की मंजूरी दी गई है। आईटीआई संस्थानों की संख्या बढ़कर 958 हो जाएगी और 1.21 लाख सीटें उपलब्ध होंगी आईटीआई संस्थानों में जनजातीय एवं परंपरागत कौशल, जैसे नए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। देवास, छिंदवाड़ा और धार में सोलर और इलेक्ट्रिक व्हीकल मैकेनिक जैसे आधुनिक ट्रेड भी शुरू किए हैं।

### बजट में खास



#### महिलाओं को अटल पेंशन से जोड़ेंगे

लाड़ली बहनों को केंद्र की योजना से जोड़ने का काम किया जाएगा। अटल पेंशन योजना से जोड़ा जायेगा। इसके अलावा लाडली बहना के हितग्राहियों को केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना से भी जोड़ा जाएगा।



#### फसल बीमा के लिए 2 हजार करोड़ रुपए

धान उपार्जन के लिए प्रोत्साहन राशि के लिए 850 करोड़ का प्रावधान है। कृषि उपभोक्ताओं को विद्युत बिल में दी जा रही राहत को निरंतर रखा गया है. इस मद में 19 हजार 208 करोड़ रुपए का प्रावधान है। पीएम फसल बीमा योजना के लिए इस बार 2000 करोड़ रुपए का प्रावधान प्रस्तावित है।



#### प्रदेश में खुलेंगे 56 खेल स्टेडियम

प्रदेश में 18 अंतर्राष्ट्रीय स्तर हॉकी टर्फ, 7 सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक, 56 खेल स्टेडियम शीघ्र उपलब्ध होंगे। सीएम युवा शक्ति योजना के अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम बनेगा।

## 2047 तक मप्र का बजट 2 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचेगा

*मध्यप्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया। ये बजट 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ का है। यह मुख्यमंत्री मोहन यादव सरकार का दूसरा वार्षिक बजट है। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने प्रदेश सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 2047 तक मध्यप्रदेश का बजट 2 ट्रिलियन डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य है। इस बजट में कोई भी नया कर नहीं लगाया गया है।*

- **आंगनवाड़ी सेवाओं के लिए 3 हजार 729 करोड़ राशि**
- **जिला विकास सलाहकार समिति का गठन होगा**
- **39 नए औद्योगिक क्षेत्रों में 3 लाख नौकरियां**
- **श्रीकृष्ण पाथेय योजना के लिए 10 करोड़ का प्रावधान**
- **राम वन पथ गमन के लिए 30 करोड़ का प्रावधान**

*बजट की प्रमुख और बड़ी घोषणाएं*



#### प्रदेश में डिजिटल यूनिवर्सिटी खुलेगी

- *गीता भवन बनाए जाएंगे, इसके लिए 100 करोड़ का प्रावधान।*
- *प्रदेश में डिजिटल यूनिवर्सिटी और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय खोला जाएगा।*
- *खाद्यान्न योजना के लिए 7132 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।*
- *श्रम विभाग के लिए 1808 करोड़ का प्रावधान*
- *आकांक्षा योजना के लिए 20 करोड़ 52 लाख का प्रावधान किया गया।*
- *जनजातीय बहुल 11300 से अधिक गांवों का कायाकल्प होगा, 200 करोड़ का बजट रखा गया।*
- *अनुसूचित जाति उपयोजना अंतर्गत 32 हजार 633 करोड़ का प्रावधान।*

- **अनुसूचित जनजाति उपयोजना अंतर्गत 47 हज़ार 295 करोड़ का प्रावधान**
- **पेंशन के लिए 4 हजार 66 करोड़, गरीबों के लिए 7132 करोड़**
- **नागरिकों के लिए राज्य स्तरीय बीमा समिति का गठन किया जाएगा**
- **लाड़ली बहनों को केंद्र की योजना से जोड़ने का काम किया जाएगा**
- **महिलाओं के लिए पोषण 2.0 योजना अंतर्गत 223 करोड़ का प्रावधान**

## बच्चों की शिक्षा के लिए 22 नए छात्रावास बनेंगे

### जनजातीय कल्याण और कुपोषण मुक्ति का रखा विशेष ध्यान

*बजट 2025-26 में बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति के परिवारों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए आहार अनुदान योजना के तहत 2.20 लाख महिलाओं के खातों में 1,500 रुपए दिए जा रहे हैं। विशेष पिछड़ी जनजातीय बहुल क्षेत्रों में पीएम जनमन योजना के तहत 53,000 से अधिक आवास बनाए गए हैं। बच्चों की शिक्षा के लिए 22 नए छात्रावास बनाए जाएंगे, जिससे 11 लाख परिवार लाभान्वित होंगे। प्रदेश में 3 लाख से अधिक रोजगार सृजित किए जाएंगे। इसके लिए 39 नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। साथ ही, स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन शुरू किया जाएगा, जो युवाओं को रोजगार और कौशल विकास के अवसर प्रदान करेगा। वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि प्रदेश में 900 से अधिक आईटीआई संस्थान होंगे, जो युवाओं को तकनीकी शिक्षा और प्रशिक्षण देंगे।*



#### अधोसंरचना होगी मजबूत

- मप्र सड़क विकास निगम के माध्यम से सड़कों का निर्माण के अंतर्गत 200 करोड़ का प्रावधान किया गया है।
- एफ टाइप एवं उससे नीचे की श्रेणी के शासकीय आवासों के अनुरक्षण के लिए 200 करोड़ का प्रावधान।
- ग्रामीण सड़कों एवं अन्य जिला मार्गों का निर्माण/उन्नयन के अंतर्गत 2500 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इससे मध्य प्रदेश में ग्रामीण पहुंच मार्ग आसान हो जाएंगे।
- मप्र सड़क विकास निगम (एनडीबी) के अंतर्गत 1450 करोड़ का प्रावधान किया गया है।
- मध्यप्रदेश सड़क विकास कार्यक्रम (एडीबी) के अंतर्गत 1315 करोड़।
- केन्द्रीय सड़क निधि के अंतर्गत 1150 करोड़।


#### 23 हजार प्राथमिक स्कूल भी खोले जाएंगे

सरकार राज्य में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 23,000 प्राथमिक स्कूल, 6,800 माध्यमिक स्कूल और 1,100 हाई स्कूल खोलेगी। वित्तमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य के हर जिले में इलेक्ट्रिक बसें चलाएगी। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए मेडिकल कॉलेज में 400 सीटें बढ़ाई जाएंगी। सरकार नए 11 आयुर्वेदिक कॉलेज खोलेगी। बजट में सरकार का फोकस आर्थिक वृद्धि तेज करने के उपायों पर दिखा। वित्तमंत्री ने कहा कि 2047 तक सरकार ने राज्य की जीडीपी को 250 लाख करोड़ रुपए पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए सरकार ने इस बार बजट का आकार 15 फीसदी बढ़ाया है। सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने पर फोकस करेगी। सरकार का टारगेट राज्य में 39 औद्योगिक क्षेत्रों के जरिए 3 लाख से ज्यादा नौकरियां पैदा करने पर होगा।



## बजट पर इनका नजरिया

### प्रतिस्पर्धा ज्यादा लेकिन पीछे नहीं हटना है बल्कि मुकाबला करना है



प्रीति सेठ
संचालक
एमवीएल
एंटरप्राइजेज

*मुझे शुरू से ही कुछ ना कुछ करने का शौक था और मेरे पति मेडिकल डिपार्टमेंट में हैं तो उन्होंने ही मुझे सजेस्ट किया कि तुम बॉडी बेल्ट बनाने का काम शुरू कर सकती हो क्योंकि आजकल लोगों को गले में, हाथ में, पैर में या कमर में दर्द की समस्या बनी ही रहती है। इसके लिए अच्छी क्वालिटी का बेल्ट मिलना भी बेहद जरूरी है, तो हमने आज से 6 साल पहले अपना स्टार्टअप एमवीएल एंटरप्राइजेज शुरू किया, जिसमें हम बॉडी के अलग-अलग पार्ट्स के लिए बेल्ट बनाते हैं। उन्होंने कहा की शुरूआत में मुझे थोड़ा सा चैलेंजिंग लगा क्योंकि कई बार कस्टमर की रिक्वायरमेंट हम फुलफिल नहीं कर पाते थे लेकिन फिर मैं अपने प्रोडक्ट में चेंज करती गई और आज हम काफी अच्छे से इस्टेबिलिश हो चुके हैं। मेरा मानना है कि जब भी आपको स्टार्टअप शुरू करते हो तो उसमें उतार चढ़ाव लगे ही रहते है, कंपटीशन ज्यादा होती है लेकिन आपकी कोशिश होनी चाहिए कि आपके पीछे नहीं हटाना है।*


### किसानों की आय दोगुना करने की गारंटी बजट से गायब हो गई



इरफान जाफरी
प्रमुख किसान
जागृति संगठन

आज वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा पेश किए गए बजट से प्रदेश के किसानों को बहुत उम्मीद थी। किसान सरकार की गारंटी के हिसाब से अपना अनुमान लगा रहे थे कि किसान की आय दोगुना करने के लिए कोई स्कीम लाई जाएगी। इसके अलावा किसान अपनी आमदनी को लेकर भी कुछ बेहतर होने की उम्मीद संजोए हुए थे। ऐसे ही सपनों के साथ किसानो को आशा थी कि फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य भी मिलेगा। फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने की मद में कोई नया प्रावधान नहीं किया गया है। बेहतर होता यदि किसानों की आय बढ़ाने पर ज्यादा जोर दिया जाता तो किसानों की माली हालत में सुधार होता।

### एमएसपी तय करने से परहेज दोगुनी आय भी नहीं की गई



शिवकुमार शर्मा
'कक्काजी'
अध्यक्ष, किसान
मजदूर महासंघ

किसानों की फसल का एमएसपी तय करने से तो सरकार परहेज कर रही है। ऊपर से किसानों को धोखा देते हुए कहा जा रहा है कि किसानों की आय दोगुना हो जाएगी। यह सरकारी धोखा है। सरकार बजट के प्रावधानों के हिसाब से किसानों की आय को 2014 तक लाने की तैयारी कर रही है। कानून के तहत मंडियों का व्यापारीकरण किया गया है। एमएसपी को कानून के दायरे में लिया जाना चाहिए। यह सरकार किसानों को आत्मनिर्भर नहीं बनने देगी।




# आज रात होगा होलिका प्रतिमाओं का दहन

## महंगाई की मार के बीच त्यौहार की उमंग फीकी

जबलपुर।

असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक पर्व होलिकोत्सव पर गुरुवार की रात होलिका प्रतिमाओं का दहन किया जाएगा। रंग, उमंग और मस्ती से भरे इस त्यौहार को मनाने की तैयारियों में लोग जुट गये हैं। घर-घर पकवान बन रहे हैं। बच्चे रंग और पिचकारी के अलावा तरह-तरह के मुखौटे, टोपियां लेकर प्रसन्न चित्त नजर आ रहे हैं। कई स्थानों पर होलिका प्रतिमाओं की स्थापना बुधवार को ही कर दी गई, वहीं अनेक स्थानों पर गुरुवार को ही होलिका प्रतिमाएं बिठाई जाएंगी और रात्रि के प्रथम पहर तक होलिका दहन कर दिया जाएगा। होलिका दहन की पूर्व संध्या पर बाजारों में अच्छी खासी रौनक रही। रंग-गुलाल पिचकारियों, मेवा मिष्ठानों की दुकानों पर लोग खरीददारी करते देखे गये। शनैः-शनैः त्यौहार की भयावहता के कारण लोगों का उत्साह और उमंग घटता जा रहा है। रही सही कसर महंगाई ने पूरी कर दी है। पुलिस में आज होलिका दहन की रात और कल धुरेड़ी के दिन सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये। एसएएफ बटालियन की तीन कंपनियां जबलपुर में आ चुकी हैं। शराबखोरी और तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों पर पुलिस सख्ती से पेश आएगी। इस साल होलिका दहन पर भद्रा पड़ने के कारण शास्त्रों के मुताबिक होलिका दहन रात 10 बजकर 44 मिनिट के बाद भद्रा काल समाप्त होने के बाद ही शुभ मुहूर्त में होगा उसके बाद दूसरे दिन शुक्रवार को रंग अबीर खेला जाएगा।



### होली की पौराणिक मान्यता

बहरहाल होली के त्यौहार की पौराणिक मान्यता यह है कि राजा हिरण्यकश्यप एक अत्याचारी दानव था। लेकिन उसका पुत्र भक्त प्रहलाद एक धार्मिक और न्यायप्रिय था। राजा हिरण्यकश्यप को अपने पुत्र का आचरण पसंद नहीं था। वह उसे भी दानव बनाना चाहता था। ऐसी मान्यता है कि भक्त प्रहलाद भगवान नरसिंह के अनन्य भक्त थे और तमाम अत्याचार करने के बाद भी जब राजा अपने पुत्र भक्त प्रहलाद को दानवी शक्ति से प्रभावित नहीं कर सके तो उन्होंने अग्नि में भस्म नहीं होने का वरदान प्राप्त अपनी बहन होलिका की गोद में अपने पुत्र प्रहलाद को बिठाकर आग के हवाले करने की कोशिश की। लेकिन ईश्वर की कृपा से वरदान का दुरूपयोग करने वाली होलिका तो आग में धूं-धूंकर भस्म हो गई और भक्त प्रहलाद बच गये। तभी से आसुरी शक्ति पर देवीय शक्ति के विजय प्रतीक इस पर्व पर होलिका प्रतिमा का दहन किया जाता है। होलिका दहन के दिन सारी बुराईयों को समाप्त कर दूसरे दिन रंग-गुलाल के साथ गले मिलकर गिले शिकवे भुलाने का संदेश यह पर्व देता है, लेकिन विगत कुछ वर्षों से असामाजिक तत्वों, शराबियों ने इस पर्व के मायने ही बदल दिये हैं। इसलिए पुलिस को इस त्यौहार में खासी सख्ती करनी पड़ती है।

### सिटी बंगाली क्लब में दोल उत्सव आज

होली के एक दिन पूर्व पूर्णिमा की रात्रि में मनाए जाने वाला दोल उत्सव सिटी बंगाली क्लब में 13 मार्च गुरुवार रात्रि 7.30 बजे से आयोजित किया गया है। इस अवसर पर सभी बंगभाषी एकत्र होकर इस दिन होने वाले पूर्णिमा पूजा, होलिका दहन नेडा पोडा कार्यक्रम में शामिल होंगे साथ ही पारंपरिक गीत संगीत का कार्यक्रम भी रखा गया है। दोल उत्सव को लेकर बंगभाषियों में उत्साह देखा जा रहा है पूरे प्रांगण में आकर्षक सजावट की गई है।

# रंगाभरण थिएटर ग्रुप META के लिए चुना गया

**जबलपुर।** अक्षय सिंह ठाकुर द्वारा लिखित और निर्देशित यह नाटक 15 मार्च को दिल्ली के सबसे प्रतिष्ठित कमानी ऑडिटोरियम में मंचित होगा, जहां हमारे बुंदेलखंड की समृद्ध सांस्कृतिक प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हुआ।

META (Mahindra Excellence in Theatre Awards) भारत का एक सबसे प्रतिष्ठित थिएटर अवार्ड है, जिसे 2006 में महिंद्रा ग्रुप द्वारा शुरू किया गया था। यह पुरस्कार भारतीय थिएटर के उत्कृष्ट नाटकों को सम्मानित करता है और थिएटर कलाकारों को राष्ट्रीय पहचान दिलाता है।

इस वर्ष META के लिए पूरे देश से 367 प्रविष्टियाँ आई थीं, जिनमें से सिर्फ़ 10 नाटकों का चयन किया गया है। यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है रंगाभरण थिएटर ग्रुप जबलपुर को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ और मध्य प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।



# नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा आज

**जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक पूर्णिमा को निकल जाने वाली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा 13 मार्च फागुन पूर्णिमा पर प्रात 6:00 बजे संत महात्माओं के सानिध्य में निकाली जाएगी। बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण होगा एवं विशाल भंडारे का आयोजन के साथ समापन होगा। उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा के अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल संरक्षक श्रीमती सुषमाशंकर पटेल मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान मनोज गुलब्बानी कैलाश विश्वकर्मा विशाल पड्या आदि ने की है।

# महिलाओं के उत्थान के लिए यूनियन प्रीमियर संकल्पित

**जबलपुर।** दयूनियन बैंक प्रीमियर शाखा के तत्वधान में महिलाओं के सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी महिलाओं का सम्मान किया गया, एवं समाज और राष्ट्र के नवनिर्माण में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महिलाओं के सम्मान कार्यक्रम में नारी शक्तियों ने समाज और राष्ट्र के उत्थान में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर व्याख्यान दिया साथ ही चीफ मैनेजर अमित कुमार ने महिलाओं से संबंधित सभी योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी साझा किए एवं सुगम बैंकिंग उपलब्ध कराने की बात कही साथ ही उपस्थित महिलाओं एवं अतिथियों ने सम्मान कार्यक्रम आयोजन की सराहना किए। प्रमुख रूप से सीएमएचओ डॉ बबिता खरे, केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य अंशु त्यागी, चीफ मैनेजर अमित कुमार, आरडीओ मनाली सोनटके, एलडीएम बृजेश श्रीवास्तव, आरसेटी डायरेक्टर शिवेंद्र कुमार, साहित्य क्षेत्र से शिवशंकर मिश्रा ' सरस ' एवं यूनियन बैंक प्रीमियर शाखा के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# गुंजन का रसरंग महोत्सव आज

**जबलपुर।** गुंजन कला सदन द्वारा 32 वर्षों से निरंतर जारी "रसरंग महोत्सव" इस वर्ष अनेक नए आकर्षण के साथ होलिका दहन की संध्या 13 मार्च को शाम 6 बजे से शहीद स्मारक भवन में आयोजित है। समारोह में सभी अतिथियों और दर्शकों को आयोजकों द्वारा दूल्हा बनाकर सम्मानित किया जाता है। गुंजन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. आनंद तिवारी ने बताया कि इस समारोह में नृत्यगुरु मोती शिवहरे के निर्देशन में मनभावन होली गीतों पर आकर्षक नृत्यों के साथ ही ख्यातिलब्ध हास्य कलाकार के. के. नायकर हास्य के धमाके करेंगे। संजय जैन "कीपी" एवं हिमांशु तिवारी के अनुसार इस अवसर पर दोनों ही कलाकारों को "लाइफ टाइम एचीवमेंट अवॉर्ड" प्रदान किया जाएगा।





# अमृत मित्र बनी महिलाएं जांचेंगी पानी की गुणवत्ता

**जबलपुर।** अमृत 2.0 योजना के तहत अमृत मित्र अंतर्गत नगर निगम के ललपुर जल शोधन संयंत्र में स्व सहायता समूह की महिलाओं को जल परीक्षण संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। स्व सहायता समूह की महिलाएं नगरी क्षेत्र में घर-घर जाकर जल परीक्षण का कार्य करेंगी। जिसमें प्रशिक्षण के दौरान नगर निगम से केमिस्ट शुभम गुजराती एवं अमृत 2.0 से सोशल एक्सपर्ट सुधा ठाकुर एवं अमित दांगी जी की सहभागिता रही।

### प्रतिदिन परेशान हो रहे हजारों यात्री

# रेलवे व बिजली कम्पनी के बीच फंसा सिहोरा स्टेशन रोड के ट्रांसफार्मर हटाने का मामला

**सिहोरा।** दो विभागों के बीच की आपसी खींचतान का खामियाजा आम यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। जिसके चलते हजारों यात्री अपनी जान खतरे में डालकर स्टेशन पहुंचने के लिए मजबूर हैं। यह मामला है सिहोरा रोड रेलवे की सडक का जहां बीच सड़क में खड़े ट्रांसफार्मर से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। रेलवे के अधिकारियों का तर्क है कि ट्रांसफार्मर हमारी जगह पर लगा है इससे बिजली कंपनी तत्काल हटाए वहीं दूसरी तरफ बिजली कंपनी का तर्क है कि ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने के लिए कंपनी शिफ्टिंग चार्ज जमा करे, तभी ट्रांसफार्मर को हटाया जाएगा।



### अमृत योजना के तहत हो रहा सौंदर्यीकरण

अमृत भारत योजना के तहत सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन को नया स्वरूप दिया जा रहा है। सड़क चौड़ीकरण के पहले रेलवे के अधिकारियों ने बिजली कंपनी को निर्देशित किया था कि ट्रांसफार्मर हमारी जगह पर लगा हुआ है इसे तत्काल हटाएं। संबंधित ट्रांसफार्मर में रेलवे का कोई भी कनेक्शन नहीं है। बिजली कंपनी द्वारा ट्रांसफार्मर नहीं हटाए जाने पर रेलवे ने सड़क को चौड़ा कर दिया और रोड भी बना दी। वहीं बिजली कंपनी का कहना है कि ट्रांसफार्मर को हटाने के लिए शिफ्टिंग चार्ज रेलवे को जमा करना होगा इसके बाद ही से हटाया जाएगा। ऐसे में दो विभागों की खींचतान के कारण आम यात्रियों को अपनी जान खतरे में डालकर स्टेशन पहुचना पड़ रहा है।

### हमेशा बना रहता है रेल यात्रियों का दबाव

सिहोरा रेलवे स्टेशन से सिहोरा, मझौली, बहोरीबंद और ढीमरखेडा से अनेक यात्री अप-डाउन करते हैं। 24 घंटे स्टेशन पर यात्रियों का दबाव है। ट्रान्सफार्मर बिल्कुल दोनों सडक के बीचों-बीच है इसलिए एक्सीडेंट का खतरा बना रहता है। भाजपा कार्यकर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश चौदहा का कहना है कि सडक से ट्रान्सफार्मर अलग करने को लेकर कोई विवाद नहीं है। दोनों विभाग आपसी समन्वयक बनाकर ट्रान्सफार्मर को दूसरी जगह शिफ्ट करे जिससे यात्रियों को को राहत मिले सके।

### इनका कहना है

ट्रांसफार्मर को दूसरी जगह शिफ्ट करने के लिए जो भी शिफ्टिंग चार्ज निश्चित है उसे रेलवे को जमा करना पड़ेगा इसके बाद ही ट्रांसफार्मर को वहां से शिफ्ट किया जा सकेगा।

**अमित कुमार विश्वकर्मा,**
**डीई मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत**
**वितरण कंपनी सिहोरा संभाग**

# डॉ अखिलेश खंडेलवाल का नगर आगमन पर किया स्वागत



**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. अखिलेश खंडेलवाल के जबलपुर महानगर आगमन पर झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक दीपक नाहर, जिला ग्रामीण के संयोजक ठा. बाबू सिंह, जिला सह संयोजक आशीष शुक्ला ने ढ़ोल-नगाड़ों के साथ फुल माला एवं भाजपा का अंगवस्त्र पहनाकर खंडेलवाल जी का स्वागत वंदन अभिनंदन किया। जिसमें प्रदेश सह संयोजक दीपक नाहर ने बताया कि डॉ. खंडेलवाल जी सर्वप्रथम विश्राम गृह पहुचे इसके पश्चात जिला जबलपुर ग्रामीण के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजकुमार पटैल जी के आवास पर जाकर उन्हें नये दायित्व की शुभकामनायें प्रेषित कर अनेक विषयों पर चर्चा की। इसके बाद एक भागवत कथा के समापन पर पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इसी क्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड संयोजक पुष्पेंद्र सिंह से उनके निवास पर मिलकर कार्ययोजना की विस्तार पूर्वक चर्चा की। और भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता चेतन शर्मा जी के निवास पर पहुंचकर उनकी माता जी के प्रति शोक संवेदना प्रकट की। इस अवसर प्रदेश सह संयोजक दीपक नाहर, ठाकुर बाबू सिंह, अनंत पांडे, जगदीश चौहाटेल, आशीष शुक्ला, पुष्पेंद्र सिंह, पुरूषोतम गुप्ता, निखिल ठाकुर, शुभम ठाकुर, अरुण वंशकार, विपिन राजपूत "बंटा", आदर्श राजपूत, अरविंद चढ़ार, कमलेश दुबे सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित हुए।




**श्रीमती श्यामा बाई दुबे-** पंजाब बैंक कॉलोनी दमोहनाका निवासी श्रीमती श्यामा बाई दुबे (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामलली झारिया-** शक्तिनगर भोले कुटि के पीछे गुप्तेश्वर निवासी श्री शिवनाथ झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती रामलली झारिया (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री शत्रुघन सिंह-** शिवनगर गढ़ा निवासी श्री शत्रुघन सिंह (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पुष्पा साहनी-** नर्मदा रोड निवासी श्री जगदीश साहनी की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा साहनी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती राधा बावरिया-** गली नं. 22 सदर निवासी श्री हरि शंकर बावरिया की धर्मपत्नी श्रीमती राधा बावरिया (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश सोनी-** शीतलामाई रवि डेरी के पास निवासी श्री रमेश चंद्र सोनी के पुत्र श्री राजेश सोनी (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कुसुम कुशवाहा-** नई बस्ती कजरवारा निवासी श्री विनोद कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम कुशवाहा (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिवनाथ चौधरी-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री शिवनाथ चौधरी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संतोष कुमार सोनी-** स्टेट बैंक कॉलोनी स्नेह नगर निवासी श्री संतोष कुमार सोनी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला देवी रामवानी-** झामनदास चौक लालमाटी निवासी श्री रमेश कुमार रामवानी की धर्मपत्नी श्रीमती कमला देवी रामवानी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती उर्मिला तिवारी-** पड़वार बरेला निवासी श्री हेतराम तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला तिवारी (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सोनू प्रजापति-** कछियाना द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री सोनू प्रजापति का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**सुश्री सुषमा ठाकुर-** पोलीपाथर टंकी नं. 1 के पास निवासी श्री केशव लाल ठाकुर की पुत्री सुश्री सुषमा ठाकुर (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बेला बाई सोनकर-** राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री ओम प्रकाश सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती बेला बाई सोनकर (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री वीरेंद्र-** बावली लाइन पोलीपाथर निवासी श्री हीरा लाल के पुत्र श्री वीरेंद्र (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नगीनचंद सोनकर-** भरतीपुर निवासी श्री नगीनचंद सोनकर (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संजय खंपरिया-** खितौला सिहोरा निवासी श्री संजय खंपरिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनोज चौधरी-** रविदास धाम बाबा टोला निवासी श्री साधूराम चौधरी के पुत्र श्री मनोज चौधरी (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सिमिया केसरवानी-** जाग्रति नगर अमखेरा निवासी श्री फूलचंद केसरवानी की धर्मपत्नी श्रीमती सिमिया केसरवानी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अर्जुन कोल-** नरसिंह मंदिर मदनमहल निवासी श्री दादूराम कोल के पुत्र श्री अर्जुन कोल (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री अरूण स्वामी-** झिरिया सदर निवासी श्री अरूण स्वामी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती संगीता गोलवरकर-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्रीकांत गोलवकर की धर्मपत्नी श्रीमती संगीता गोलवरकर (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**डॉ. अनिल गुप्ता-** बड़ी ओमती निवासी डॉ. अनिल गुप्ता (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

# मलेरिया निरीक्षक एवं मलेरिया टेक्नीकल सुपरवाईजर का प्रशिक्षण

**जबलपुर।** मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया के प्रभावी नियंत्रण तथा उपचार से संबंधित नवीन नीति एवं पोर्टल पर डेटा एंट्री के कार्य के संबंध में जबलपुर संभाग के सभी विकासखण्डों के मलेरिया निरीक्षक और मलेरिया टेक्नीकल सुपरवाईजर का एक दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को डॉ संजय मिश्रा क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें जबलपुर संभाग जबलपुर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में भोपाल से आये राज्य स्तरीय दल के सदस्य मती भावना दुबे एवं सुधीश यादव ने तथा सांईटिस्ट एनआईआरटीएच आईसीएमआर गेस्ट फेकल्टी सतेंद्र पांडे ने मलेरिया उन्मूलन एवं आईएचआईपी से संबंधित जानकारी प्रदान की।

### होली में भी वेतन के लिए तरसे निगम के ठेका कर्मी

**जबलपुर।** नगर निगम उद्यान विभाग में 200 कर्मचारी 7-8 वर्षो से काम करते आ रहे है, इन सभी का दो माह से पैमेन्ट ठेकेदार रितेश टंडन द्वारा नहीं दिया जा रहा है, न ही पी. एफ. की राशि दी जा रही है, जिसकी शिकायत नगर निगम आयुक्त को भी की गयी है जिस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। श्रमिकों को अपना घर परिवार चलाने के लाले पड़े हुए हैं, घर में राशन, पानी, किराया, बच्चों की स्कूल की फीस, बिजली, गैस आदि सभी कर्मचारियों की घर की स्थिति खराब हो गयी है, वर्तमान में होली का पर्व सामने है, और उन ठेका कर्मिंयो की बात सुनने कोई तैयार नही है। इस अवसर पर महिला पुरूष कर्मचारी मोहम्मद रहमान, कमल, सुन्दर, हिमांशु, गणेश, दशाई, रमेश, रामवती, इत्यादि कर्मचारी मौजूद रहे।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती रश्मि सक्सेना पति श्री अरविंद सक्सेना निवासी-म.नं. 511, व्हीकल रोड, अंजली कालोनी रिछाई, जबलपुर म.प्र. द्वारा सम्पत्ति मौजा बिलपुर नं.ब. 665 प.ह.नं. 53 रा.नि.मं. बिलपुरा तहसील रांझी नया वार्ड नं. 78 जिला जबलपुर में स्थित डायवर्टेड प्लाट एवं नामांतरण पश्चात खसरा नं. 76 रकवा 0.323 हे. में से प्लाट नं. 11 का कुल रकवा 20 50 1000 वर्गफुट एवं प्लाट नं. 12 का भाग 20 50 1000 वर्गफुट कुल रकवा 2000 वर्गफुट को खरीद करने का सौदा भूमिस्वमी रामचरण कुर्मी पिता मूलचंद कुर्मी की ओर से मख्त्यारआम श्री धीरेन्द्र डागर पिता श्री राम शरण सिंह निवासी-इंद्रा नगर, बिलपुरा रोड, दुर्गा मंदिर के पास, व्ही. एफ. जे. स्टेट, जबलपुर म.प्र. वालो से विक्रय करने का अनुबंध किया गया है, अत: उपरोक्त सम्पति के संबंध में किसी व्यक्ति फर्म या वित्तीय संस्था, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था से कोई आपत्ति हो तो में मूल दस्तावेज सहित प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें, 7 दिन के बाद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी और दस्तावेजों का पंजीयन करा लिया जावेगा।

जबलपुर, दिनांक- 12.03.2025

भवदीय

**राजकुमार श्रीवास्तव (अधिवक्ता)**
म.प्र.उच्च न्यायालय जबलपुर (म.प्र.) कार्यालय- 887/बी, गुप्ता होटल के पास शक्ति नगर, गुप्तेश्वर रोड जबलपुर म.प्र. मो. 9300813002

**CHANGE OF NAME**

I, SYED AAMIR ALI S/O SYED AKHTAR ALI DECLARE THAT MY MINOR SON WAS KNOWN AS SYED AMMAAR ALI, I HAVE CHANGED THE SPELLING OF HIS FIRST NAME AND HENCEFORTH HE SHALL BE KNOWN AS SYED AMMAR ALI S/O SYED AAMIR ALI RESIDENT OF 504, DATTA AND RABRA COMPLEX, NARMADA ROAD, KATANGA CROSSING, GORAKHPUR, JABALPUR (M.P.) 482001

**नाम एवं जन्म तिथि सुधार**

मैं, कौशल्या पति स्व. स्वामी नादन उम्र लगभग 64 वर्ष निवासी जबलपुर मप्र की निवासी हूँ। यह कि मेरे स्व. पति स्वामी नादन जिनका सर्विस नंबर NK 13843613 है जिनकी सेवानिवृत्ति दिनांक 26/04/1985 को हो गई थी जिनकी मृत्यु दिनांक 13/09/2020 को हो चुकी है। यह कि मेरे स्व. पति के पी पी ओ आर्डर में मेरा नाम श्रीमती कौशल एवं जन्मतिथि 11/08/1960 दर्ज हो गई है जो कि गलत व असत्य है। जबकि मेरा सत्य व सही नाम कौशल्या व जन्मतिथि 06/06/1960 है जो कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज है। मेरा सत्य व सही नाम कौशल्या व जन्मतिथि 06/06/1960 को मेरे स्व. पति स्वामी नादन के पी पी ओ आर्डर में दर्ज करे। शपथ पत्र दिनांक 12/03/2025 समक्ष पब्लिक नोटरी महोदय जिला जबलपुर मप्र

सत्य नाम एवं जन्मतिथि-कौशल्या (06/06/1960)
असत्य नाम एवं जन्मतिथि-श्रीमती कौशल (11/08/1960)

# वीआईटी को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंगः दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों में से एक के रूप में नामित

**वेल्लोर।** पहली बार, डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को दुनिया के शीर्ष 100 विषयों में स्थान दिया गया है। वैश्विक उच्च शिक्षा विश्लेषक क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स द्वारा आज जारी किए गए विषय के आधार पर क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग का 2025 संस्करण, 55 शैक्षणिक विषयों में फैले 100 वैश्विक स्थानों में 1700 से अधिक विश्वविद्यालयों में छात्रों द्वारा लिए गए 18,300 से अधिक व्यक्तिगत विश्वविद्यालय कार्यक्रमों के प्रदर्शन पर स्वतंत्र तुलनात्मक विश्लेषण प्रदान करता है। वीआईटी का प्रदर्शन एक गतिशील प्रवृत्ति को दर्शाता है, जिसमें 4 विषयों ने बेहतर रैंकिंग का प्रदर्शन किया, 8 ने अपनी स्थिति बनाए रखी और 2 विषयों ने पहली बार रैंकिंग में प्रवेश किया। यह उपलब्धि विभिन्न क्षेत्रों में अकादमिक उत्कृष्टता और शोध कौशल के लिए वीआईटी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। वीआईटी ने इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के व्यापक विषय क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की, जहां रैंक 212 से बढ़कर 142 हो गई और प्राकृतिक विज्ञान 401-450 बैंड से 362 पर चढ़ गया। वीआईटी ने जैविक विज्ञान के लिए 351-400 बैंड और व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन के लिए 551-600 बैंड में अपना स्थान बरकरार रखा है। वीआईटी ने कृषि एवं वानिकी श्रेणी में भी 351-400 बैंड में अपना स्थान प्राप्त किया है।



VIT Vellore Institute of Technology | 40
QS World University Rankings BY SUBJECT | 2025
VIT's NEXT BIG LEAP
Redefining excellence in Subjects

| SUBJECT | World Rank | India Rank |
|---|---|---|
| Engineering & Technology | 142 | 9 |
| Computer Science & Information Systems | 110 | 4-7 |
| Data Science and Artificial Intelligence | 51-100 | 1-7 |
| Engineering - Electrical & Electronic | 151-200 | 7-10 |
| Engineering - Mechanical, Aeronautical & Manufacturing | 201-250 | 9-10 |
| Engineering - Chemical | 251-300 | 9-11 |
| Natural Sciences | 362 | 11 |
| Materials Science | 151-200 | 7 |
| Mathematics | 201-250 | 7-9 |
| Statistics & Operational Research | 251-275 | 8 |
| Chemistry | 301-350 | 9-11 |
| Physics & Astronomy | 401-450 | 10-15 |
| Environmental Sciences | 451-500 | 13 |
| Biological Sciences | 351-400 | 8-9 |
| Agriculture & Forestry | 351-400 | 11-12 |
| Business & Management Studies | 551-600 | 23-27 |

कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रणाली में, 2024 में 136वें स्थान से 2025 में 110वें स्थान पर एक महत्वपूर्ण छलांग लगाई गई है। इसके अलावा, डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने 51-100 बैंड के भीतर एक स्थान हासिल किया है। इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग, मैकेनिकल, एयरोनॉटिकल और मैन्युफैक्चरिंग इंजीनियरिंग ने क्रमशः 151-200, 201-250 और 252-300 के बैंड के भीतर अपना स्थान बनाए रखा है। प्राकृतिक विज्ञान श्रेणी के भीतर, मैटेरियल साइंस ने 2024 में 201-250 से 151-200 बैंड में अपनी रैंकिंग में सुधार किया है, रसायन विज्ञान 351-400 से 301-350 बैंड तक बढ़ गया है, और भौतिकी और खगोल विज्ञान 451-500 से 401-450 बैंड तक आगे बढ़ गया है। सांख्यिकी और परिचालन अनुसंधान श्रेणी में, वीआईटी ने बैंड 251-275 में एक स्थान अर्जित किया है। विषय के आधार पर क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग विश्वविद्यालय के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए पांच प्रमुख मैट्रिक्स का उपयोग करती हैः शैक्षणिक प्रतिष्ठा, नियोक्ता प्रतिष्ठा, प्रति पेपर उद्धरण, एच-इंडेक्स और अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान नेटवर्क । 240,000 से अधिक शिक्षाविदों और नियोक्ताओं के सर्वेक्षणों के साथ-साथ ग्रंथसूची डेटा से प्राप्त ये मैट्रिक्स संस्थागत गुणवत्ता का एक मजबूत और बहुमुखी मूल्यांकन प्रदान करते हैं।

क्यूएस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बेन सॉटर ने उभरते बाजारों की बढ़ती प्रमुखता को देखते हुए वैश्विक उच्च शिक्षा की बदलती गतिशीलता पर प्रकाश डाला। रैंकिंग में भारत के समग्र प्रदर्शन में 79 संस्थानों की 454 विषय प्रविष्टियाँ शामिल हैं। उल्लेखनीय रूप से, 105 प्रविष्टियों की रैंकिंग में सुधार देखा गया, जबकि 108 में गिरावट का अनुभव हुआ, 143 स्थिर रहीं, और 98 विषयों को पहली बार रैंक किया गया।



## एयरटेल ने मनाया ग्राहक दिवस

**जबलपुर।** अपने वार्षिक ग्राहक दिवस समारोह के रूप में, एयरटेल मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की 5 हजार 500 प्लस मजबूत कार्यबल ने बुधवार को पूरा दिन फील्ड में बिताया, ग्राहकों, खुदरा विक्रेताओं, और अन्य हितधारकों से सीधा फीडबैक प्राप्त किया। हर वर्ष इस तिथि पर, सभी एयरटेल कर्मचारी अपने कार्यालयों से बाहर निकलते हैं और देशभर में ग्राहकों के साथ सीधे जुड़ते हैं।

## सैंडविच जेनरेशन के 60% लोगों को फाइनेंशियल सिक्योरिटी की चिंता

**जबलपुर।** भारत में सैंडविच जेनरेशन के लोग अपने माता-पिता और बच्चों की ज़िंदगी को हर संभव तरीके से सबसे बेहतर बनाने पर ध्यान देते हैं, फिर भी उन्हें ऐसा लगता है कि वे अपने भविष्य के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। एडलवाइज लाइफ़ इंश्योरेंस की एक स्टडी के अनुसार, 60% उत्तरदाता इस बात से सहमत हैं कि, चाहे मैं कितनी भी सेविंग या इन्वेस्ट कर लूँ, पर ऐसा लगता है कि ये भविष्य के लिए काफ़ी नहीं है। सामान्य तौर पर 35 से 54 साल की उम्र के लोगों को सैंडविच जेनरेशन कहा जाता है, जिनके कंधों पर दो पीढ़ियों – यानी अपने बुजुर्ग माता-पिता और बढ़ते बच्चों की आर्थिक ज़रूरतों को पूरा करने की ज़िम्मेदारी होती है। जीवन बीमा कंपनी ने YouGov के साथ मिलकर देश के 12 शहरों में इस जेनरेशन के 4,005 लोगों का एक सर्वे किया, ताकि उनके नज़रिये, उनकी धारणा और वित्तीय तैयारी के स्तर को समझा जा सके। इस मौके पर एडलवाइज लाइफ़ इंश्योरेंस के एमडी एवं सीईओ, सुमित राय ने कहा, पिछले कुछ सालों में अपने ग्राहकों के साथ बातचीत के आधार पर हमने इस बात को करीब से जाना है कि, सैंडविच जेनरेशन के लोग किस तरह अपने माँ-बाप और बच्चों की देखभाल के बीच फंसे हुए हैं।

## पांच रेलवे कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड ने किया "संरक्षा पुरस्कार" से सम्मानित

**खोरधा रोड ।** खोरधा रोड के मंडल रेल प्रबंधक श्री एच.एस.बाजवा ने ड्यूटी के दौरान अनुकरणीय सतर्कता और ट्रेनों के सुरक्षित एवं कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए मंडल के पांच रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया। सम्मान समारोह खोरधा रोड के वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री नमोनारायण मीना तथा अन्य शाखा अधिकारियों की उपस्थिति में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने श्री कम्पानी सेठी, ट्रैक मेंटेनर/हिंदोल, श्री प्रमोद कुमार मंडल, ट्रैक मेंटेनर/बुढ़ापंक, श्री अमरेश बेहेरा, टीपीएम 'बी'/सदाशिवपुर, श्री कैलाश चंद्र बारिक, शंटिंग मास्टर/पुरी और श्री शक्ति प्रसाद साहू टीपीएम'ए'/कामाख्यानगर को सम्मानित किया तथा इन रेल कर्मचारियों की अटूट निष्ठा की सराहना की। उन्होंने सभी रेल कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वे अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए सतर्क, सजग और अपनी जिम्मेदारियों के प्रति समर्पित रहें।




कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

## बिजली गुल फसल बरबाद किसान ने की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पटेवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिंघनपुर में एक किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजनों का कहना है कि बिजली कटौती और फसल बर्बाद होने की वजह से उसे यह कदम उठाना पड़ा है। वहीं पुलिस ने इस मामले में जांच से पहले कुछ भी कहने से इंकार कर दिया है। मामला जिले के पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंघनपुर का है, जहां मंगलवार सुबह परिजनों को किसान पूरन निषाद की लाश खेत के ही पेड़ में लटकी मिली। जिसकी तत्काल सूचना पुलिस को दी गई।

### कलेक्टर ने एसडीएम को दिए जांच के निर्देश

मामले में महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि किसान की आत्महत्या की खबर मिली है। लेकिन, बिजली कटौती का कारण होना जांच का विषय है। जिसके बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। एसडीएम और थानेदार को जांच के लिए कहा गया है।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल के भिलाई-3 स्थित पद्मनगर बंगले पर ईडी ने सोमवार को दी थी

## ईडी अफसरों के वाहन पर हमला करने वाले 29 पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई-3 स्थित पदुमनगर स्थित पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी पंजाब भूपेश बघेल के निवास स्थान पर प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर वापसी के दौरान कार्रवाई का विरोध कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हमला कर दिया था। ईडी की गाड़ियों पर पथराव की खबर थी। वाहन चालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने कांग्रेस नेता सन्नी अग्रवाल एवं 29 अन्य के खिलाफ बीएनएस की धाराओं के तहत जुर्म पंजीबद्ध किया है।

हरिभूमि फॉलोअप




### ईडी के कार ड्राइवर ने दर्ज कराई रिपोर्ट

गौरतलब है कि सोमवार की अलसुबह पद्मनगर भिलाई-3 स्थित पूर्व सीएम के निवास स्थान पर कथित शराब घोटाले को लेकर केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने दबिश दी थी। 10 घंटे की पड़ताल के बाद ईडी की टीम ने 33 लाख रुपए बरामद कर साथ लेकर गए। जब ईडी की टीम सोमवार की शाम 6.15 बजे रायपुर के लिए रवाना हो रही थी, तब प्रदर्शनकारी कांग्रेसियों ने जमकर ईडी की टीम जिन कारों में सवार थी कार क्षतिग्रस्त हुए।

## 100, 200 रुपए के जारी होंगे नए नोट



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को कहा कि वह जल्द ही गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100 और 200 रुपये के बैंक नोट जारी करेगा। रिजर्व बैंक ने बयान में कहा, इन नोटों का डिजाइन महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 100 और 200 रुपये के बैंक नोटों के समान है। इस बीच, रिजर्व बैंक द्वारा पहले जारी किए जा चुके 100 और 200 रुपये के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।

आयुष्मान भारत योजना पर मंत्री का बड़ा खुलासा

## 3000 से अधिक अस्पतालों पर कार्रवाई, 3.56 लाख दावे खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत धोखाधड़ी करने वाली संस्थाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। 643 करोड़ रुपए के 3.56 लाख दावों को खारिज करने और 1,114 अस्पतालों को पैनल से हटाया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने मंगलवार को राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार, 1,504 दोषी अस्पतालों पर 122 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। 549 अस्पतालों को निलंबित कर दिया गया है। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) सरकार की एक प्रमुख योजना है, जो भारत की आबादी के आर्थिक रूप से कमजोर निचले 40 प्रतिशत 12.37 करोड़ परिवारों के अनुरूप लगभग 55 करोड़ लाभार्थियों को माध्यमिक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपए का स्वास्थ्य कवर प्रदान करती है।

### दावों की जांच के लिए निगरानी

जाधव ने कहा कि दुरुपयोग या दुर्व्यवहार का पता लगाने के लिए, अस्पताल के दावों की जांच करने के लिए लगभग वास्तविक समय की निगरानी और एआई-आधारित प्रणालियों का उपयोग किया जाता है। इसके अलावा, दावों की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए अस्पतालों में यादृच्छिक ऑडिट और औचक निरीक्षण किए जाते हैं। स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने बताया कि एबी-पीएमजेएवाई के तहत, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर तीन स्तरीय शिकायत निवारण प्रणाली लागू की गई है, जिसमें प्रत्येक स्तर पर समर्पित नोडल अधिकारी और समितियां हैं।

## शूटआउट में मारा गया बड़ा गैंगस्टर अमन, लॉरेंस गैंग से था संबंध, रायपुर में भी चलाई थी गोलियां

*हरिभूमि न्यूज/रायपुर। सुबह करीब 9 बजे के आसपास पुलिस की टीम जैसे ही पलामु के चैनपुर पहुंची तभी पुलिस की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। ऐसी खबर है कि गाड़ी पर अमन गैंग के कुछ लोगों ने बम फेकें थे, जिसके बाद गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दौरान गैंगस्टर पुलिस जवान की रायफल छीनकर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास करने लगा। इस दौरान जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के दौरान अमन की रायफल से चली गोली से एक जवान के भी घायल होने की जानकारी है, जिसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है।*



### सोशल मीडिया में अमन का फोटो पोस्ट

अमन फेसबुक पर काफी एक्टिव था। सूत्रों के अनुसार उसका सोशल मीडिया विदेशों से ऑपरेट किया जाता था। हैरानी की बात यह है कि एनकाउंटर से करीब 15 घंटे पहले उसकी सोशल मीडिया में एक फोटो पोस्ट की गई थी। इस फोटो में वो एक बड़े सोफे पर टशन में बैठा नजर आ रहा है। कुख्यात गैंगेस्टर अमन साहू को झारखंड पुलिस कड़ी सुरक्षा के बीच लेकर निकली थी।

### *दो सौ से ज्यादा केस दर्ज*

*रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र के छोटे गांव मतवे का रहने वाला अमन के खिलाफ झारखंड में 8 से अधिक जिलों में दो सौ से अधिक केस दर्ज हैं। सूत्रों के अनुसार अमन ने अपराध की दुनिया में 17 वर्ष की उम्र में कदम रखा था, वहीं 2013 में अपना गैंग बना लिया था। उसका गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से भी गहरा संबंध था। उसके गैंग का आतंक इतना ज्यादा था कि झारखंड के कारोबारी, बिल्डर्स और ठेकेदार सभी दहशत में रहते थे। अमन के मारे जाने के बाद अब सभी राहत की सांस लेंगे।*

**आवश्यकता**


आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 7439736348 (रायपुर/17/मार्च 25))

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
**हरिभूमि वैवाहिकी**
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।**



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।


**धनु** — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

## शब्द पहेली - 5805



**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

**शब्द पहेली- 5804 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | सो | नि | या | गां | धी | ■ | म | हा | न | ता |
| खा | ना | ■ | प | ■ | र | क्ष | क | ■ | म | ल |
| ना | ■ | म | न | सि | ज | ■ | र | ग | ■ | मे |
| ब | ला | त | ■ | ■ | वा | दा | ■ | म | ह | ल |
| दो | ■ | दा | ■ | क | ला | ■ | आ | ■ | व | ■ |
| श | य | न | क | क्ष | ■ | दि | शा | ही | न | ता |
| ■ | म | ■ | प | ■ | ह | ल | ■ | न | ■ | क |
| का | ज | ल | ■ | शा | म | ■ | ■ | त | ह | त |
| म | ■ | त | य | ■ | व | फा | दा | र | ■ | व |
| चो | र | ■ | की | म | त | ■ | म | ■ | का | र |
| र | म | जा | न | ■ | न | य | न | ज | ल | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5815

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5814 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |



स्टार्स टिप्स

# सेलिब्रेट करते हैं होली लेकिन जरा संभलकर...

होली ऐसा त्योहार है, जिसका मजा सभी लेते हैं। लेकिन इस दौरान अपनी हेल्थ का ध्यान रखना भी जरूरी है। यहां कुछ टीवी एक्टर्स हरिभूमि को बता रहे हैं कि होली सेलिब्रेशन के दौरान वे क्या सावधानियां बरतते हैं?

## कलर रिमूव करने के लिए नेचुरल तरीके अपनाता हूं: सवी ठाकुर



**सन नियो** चैनल पर हाल ही में लांच हुए शो 'रिश्तों से बंधी गौरी' में रुद्र का किरदार निभा रहे सवी ठाकुर होली पर रंग खेलने और इस दौरान हेल्थ केयर के अपने तरीके के बारे में बताते हैं, "मैं केमिकल वाले रंगों से होली नहीं खेलता हूं। हालांकि चाहे जितना भी बचाव किया जाए, लोग केमिकल वाले रंग इस्तेमाल करते ही हैं। ये रंग आंखों, नाक या मुंह में चले जाएं तो काफी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए मुझे यह ठीक नहीं लगता। लेकिन बचपन में जब मैं होली खेलता था, तब अपनी त्वचा की सुरक्षा के लिए शरीर पर नारियल का तेल लगाकर जाता था। मुझे लगता है कि यह सबसे अच्छा और प्राकृतिक उपाय है, जिससे रंग आसानी से नहीं चिपकते और त्वचा को भी पोषण मिलता है।

अगर शरीर पर रंग लग जाए तो मैं त्वचा को साफ करने के लिए हल्के और प्राकृतिक उपाय ही अपनाता हूं। बेसन, हल्दी और दही का मिश्रण एक अच्छा विकल्प होता है, जिससे त्वचा से रंग भी हट जाता है और नमी भी बनी रहती है। इसके अलावा गुलाब जल से चेहरा धोना या एलोवेरा जैल लगाना भी काफी फायदेमंद होता है। होली के बाद त्वचा को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी होता है, इसलिए खूब पानी पीना और मॉयश्चराइजर लगाना नहीं भूलना चाहिए।' *

## पूरी तैयारी के बाद ही होली खेलने निकलता हूं: योगेश त्रिपाठी



**एंड टीवी** के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में योगेश त्रिपाठी दारोगा हप्पू सिंह का रोल निभा रहे हैं। होली पर रंगों के बैड इफेक्ट्स से स्किन को बचाने के लिए वे क्या करते हैं, पूछने पर बताते हैं, 'होली रंगों का त्योहार है, लेकिन कुछ रंगों में मिले रसायन त्वचा और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। इसलिए, मैं हमेशा पहले से कुछ तैयारियां करता हूं ताकि सुरक्षित तरीके से होली मना सकूं। होली खेलने से पहले मैं अपनी त्वचा पर नारियल या सरसों का तेल अच्छी तरह से लगाता हूं, जिससे रंग सीधे त्वचा पर असर न करे और आसानी से हट जाए। इसके अलावा, मैं होली खेलने के दौरान पूरी बाजू के कपड़े पहनता हूं ताकि शरीर कम से कम रंगों के संपर्क में आए। आंखों और बालों की सुरक्षा के लिए मैं सनग्लासेस पहनता हूं और बालों में तेल लगाकर होली खेलने बाहर निकलता हूं। होली खेलने के बाद चेहरे और त्वचा का विशेष ख्याल रखना जरूरी होता है। मैं सबसे पहले हल्के गुनगुने पानी से चेहरा धोता हूं और फिर दही या बेसन का पैक लगाता हूं ताकि रंग कोमलता से निकल जाए। किसी भी केमिकल युक्त साबुन या स्क्रब का इस्तेमाल नहीं करता क्योंकि इससे त्वचा रूखी हो सकती है।' *

## अपने बालों और स्किन की करता हूं प्रॉपर केयर: रोहित सुचांती



**जी टीवी** के शो 'भाग्य लक्ष्मी' में ऋषि की भूमिका निभाने वाले रोहित सुचांती होली खेलने और इस दौरान अपनी हेल्थ केयर के बारे में बताते हैं, 'होली हमेशा से ही मेरे पसंदीदा त्योहारों में से एक रहा है। ऐसा सिर्फ रंगों की वजह से नहीं है, बल्कि ऐसा इसलिए है क्योंकि मेरे बचपन की कई खूबसूरत यादें इस पर्व से जुड़ी हुई हैं। मुझे आज भी बचपन के वो बेफिक्री वाले दिन याद हैं, जब मैं और मेरे दोस्त रंगों से खेलते थे, एक-दूसरे को पानी से भिगोते थे। इस फेस्टिवल को खूब एंज्वॉय करते थे।

होली को लेकर आज भी मुझमें वैसा ही उत्साह है। लेकिन अब मैं अपनी त्वचा और बालों का खास ख्याल रखता हूं। इसके लिए मैं हमेशा नेचुरल कलर्स से होली खेलना पसंद करता हूं। साथ ही हार्मफुल केमिकल्स से अपनी स्किन और बालों को बचाने के लिए होली खेलने से पहले कोकोनट या आल्मंड ऑयल स्किन पर लगाता हूं। यह हार्मफुल केमिकल्स और हमारी स्किन के बीच बैरियर का काम करता है। होली खेलने के बाद, मैं माइल्ड क्लींजर का इस्तेमाल करता हूं। इसके बाद मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करता हूं ताकि मेरी स्किन हाइड्रेटेड रहे। अपने बालों को मैं सल्फेट-फ्री शैंपू से धोता हूं और बालों में रूखापन न आए इसके लिए मैं अपने बालों की डीप कंडीशनिंग करता हूं। अपने सभी फैंस से मैं यही कहूंगा कि ईकोफ्रेंडली ढंग से इस खूबसूरत त्योहार को एंज्वॉय करें। अपना ध्यान रखें और सुरक्षित रहें।' *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

होली स्पेशल

कल होली है। इसे मनाने की, जमकर रंग खेलने की तैयारी आपने कर ली होगी। लेकिन अगर आपकी उम्र अधिक है या डायबिटीज, हाई बीपी, एलर्जी या अस्थमा के पेशेंट हैं तो होली खेलने के दौरान आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा। ऐसा न करने पर आपकी हेल्थ संबंधी परेशानी बढ़ सकती है। इस बारे में स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स के यूजफुल सजेशंस।

डॉक्टर्स एडवाइस

# अगर आप हैं बुजुर्ग-बीमार होली पर रखें अपना ध्यान







होली रंग और मस्ती का पर्व है। इसे सभी उत्साह और उल्लास से मनाना चाहते हैं। लेकिन अगर आपको डायबिटीज, अस्थमा, हाई ब्लड प्रेशर या किसी तरह की एलर्जी है, तो इस खुशी में जरा संभलकर शामिल होना जरूरी है। खासकर बुजुर्गों को और भी सतर्क रहने की जरूरत होती है ताकि त्योहार के मजे के साथ स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानी न बढ़े।

### डायबिटिक पेशेंट्स ऐसे करें केयर


होली के मौके पर डायबिटीज के पेशेंट्स किस तरह की सावधानियां बरतें, इस बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में प्रिंसिपल कंसल्टेंट-एंडोक्राइनोलॉजी एंड ओबेसिटी मेडिसिन, **डॉ. साकेत कांत** कहते हैं- डायबिटीज के मरीजों को होली पर मीठे व्यंजनों को खाने से खासतौर पर बचना चाहिए, क्योंकि इस दिन तरह-तरह की मिठाइयां जैसे गुझिया या गुलाब जामुन आदि का सेवन किया जाता है। मिठाइयों की जगह घर पर बनी हेल्दी चीजे खाएं, जैसे सूखे मेवों से बनी मिठाइयां। ठंडाई में ज्यादा शक्कर या भांग न डालें, क्योंकि यह शुगर लेवल बढ़ा सकती है। त्योहार के दिन भी दवाइयां समय पर लें और ब्लड शुगर लेवल चेक करते रहें। बहुत ज्यादा भाग-दौड़ या ज्यादा देर तक खाली पेट न रहें। इसके अलावा कुछ सावधानियां भी बरतें जैसे- बाजार की मिठाइयां या ज्यादा तली-भुनी चीजें खाने से बचें। बहुत ज्यादा देर धूप में न रहें, इससे डिहाइड्रेशन हो सकता है। होली के दौरान थकावट या कमजोरी महसूस हो तो तुरंत कुछ खाएं और आराम करें।

### अस्थमा-हाई बीपी मरीजों के लिए सावधानी

अस्थमा और हाई बीपी के मरीजों को भी होली पर अपना पूरा ध्यान रखना जरूरी है।



इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, करोल बाग, दिल्ली में पल्मोनोलॉजिस्ट, **डॉ. प्रीतपाल कौर** कहती हैं- होली के रंगों में कई बार केमिकल होते हैं, जो अस्थमा के मरीजों के लिए खतरनाक हो सकते हैं। रंगों से निकलने वाली धूल और गुलाल सांस के जरिए फेफड़ों में जाकर परेशानी बढ़ा सकते हैं। इसलिए होली खेलने से पहले घर से निकलने पर इनहेलर साथ रखें। ऑर्गेनिक रंगों का इस्तेमाल करें और गुलाल को सीधे चेहरे पर न लगने दें। होली खेलने के बाद नहाने के तुरंत बाद भाप लें, जिससे फेफड़ों में जमे रंग के कण बाहर निकल सकें। ज्यादा धूल भरी जगहों पर जाने से बचें और मास्क पहनें। वहीं बचाव के तौर पर सूखे गुलाल या पावडर वाले रंगों से बचें, क्योंकि ये सांस की नली में जाकर दिक्कत बढ़ा सकते हैं। रंगों के माहौल में ज्यादा देर तक न रहें, खासकर खुले मैदानों में जहां हवा में रंग उड़ता रहता है। इसके अलावा भीड़-भाड़ वाली जगहों पर न जाएं, जहां धुआं, धूल और रंगों का मिलावटी असर ज्यादा हो। इसके अलावा हाई बीपी के मरीजों को होली के दौरान बहुत ज्यादा एक्साइटमेंट या दौड़-भाग से बचना चाहिए। ज्यादा शोर-शराबा, अधिक तली-भुनी चीजें और तनाव, ब्लड प्रेशर को बढ़ा सकते हैं। बहुत ज्यादा शारीरिक मेहनत करने से बचें और अपने शरीर को ज्यादा थकाएं नहीं। खूब पानी पिएं ताकि शरीर हाइड्रेट रहे और ब्लड प्रेशर नियंत्रण में रहे। किसी भी पार्टी में जाएं तो अपने खाने-पीने का ध्यान रखें और बहुत ज्यादा नमक वाली डिशेज न खाएं। दवाइयां समय पर लें और ब्लड प्रेशर मॉनिटर करते रहें। बहुत ज्यादा कैफीन वाले ड्रिंक का सेवन न करें, क्योंकि यह ब्लड प्रेशर बढ़ा सकती हैं। बहुत ज्यादा देर तक खाली पेट न रहें।



### एलर्जी से ग्रसित लोग ऐसे करें बचाव

होली के रंगों में अकसर केमिकल और हानिकारक पदार्थ होते हैं, जो एलर्जी को ट्रिगर कर सकते हैं। ऐसे लोगों को विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए। होली खेलने से पहले अपने शरीर पर नारियल या सरसों का तेल लगाएं, जिससे रंग स्किन पर चिपके नहीं। अगर आपको धूल, रंग या किसी भी चीज से एलर्जी है, तो मास्क पहनें और फुल स्लीव्स ड्रेस पहनें। रंगों से अगर स्किन पर एलर्जी हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और एंटी-एलर्जिक दवा लें। सिंथेटिक या केमिकल वाले रंगों का इस्तेमाल न करें। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

### आंखों की सुरक्षा के लिए रखें इन बातों का ध्यान

**होली पर** खेले जाने वाले केमिकल वाले रंगों से आंखों को भी नुकसान हो सकता है। इससे बचने के लिए क्या उपाय करने चाहिए इस बारे में छत्रपति शिवाजी सुभारती हॉस्पिटल, मेरठ में कंसल्टेंट ऑप्थाल्मोलॉजिस्ट, **डॉ. मालविका धर** सजेस्ट करती हैं, होली खेलने से पहले सनग्लासेस पहनें ताकि रंग और गुलाल आंखों में न जाए। अगर रंग आंखों में चला जाए, तो तुरंत साफ पानी से धो लें और आंखों को न रगड़ें। केमिकल वाले रंगों से होली खेलने से बचें, क्योंकि ये आंखों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। केमिकल वाले रंगों से बचें और सिर्फ ऑर्गेनिक या हर्बल रंगों का इस्तेमाल करें।

होली खेलने के बाद तुरंत ज्यादा गरम पानी से न नहाएं, बल्कि गुनगुने पानी से धीरे-धीरे रंग हटाएं।



अवेयरनेस

**डॉ. श्रीराम काबरा**
क्लीनिकल डायरेक्टर-नेफ्रोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट मेडिसिन, मैरिंगो एशिया अस्पताल, फरीदाबाद

स्पेशल: वर्ल्ड किडनी-डे

हमारे शरीर में ब्लड क्लीनिंग और टॉक्सिंस को बाहर निकालने के लिए एक जोड़ी छोटा-सा ऑर्गन किडनी होता है। कई बार हमारे अनहेल्दी लाइफस्टाइल, गलत आदतों या अन्य कारणों से ये ठीक तरह से काम नहीं कर पाते हैं। ऐसा आपके साथ न हो, इसके लिए प्रॉपर केयर करना जरूरी है।

# जरा भी न बरतें लापरवाही किडनी की करें प्रॉपर केयर





डब्ल्यूएचओ के हिसाब से दुनिया भर में लगभग 85 करोड़ लोगों को किडनी डिजीज होने का अनुमान है। 10 में से 1 व्यक्ति किडनी की किसी न किसी डिजीज का शिकार है। जबकि 10 में से 9 व्यक्ति इस बात से अंजान होते हैं कि उन्हें किसी तरह की किडनी डिजीज है और वो समय पर अपना इलाज नहीं करवाते। जबकि प्रारंभिक स्तर पर ही इलाज शुरू कर दिया जाए तो काफी हद तक इसे डैमेज होने से बचाया जा सकता है। वैश्विक आधार पर देखें तो हार्ट डिजीज, स्ट्रोक और श्वसन रोगों के विपरीत किडनी डिजीज से होने वाली मृत्यु दर निरंतर बढ़ रही है। 2040 तक नॉन-कम्यूनिकेबल डिजीज से होने वाली मौतों का पांचवां सबसे बड़ा कारण किडनी डिजीज होगा। किडनी डिजीज के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के लिए हर साल मार्च के दूसरे गुरुवार को वर्ल्ड किडनी डे मनाया जाता है। इस साल की थीम है-'क्या आपकी किडनी ठीक है? जल्दी पता लगाएं, किडनी के स्वास्थ्य की रक्षा करें।'

**किडनी खराब होने के कारण:** कई कारणों से किडनी के फिल्टर्स को नुकसान पहुंचता है, जिसकी वजह से किडनी ठीक तरह से काम नहीं कर पाती। ध्यान न देने पर धीरे-धीरे खराब होने लगती है। जैसे-हेल्दी लाइफस्टाइल न होना, पोषक-संतुलित आहार के बजाय जंक या प्रोसेस्ड फूड का सेवन ज्यादा करना, आहार में नमक और चीनी की मात्रा अधिक होना, पानी या लिक्विड डाइट कम लेना, व्यक्ति को लंबे समय से अनकंट्रोल ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर का होना या फैमिली हिस्ट्री होना, किडनी स्टोन होना जिससे किडनी के फिल्टर्स में सूजन यानी आईजीएन नेफ्रोपैथी आ जाना, पाइलोनेफ्राइटिस जैसे किडनी इंफेक्शन होना, कई तरह के नेचुरल या आर्टिफिशियल हेल्थ प्रोडक्ट्स, हेल्थ टॉनिक या प्रोटीन सप्लीमेंट्स के गैर-जरूरी सेवन से किडनी में इंटरस्टीशियल नैफ्राइटिस एलर्जी होना, पेनकिलर, एंटी बायोटिक या किसी भी मेडिसिन का ज्यादा सेवन करना, आनुवांशिक किडनी बीमारियां होना जैसे-ऑटोसोमल डॉमिनेंट पॉलीसिस्टिक किडनी डिजीज, हाइपरॉक्सालुरिया (किडनी पथरी), नेफ्रोनोफ्थिसिस डिसऑर्डर, रूमेटॉयड आर्थराइटिस या मिक्स कनेक्टिव टिशू डिसऑर्डर जैसी ऑटोइम्यून डिजीज होना।

**शरीर पर क्या होता है असर:** किडनी खराब होने की वजह से शरीर के कई ऑर्गन प्रभावित होते हैं और कई तरह की समस्याएं उभर कर आती हैं-

- शरीर के विभिन्न हिस्सों जैसे-चेहरे, पैर और टखनों में सूजन आ जाती है। शिथिलता या सुस्ती,कमजोरी, थकावट ज्यादा महसूस होती है। पानी लंग्स तक पहुंच जाता है, जिससे सांस लेने में परेशानी होती है।
- यूटीआई इंफेक्शन होना। बार-बार यूरिन पास करने की इच्छा होना या यूरिन रुक-रुक कर आना। सामान्य से अधिक या कम यूरिन आना, दिन के बजाय रात को यूरिन ज्यादा आना। यूरिन में एलब्यूमिन-एथ्रोप्रोटीन नामक प्रोटीन का रिसाव होना, यूरिन का पीला या भूरे रंग का होना, झाग आना या बदबू आना, यूरिन करते हुए जलन होना।
- फिल्टर न कर पाने के कारण ब्लड में यूरिया, क्रिएटिनिन और दूसरे टॉक्सिन का लेवल बढ़ जाता है।
- बाहर न निकलने पर शरीर में जमा होने वाले टॉक्सिन ब्लड प्रेशर का लेवल बढ़ाते हैं। हार्ट पर प्रेशर डालने के अलावा हाई ब्लड प्रेशर शरीर के कई अंगों को प्रभावित करता है। हार्ट फैलियर, विजन लॉस या ब्लाइंडनेस की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।
- विटामिन डी का निर्माण कम होने से हड्डियां कमजोर होने लगती हैं और फ्रैक्चर होने का रिस्क बढ़ जाता है। कूल्हे और कंधे की मसल्स पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है। शरीर खासकर कमर के निचले हिस्से और हाथ-पैरों में दर्द रहना। बैठ कर उठने, सीढ़ियां चढ़ने, हाथ उठाकर कंघी करने, ऊपर से सामान निकालने, शर्ट पहनने में कठिनाई होती है। कमर के निचले हिस्से खासकर दोनों साइड दर्द रहना।

**डायग्नोसिस के तरीके:** किडनी फंक्शन की जांच के लिए ग्लोमेरुलर फिल्ट्रेशन रेट (जीएफआर) टेस्ट किया जाता है। इसके अलावा किडनी डिजीज का पता लगाने के लिए 3-4 टेस्ट किए जाते हैं- किडनी का अल्ट्रासाउंड, यूरिन का रूटीन टेस्ट, यूरिन में प्रोटीन के रिसाव की जांच, ब्लड में यूरिया, क्रिएटनिन और इलेक्ट्रोलाइट्स टेस्ट।

**कैसे होता है उपचार:** मरीज और रोग की स्थिति के हिसाब से उपचार किया जाता है। डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर को पहले कंट्रोल किया जाता है। एक्यूट किडनी फैल्योर के मरीज का उपचार अगर सही समय पर शुरू कर दिया जाता है, तो मेडिसिन से भी स्थिति में सुधार हो सकता है। लेकिन जब किडनी अपने रूटीन फंक्शन करने में असमर्थ हो जाती है और लाइफ-थ्रेटनिंग सिंप्टंप्स आने शुरू हो जाते हैं, तो डायलिसिस का सहारा लिया जाता है। ऐसी स्थिति में किडनी का फिल्ट्रेशन फंक्शन 15 एमएल या उससे भी कम रह जाता है या क्रिएटनिन अचानक बढ़ जाता है। ऐसी कंडीशन में तुरंत डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। * **प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**

### ऐसे करें किडनी केयर



- लाइफस्टाइल सही रखें। रोजाना कुछ देर व्यायाम और योगाभ्यास जरूर करें।
- पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार का सेवन करें। प्रोटीन सीमित मात्रा में ही लें। मांसाहारी खाद्य पदार्थों के बजाय प्लांट बेस्ड प्रोटीन को प्रेफर करें।
- किडनी संबंधी कोई भी समस्या हो तो पोटेशियम रिच फलों से बचें। पालक, साग, टमाटर, रेड मीट, अंडा जैसी चीजों से परहेज रखें।
- यथासंभव जंक, पैकेज्ड और प्रोसेस्ड फूड खाने से परहेज करें।
- रोजाना 4-5 ग्राम से ज्यादा नमक न खाएं। खाने में ऊपर से नमक न डालें। चीनी भी सीमित मात्रा में यानी दिन भर में 20-25 ग्राम से ज्यादा न लें। हाइड्रेशन स्टेटस मेंटेन रखें। मौसम, शरीर और काम के हिसाब से पानी पिएं। सर्दियों में 2 लीटर से ज्यादा और गर्मियों में ढाई से तीन लिटर पानी या लिक्विड पीना चाहिए।

डॉक्टर्स सजेशन



**डॉ. आर. पी. सिंह**
सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# अगर केमिकल वाले कलर्स से हो एलर्जी

**मेरी उम्र 33 वर्ष है। होली पर जब भी मैं रंग-गुलाल खेलता हूं तो स्किन पर लाल-लाल दाने और चकत्ते निकल आते हैं। कृपया कोई उपाय बताएं, ताकि मुझे इस प्रॉब्लम का सामना न करना पड़े।**
**-अक्षत, रायपुर**

कुछ लोगों को केमिकल कलर्स से एलर्जी होती है। होली के अवसर पर बाजार में बिकने वाले ज्यादातर रंग-गुलाल में केमिकल मिला होता है। केमिकल के संपर्क में आने से ही शरीर पर एलर्जी हो जाती है और इचिंग शुरू हो जाती है। इससे बचाव के लिए कोशिश करें कि नेचुरल कलर से ही होली खेलें। होली खेलने से पहले पूरे शरीर पर नारियल का तेल लगा लें।

**मेरी उम्र 50 वर्ष है। मुझे हाई बीपी और अस्थमा की समस्या है। होली के अवसर पर मुझे कोई प्रॉब्लम न हो, इसके लिए मुझे क्या सावधानियां बरतनी चाहिए, प्लीज बताएं।**
**-सत्यवीर, भोपाल**

रंग-गुलाल से ब्लड प्रेशर का सीधा संपर्क नहीं है, लेकिन जैसा आप बता रहे हैं कि आप अस्थमा के भी पेशेंट हैं, इसलिए आपको अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है। होली खेलते वक्त मास्क लगाएं। क्योंकि आप ब्लड प्रेशर के मरीज हैं इसलिए अधिक नमक वाली चीजों का सेवन कम करें। होली खेलने से पहले पूरे शरीर पर नारियल तेल जरूर लगाएं।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। मेरे तलवों, एड़ियों और हथेलियों में कभी-कभी सुई की चुभन जैसा तेज दर्द होता है। ऐसा क्यों होता है? कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**
**-राजेश, बिलासपुर**

आपकी बीमारी जानकर ऐसा लग रहा है कि आपको नर्वस सिस्टम से जुड़ी कोई परेशानी है, इसलिए बगैर जांच कराए कुछ भी कहना मुश्किल है। आपको पहले मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर जांच करानी चाहिए। इस बात का ध्यान रखें कि बगैर जांच कराए, कारण जानें, कोई भी ट्रीटमेंट न कराएं।



**मेरी उम्र 26 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से पढ़ते वक्त मेरी आंखों से पानी आने लगता है, जलन होती है और सिर दर्द भी शुरू हो जाता है। प्लीज मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**
**-तुषार, बलौदा बाजार**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आंखों की रोशनी कमजोर हो रही है, क्योंकि रोशनी कमजोर होने से सिर दर्द और पानी आने जैसे लक्षण दिखते हैं। कई बार मस्तिष्क रोग के कारण भी सिर दर्द होता है। लेकिन शुरुआती लक्षणों से लग रहा है कि आप की आंखें कमजोर हैं, इसलिए आप पहले आंखों की जांच कराएं, उसके बाद ही उपचार होगा।

**मेरी उम्र 63 वर्ष है। मेरा पेट अकसर गड़बड़ रहता है। कभी कब्ज, तो कभी लूज मोशन की समस्या होती रहती है। कोई उपचार बताने का कष्ट करें।**
**-कुशेश्वर, हिसार**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित है। इस वजह से लूज मोशन होते हैं। सबसे पहले आप अपने खान-पान में सुधार करें। अधिक ऑयली और स्पाइसी खाना बिल्कुल न खाएं। खाने में सलाद और दही जरूर शामिल करें। इसके अलावा रात में गरिष्ठ भोजन न करें। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**



# 150 करोड़ का एक मैच, कंगाल पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी से नहीं हुई तनिक कमाई

एजेंसी ▶▶| दुबई

पाकिस्ता ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रावलपिंडी स्टेडियम के नवीकरण पर 150 करोड़ रुपए खर्च किए पर थे, परंतु वहां एक ही मैच हुआ और दो धुल गए। आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट की 8 साल बाद वापसी करवाई, जिसकी मेजबानी पाकिस्तान को सौंपी गई थी।

पाकिस्तान 29 साल के बाद किसी आईसीसी इवेंट की मेजबानी कर रहा था, ऐसे में दावे किए गए कि मैदानों के नवीकरण के लिए 8 बिलियन पाकिस्तानी रुपयों का प्रोजेक्ट पास किया गया था। यह रकम भारतीय रुपयों में करीब 561 करोड़ रुपए के बराबर है। खैर टीम इंडिया खिताब जीत चुकी है, अब सभी खर्चों का आंकलन करके जो आंकड़े बाहर आए हैं, वे पाकिस्तान के लिए जरा भी अच्छे प्रतीत नहीं हो रहे हैं।

### पाकिस्तान को जबरदस्त घाटा

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के आयोजन के लिए रावलपिंडी, कराची और लाहौर के मैदानों का नवीकरण किया गया था। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स अनुसार केवल रावलपिंडी के मैदान की बात करें तो इसे नया बनाने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 1,50 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। फ्लडलाइट्स को एलईडी लाइट्स में बदलने के लिए 393 मिलियन रुपए रुपये खर्च किए जाने थे। इसके अलावा हॉस्पिटेलिटी बॉक्स, टॉयलेट और मुख्य भवन के निर्माण हेतु 400 मिलियन की रकम आवंटित की गई थी। मैदान में एलईडी डिजिटल स्क्रीन को बदलने के 330 मिलियन रुपयों की राशि खर्च की जानी थी। निर्माण कार्य के दौरान मैदान में बैठने की व्यवस्था की जमकर आलोचना हुई थी। बता दें कि नई सीटों को लगाने के लिए 272 मिलियन रुपए एलॉट किए गए थे।



### तीनों स्टेडियम में हुई ओपनिंग सेरेमनी

आपको बताते चलें कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने तीनों स्टेडियम में अलग-अलग ओपनिंग सेरेमनी करवाई थी। नामी सिंगर से लेकर डांसर्स ने उद्घाटन समारोह में चार चांद लगाए थे। मगर उद्घाटन समारोह में कितना खर्चा हुआ, उसे लेकर कहीं भी स्पष्ट आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। पाकिस्तान में हुए मैचों की बात करें तो मैदान अधिकांश मौकों पर खाली दिखाई दे रहे थे, ऐसे में टिकटों की बिक्री से भी पीसीबी को हुए खर्चे की भरपाई शायद ही हो पाई होगी। हालांकि ब्रॉडकास्टिंग डील से बोर्ड ने जरूर मोटी कमाई की होगी। मगर शायद ही पीसीबी को उतने पैसे मिले होंगे, जिससे खर्च किए पैसों की बरपाई हो पाए।

### एक मैच पर खर्च 150 करोड़

रावलपिंडी स्टेडियम के नवीकरण पर 150 करोड़ रुपए तो खर्च हुए, लेकिन इस मैदान पर केवल एक ही मैच संपन्न हो पाया। ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश मैच बारिश की भेंट चढ़ गए थे। ऐसे में रावलपिंडी मैदान में सिर्फ बांग्लादेश और न्यूजीलैंड का मैच संपन्न हो पाया। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि क्या केवल एक मैच से पीसीबी 150 करोड़ की भरपाई कर पाया होगा।

### डब्ल्यूटीसी फाइनल : भारत के बिना लॉर्ड्स को होगा 45 करोड़ का नुकसान

**लंदन।** भारत के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई न कर पाने से लॉर्ड्स को जून में इस पांच दिवसीय मैच की मेजबानी करते समय लगभग चार



मिलियन पाउंड (लगभग 45 करोड़ रुपए) का नुकसान होने की आशंका है। पिछले दो सत्र में उपविजेता रहने के बाद भारत फाइनल में जगह बनाने से चूक गया। खिताबी मुकाबले में अब ऑस्ट्रेलिया का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 'भारत के क्वालीफाई करने में विफल रहने के कारण आगामी आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए लॉर्ड्स को लगभग चार मिलियन पाउंड कम राजस्व प्राप्त होगा।'

## खबर संक्षेप



### सलमान 'इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग' के ब्रांड दूत बने

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को इस साल अक्टूबर में होने वाले इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग' के दूसरे सत्र के लिए बुधवार को आधिकारिक ब्रांड दूत नियुक्त किया गया। पिछले साल अपने शुरुआती सत्र में भारत में मोटरस्पोर्ट्स के परिदृश्य को बदलने का दावा करने वाली इस लीग ने कहा कि इस बॉलीवुड सुपरस्टार की बड़ी छवि और व्यापक लोकप्रियता लीग के लिए बड़े पैमाने पर बदलाव लाएगी। यह साझेदारी आईएसआरएल जैसे मुख्यधारा के मनोरंजक खेल को नए युग में ले जाएगी। सलमान ने लीग से जुड़ने पर कहा, 'मैं उस चीज का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं जिसे लेकर मैं बहुत भावुक रहता हूं। आईएसआरएल दीर्घकालिक योजना के साथ वास्तव में क्रांतिकारी पहल है। इस लीग में मनोरंजन का बहुत महत्व है और यह जुनून और कौशल के साथ ऐसे नायकों को बनाने की क्षमता रखता है जो अगली पीढ़ी को प्रेरित करेंगे। हम 'सुपरक्रॉस' को भारत में एक घरेलू नाम बनाने और अपने राइडर्स को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं।'

### बीएफआई ने अनुराग का नाम हटाया



**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने 28 मार्च को होने वाले चुनाव के निर्वाचक मंडल में शामिल करने के लिए अनुराग ठाकुर के नामांकन को बुधवार को खारिज कर दिया और कहा कि पूर्व खेल मंत्री हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के पात्र नहीं हैं। हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ ने चुनाव के लिए ठाकुर और उपाध्यक्ष राजेश भंडारी के नाम भेजे थे। बीएफआई ने 60 सदस्यीय निर्वाचक मंडल की सूची जारी की जिसे जांच के बाद अंतिम रूप दिया गया।

### रोहन-रुतविका का ऑल इंग्लैंड में जीत से आगाज



**बर्मिंघम।** भारत के रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गाडे की जोड़ी ने बुधवार को यहां कड़े मुकाबले में तीन गेम में जीत दर्ज करके ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप की मिश्रित युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में जगह बनाई। रोहन और रुतविका की दुनिया की 40वें नंबर की जोड़ी ने यी होंग वेइ और निकोल गोंजालेस चैन की चीनी ताइपे की जोड़ी को यहां एरेना बर्मिंघम में पहले दौर के मुकाबले में 21-10 17-21 24-22 से हराया। लक्ष्य सेन और मालविका बंसोड़ पहले की क्रमशः पुरुष और महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश कर चुके हैं।

### कोहली एक पायदान नीचे खिसककर पांचवें स्थान पर फिसले

# रोहित वनडे रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर तीन शुभमन गिल की बादशाहत कायम

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम एकदिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो पायदान के सुधार के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए, जबकि उनके सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं। रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में बल्लेबाजी के लिए मुश्किल परिस्थितियों में 83 गेंदों पर 76 रन की पारी खेल टीम को चार विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की।

आठ टीमों के आईसीसी टूर्नामेंट में 218 रन बनाने वाले स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली एक पायदान नीचे खिसककर पांचवें स्थान पर आ गए, जबकि श्रेयस अय्यर आठवें स्थान पर है। रैंकिंग में शीर्ष 10 में चार भारतीय शामिल हैं। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल (एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर), रचिन रवींद्र (14 स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर) और ग्लेन फिलिप्स (छह स्थान ऊपर चढ़कर 24वें स्थान पर) की तिकड़ी भी रैंकिंग में बड़ा सुधार करने में सफल रही।



### उमरजई शीर्ष आलराउंडर

अफगानिस्तान के स्टार अजमतुल्लाह उमरजई ने एकदिवसीय हरफनमौला खिलाड़ियों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर अपनी बढ़त बनाए रखी है। उन्हें हालांकि न्यूजीलैंड के तीन खिलाड़ियों से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। सेंटनर एक पायदान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए जबकि माइकल ब्रेसवेल सात पायदान के फायदे से सातवें स्थान पर हैं। रचिन रवींद्र आठ पायदान चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए।

### शुभमन बने आईसीसी के प्लेयर ऑफ द मंथ

दुबई। भारत के स्टार सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को फरवरी महीने के लिए आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला के मैचों में बल्ले से यादगार प्रदर्शन करने वाले गिल ने ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स को पछाड़ते हुए बुधवार को यह पुरस्कार जीता। गिल ने फरवरी में पांच वनडे मैचों में 101.50 की औसत और 94.19 के स्ट्राइक रेट से 406 रन बनाए। गिल के लिए यह तीसरा आईसीसी महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का सम्मान है। उन्होंने इससे पहले 2023 में दो बार (जनवरी और सितंबर) में इसे जीता था।

### गेंदबाजों में सेंटनर नंबर-2

न्यूजीलैंड के कप्तान और बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनर ने वनडे गेंदबाजों की सूची में बड़ा सुधार किया है। फाइनल में दो विकेट के साथ चैंपियंस ट्रॉफी में कुल नौ विकेट लेने वाले सेंटनर छह स्थान के सुधार के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गए। इस सूची में श्रीलंका के ऑफ स्पिनर महीश तीक्षणा शीर्ष पर हैं।

### कुलदीप और जडेजा को फायदा

कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा की स्पिन जोड़ी चैंपियंस ट्रॉफी में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद तीन-तीन पायदान ऊपर चढ़कर शीर्ष 10 में पहुंच गई। बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप (तीसरे स्थान पर) ने टूर्नामेंट में 7 विकेट चटकाकर अपने प्रदर्शन में बड़ा सुधार किया है। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के अजेय प्रदर्शन के दौरान पांच विकेट चटकाने वाले बाएं हाथ के स्पिनर जडेजा तीन पायदान ऊपर चढ़कर 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

भारतीय कुश्ती महासंघ

# एशियाई कुश्ती के लिए 15 मार्च को ट्रायल्स



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ ने राष्ट्रीय खेल महासंघ के रूप में अपनी स्थिति बहाल होने के बाद बुधवार को घोषणा की कि आगामी एशियाई चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल 15 मार्च को दिल्ली के इंदिरा गांधी खेल परिसर में आयोजित किया जाएगा। यह डब्लूएफआई के नए प्रशासन की देखरेख में पहला चयन ट्रायल होगा। डब्लूएफआई के नए पदाधिकारियों को चुनने के लिए 21 दिसंबर 2023 को चुनाव होने के तीन दिन बाद इसे निलंबित कर दिया गया था। एशियाई चैंपियनशिप 25 से 30 मार्च के बीच जॉर्डन के अम्मान में आयोजित की जाएगी।

### पीएसए प्रतियोगिता की भारत में वापसी



**मुंबई।** रमित टंडन और अनाहत सिंह जैसे भारत के शीर्ष स्क्वाश खिलाड़ी 24 से 28 मार्च तक यहां होने वाली पीएसए प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इंडिया ओपन की कुल इनामी राशि 40 हजार डॉलर है और इसका आयोजन बॉम्बे जिमखाना के इंडोर कोर्ट में होगा। प्रतियोगिता में मिस्र, कनाडा, मलेशिया और जापान जैसे देशों के खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। टंडन और अनाहत के अलावा वेलावन सेंथिलकुमार, वीर चोटरानी और आकांक्षा सालुंखे जैसे शीर्ष भारतीय खिलाड़ी भी टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा पेश करेंगे। टाइटिल प्रायोजक जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने कहा कि इस प्रतियोगिता के साथ देश में 2018 के बाद शीर्ष स्क्वाश टूर्नामेंट की वापसी होगी।

### कम भागीदारी के कारण नहीं दिख रहा उत्साह

**नई दिल्ली।** विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में बुधवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में लगातार दूसरे दिन भी खराब भागीदारी देखी गई जिसमें कुछ स्पर्धाओं में पर्याप्त प्रतिभागी भी नहीं दिखे। भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल, चक्का फेंक खिलाड़ी योगेश कथुनिया और ऊंची कूद खिलाड़ी प्रवीण कुमार सहित कई प्रमुख भारतीय पैरा खिलाड़ियों के नाम वापस लेने से पहले ही प्रतियोगिता प्रभावित हुई थी। दूसरे दिन कई कम प्रसिद्ध भारतीय पैरा एथलीटों ने भी नाम वापस ले लिया जिससे आयोजकों को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा।

## पीएसजी, बार्सिलोना, म्यूनिख और इंटर ने दर्ज की बड़ी जीत

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

जियानलुइगी डोनारुम्मा के शानदार प्रदर्शन की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन ने लिवरपूल को पेनल्टी शूटआउट में हराकर बार्सिलोना, बायर्न म्यूनिख और इंटर मिलान के साथ चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

पीएसजी ने दूसरे चरण के मैच में लिवरपूल को 1-0 से हराकर कुल स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। पीएसजी की तरफ से यह महत्वपूर्ण गोल ओस्मान डेम्बेले ने 12वें मिनट में किया। पेनल्टी शूटआउट में डोनारुम्मा ने डार्विन नुनेज़ और कर्टिस जोन्स के पेनल्टी शॉट्स को रोककर अपनी टीम को 4-1 से जीत दिला दी। पीएसजी का अगला मुकाबला एस्टन विला या क्लब ब्रुगे से होगा।

बार्सिलोना ने अपने घरेलू मैदान पर रफिन्हा के दो और लैमिन यमल के एक गोल की मदद से बेनफिका को 3-1 हराया। बार्सिलोना ने इस तरह से 4-1 के कुल स्कोर से जीत हासिल की। वह क्वार्टर फाइनल में बोरूसिया डॉर्टमुंड या लिली से खेलेगा।

VEHICLE AVAILABLE for SALE
TATA LPT 1512 Model 2021
UP-64-BT-2156
"as is where is condition"
Contact within 7 days at
M/s Sundaram Finance Ltd.
II Floor, Digamber Tower 936, Wright Town, Jabalpur- 482002
0761-2451218, 9425600590

पश्चिम मध्य रेल
सामग्री प्रबंधन विभाग
(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई' निविदा सूचना, संख्या EPS/63/2025)
प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई–खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए "https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्रमांक | टेंडर नं | संक्षिप्त वर्णन | निविदा संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 81255031ए | उच्च चिपचिपा नायलॉन–66 इन्सुलेटिंग लाइनर का विनिर्माण और आपूर्ति | 246422 नग |
| 2 | 38254182 | उन्नत उच्च तन्यता केन्द्र बफर युग्मक के लिए नकल। | 17881 नग |
| 3 | 34243160 | पेंट सिंथेटिक इनेमल, बाहरी फिनिशिंग ब्रशिंग रंग | 73249एलटीआर |

उपरोक्त सभी निविदाओं की नियत तिथि क्रमांक 1 – 27.03.2025, क्रमांक 3 – 03.04.2025, और क्रमांक 3 – 07.04.2025 है। 50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए, इच्छुक फर्मो को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।
प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.
LIC HFL LIC HOUSING FINANCE LTD
एरिया ऑफिस :– 18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर – 482001 (म.प्र.) फोन नं. 0761–2401338, Website: www.lichousing.com

परिशिष्ट–IV नियम 8(1) भौतिक आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

अधोहस्ताक्षरकर्ता एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणीग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा है अतः ऋण ग्रहिता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये एतस्मिन नीचे वर्णित संपत्ति का आधिपत्य को ग्रहण कर लिया गया है। ऋणगहिता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये निम्न खाते के सामने अंकित एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. प्रभार के अधीन होगा।

| क्रं. | ऋण खाता संख्या | खातेदार का नाम एवं पता | संपत्ति विवरण | मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना | उल्लेखित राशि ₹ मांग सूचना पत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 120500010676 | श्रीमती वंदना मंगलानी पताः 141/सी एमआर–4 रोड विजयनगर लमती विजयनगर कॉलोनी जबलपुर म.प्र. 482002 | मौजा कजरवारा एनबी 505 पटवारी हल्का नंबर 10 आरएनएम जबलपुर–1 नर्मदा चौतन्य नगर वीरांगना रानी अवंती बाई वार्ड तहसील और जिला जबलपुर खसरा नंबर 419 लेआउट प्लॉट नंबर 19 जबलपुर म.प्र. 482020 क्षेत्रफल 900 वर्ग फीट | 27.10.2021 / 11.03.2025 भौतिक कब्जा | 27,13,966.50 + ब्याज व अन्य खर्चे |

ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित (Notice) किया जाता है। कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर, वे उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चो का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित ऋणी एवं जमानतदार से की जावेगी।
दिनांक : 13.03.2025
स्थान : जबलपुर
आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड परासिया
निविदा आमंत्रण सूचना
निविदा जारी करने का दिनांक 10.03.2025
निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदाओ हेतु निविदा प्रपत्र डाउन लोड / क्रय करने की दिनांक 10.03.2025 से प्रारंभ है।
**कार्य का नाम** - छिन्दवाड़ा जिले के विकासखण्ड परासिया, तामिया एवं अमरवाड़ा के ग्रामों में स्थापित हैण्डपम्पों का सुधार एवं संचालन व संधारण कार्य जिसमें मैकेनिक, मजदूर, वाहन एवं फ्यूल सहित समस्त कार्य।

| ई- टेण्डर आई.डी क्र. | निविदा क्रमांक/ दिनांक | विकासखंड का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख) में | अमानत राशि रुपए | निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपए | बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि/समय | बिड ओपन करने की तिथि/समय | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2024_PHED _408214_1 | 47/24-25 10/03/2025 | तामिया | 24.53 | 49507 | 5000 | 19/03/2025 5.30 PM | 20/03/2025 5.30 PM | नवीन केन्द्रीयकृत पद्धति पर लो.नि.वि. में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत | 365 दिन |
| 2024_PHED _408218_1 | 48/24-25 10/03/2025 | परासिया | 27.46 | 50000 | 5000 | 19/03/2025 5.30 PM | 20/03/2025 5.30 PM | | 365 दिन |
| 2024_PHED _408220_1 | 49/24-25 10/03/2025 | अमरवाड़ा | 8.35 | 16694 | 2000 | 19/03/2025 5.30 PM | 20/03/2025 5.30 PM | | 365 दिन |

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क, केश - कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त बेवसाइड पर भुगतान कर केवल ऑनलाईन पर ही क्रय किए जा सकते है।
विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक उल्लेखित बेवसाईड पर देखी जा सकती है।
G-24229/24
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड परासिया (म.प्र.)

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग सामान्य वनमंडल खैरागढ़
काष्ठागार ठेलकाडीह का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विवरण
सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि सामान्य वनमंडल खैरागढ़ अधिनस्थ अस्थायी डिपो ठेलकाडीह में उपलब्ध नया एवं पुराना ईमारती काष्ठ का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्सन में भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल एवं अस्थायी डिपो ठेलकाडीह से प्राप्त की जा सकती है।
नीलाम दिनांक :- 18.03.2025, नीलाम समय :-दोपहर 02.00 से

| प्रजाति | नया वनोपज (काष्ठ) | | | पुराना वनोपज (काष्ठ) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | घ.मी. | बल्ली (नग) | डेंगरी (नग) | घ.मी. | बल्ली (नग) | डेंगरी (नग) |
| सागौन | 118.854 | 1432 | 2297 | 152.012 | 315 | 390 |
| बीजा | 0 | 355 | 34 | 162.812 | 0 | 0 |
| साजा | 07.362 | 758 | 195 | 51.973 | 0 | 0 |
| धावड़ा | 0 | 562 | 78 | 4.997 | 0 | 0 |
| हल्दु, मुंडी | 0 | 192 | 24 | 8.910 | 0 | 0 |
| तिन्सा | 0 | 219 | 95 | 7.251 | 0 | 0 |
| खम्हार | 0 | 0 | 0 | 0.228 | 0 | 0 |
| कसही | 0 | 0 | 0 | 98.202 | 0 | 0 |
| भिरहा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| नीलगिरी | 0 | 0 | 0 | 1.340 | 0 | 0 |
| अन्य | 5.316 | 2279 | 668 | 15.310 | 0 | 0 |
| योग | 131.532 | 5797 | 3391 | 503.035 | 315 | 390 |

टीप :- 1. क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कामर्स पोर्टल मे रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कामर्स पोर्टल में अपने आई.डी से लॉग इन करके देख सकते है। 4. ई-आक्सन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।
G-242505875/3
दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।
वन मण्डल अधिकारी.
खैरागढ़ वनमंडल खैरागढ़


▶ याचिकाकर्ताओं को सुनवाई का मौका नहीं दिया

▶ आरोप पत्र की कॉपी भी नहीं दी गई। पूरी कार्रवाई नियमविरुद्ध तरीके से की गई

# अधिकारी पेश करें जांच रिपोर्ट, रिकवरी पर रोक

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने मंडला के प्रशासनिक अधिकारियों को जांच रिपोर्ट की कॉपी पेश करने के निर्देश दिए। जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने पूछा कि क्या जांच के दौरान सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक और सब इंजीनियर को सुनवाई का मौका दिया गया था या नहीं। कोर्ट ने कार्रवाई और रिकवरी पर रोक लगा दी।



मंडला के ग्राम पंचायत ढेंको के सरपंच सीताराम सैयाम, सचिव राजकुमार सिरसम, ग्राम रोजगार सहायक अमित हरदहा और सब इंजीनियर रामलाल उइके की ओर से अधिवक्ता सुशील मिश्रा और कंचन मिश्रा पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि भाजपा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष सूर्यकांत जंघेला ने बिना अधिकार याचिकाकर्ताओं पर शासकीय राशि के दुरुपयोग का आरोप लगाया। जांच के बाद सीईओ जिला पंचायत ने सभी के खिलाफ रिकवरी निकाल दी। सीईओ ने कहा कि 15 दिन के भीतर रिकवरी की राशि जमा नहीं की तो एफआईआर दर्ज होगी और पद से पृथक कर दिया जाएगा। दलील दी गई कि सूर्यकांत उक्त ग्राम पंचायत के नहीं हैं, इसलिए उन्हें शिकायत का अधिकार नहीं है। याचिकाकर्ताओं को सुनवाई का मौका नहीं दिया गया और उन्हें आरोप पत्र की कॉपी भी नहीं दी गई। पूरी कार्रवाई नियमविरुद्ध तरीके से की गई है।

## दैनिक वेतन कर्मियों को स्थाई करने पर निर्णय लें

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने लघु वनोपज एवं व्यापार सहकारी संघ के प्रबंध निदेशक को निर्देश दिए कि दैनिक वेतन कर्मियों को स्थाई करने पर निर्णय लें। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने इसके लिए एक माह की मोहलत दी है। कोर्ट ने कहा कि अन्य कर्मचारियों की तरह याचिकाकर्ताओं को भी समान लाभ प्रदान करें। उमरिया निवासी विजय गोपाल तिवारी की ओर से अधिवक्ता सुधा गौतम ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता कई वर्षों से दैनिक वेतनभोगी के रूप में कार्यरत हैं। राज्य सरकार के 7 अक्टूबर 2016 के परिपत्र के अनुसार याचिकाकर्ता भी स्थाई दर्जा प्राप्त करने के अधिकारी हैं। कई अन्य कर्मचारियों को इसका लाभ दिया गया है, लेकिन याचिकाकर्ता अभी भी वंचित हैं।

## लूट के मामले में तीन वर्ष का कारावास

**जबलपुर**। जिला अदालत के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी की कोर्ट ने लूट के आरोपित रांझी निवासी विक्रम उर्फ करिया का दोष सिद्ध पाकर तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ डेढ़ हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओ से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी वर्षा मेहता ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि आठ दिसंबर, 2023 को सायं चार बजे शिकायतकर्ता कालेज के बाद घर जाने के लिए जेईसी मुख्य द्वार के समीप बस का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान आरोपित ई-रिक्शा चालक मिला। उसने बैठाने के बाद रास्ते में लूट की घटना को अंजाम दिया। स्मार्ट फोन, जेवर व रुपये आदि छीनकर भाग गया। लिहाजा, थाने में शिकायत दर्ज कराई गई।




### 30 मार्च तक है गेहूं पंजीयन अतः पंजीयन तेजी से करायें : कमिश्नर

# वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिये आवश्यक निर्देश

**जबलपुर**। कमिश्नर अभय वर्मा ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी कलेक्टर्स जिला बदर के प्रकरणों को लेकर गंभीरता से देखें और उनका परीक्षण करें। अगर कहीं कोई दिक्कत होती है, तो जिला अभियोजन अधिकारी से सुझाव ले सकते हैं। इसमें सही धाराओं का उपयोग हो ताकि भविष्य में प्रकरणों की सुनवाई में पर्याप्त आधार व कारण हो। उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल से ई-ऑफिस प्रणाली शुरू हो रही है, अतः सभी आफिसों को ई-ऑफिस बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाये। जिसमें नस्तियों की स्कैनिंग, कर्मचारियों का डेटा, ई-मेल आईडी व ई-साइन की प्रक्रिया शुरू करें। रबी उपार्जन के संबंध में उन्होंने कहा कि इस बार 2600 रूपये प्रति क्विंटल गेहूं की खरीदी होगी। जिसके लिए पंजीयन 30 मार्च तक होना है, अतः गेहूं पंजीयन तेजी से करायें। उन्होंने विशेष जोर देते हुए कहा कि संभाग के सभी जिलो में गेहूं पंजीयन बढ़ायें और सत्यापन भी करें। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों की जानकारी लेते हुए कहा कि जहां आवश्यक है, वहां सुविधाजनक रूप से रबी उपार्जन केन्द्र बनायें। उपार्जन केन्द्रों का निर्धारण होने पर ही नॉन द्वारा बारदानों की उपब्धता सुनिश्चित करा पायेंगे। कमिश्नर श्री वर्मा ने कहा कि होली को दृष्टिगत रखते हुये सभी जिला कलेक्टर कानून और व्यवस्था को लेकर शांति समिति की बैठक कर लें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में अपने जिले का रैंकिंग सुधारे, ए ग्रुप में कटनी ए ग्रेड में है। वहीं जबलपुर, सिवनी व छिंदवाड़ा थोड़ा प्रयास करेंगे तो ए ग्रेड में आ सकते हैं। बी ग्रुप में बालाघाट, मंडला, पांढुर्णा, नरसिंहपुर ए ग्रेड में हैं, डिंडौरी भी प्रयास कर ए ग्रेड में पहुंच सकता है। अतः सभी जिला सीएम हेल्पलाइन में ए ग्रेड में आने के लिये प्राथमिकता से प्रयास करें। कमिश्नर श्री वर्मा ने छिंदवाड़ा कलेक्टर से विशेष रूप से कहा कि वे अवैध माइनिंग पर कार्यवाही करें तथा माइनिंग अधिकारी की कार्य प्रणाली को देखें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी जिलों में निर्माण कार्यों के लिये पीआईयू को जगह सुनिश्चित करायें ताकि वे शीघ्रता से निर्माण कार्य करा सकें। वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर कहा कि शासन की प्राथमिकता अनुसार सभी अधिकारी तत्परता से कार्य करें।

### विधायक लखन घनघोरिया ने सरकार को घेरा

# रादुविवि कुलगुरु का मामला विधानसभा में उठा

**जबलपुर**। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु पर आरोपों की आंच अब आग बनकर प्रदेश सरकार तक पहुंच रही है। जहां एक तरफ हाईकोर्ट में महिला शिक्षक से अभद्रता मामले में सुनवाई चल रही है, वहीं दूसरी तरफ उच्च शिक्षा विभाग योग्यता की जांच कर रहा है। इसके अलावा, अब विधानसभा में विपक्ष इस मामले में हमलावर है।

बुधवार को विधायक लखन घनघोरिया ने विधानसभा में इस मामले में सरकार को घेरा और जवाब मांगा। श्री घनघोरिया ने यहां कहा, "एक दौर था, जब रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के एक कुलपति ने महिला आईपीएस से अभद्रता की थी और प्रदेश सरकार ने उन्हें हटा दिया था। आज हमारे शिक्षा के मंदिर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु पर दो गंभीर आरोप हैं, लेकिन सरकार मौन है।"

श्री घनघोरिया ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग का नियम है कि कम से कम 10 वर्ष के अनुभव के बाद ही प्राध्यापक बनाया जाता है, लेकिन विभाग ने रादुविवि के वर्तमान कुलपति को उनकी पीएचडी पूरी होने के एक साल से भी पहले प्राध्यापक बना दिया था। पहला आरोप यह है कि वह कुलगुरु बनने की योग्यता नहीं रखते । वहीं दूसरा गंभीर आरोप यह है कि एक महिला कर्मी के साथ गलत व्यवहार का आरोप है, जिसका मामला हाईकोर्ट में चल रहा है। हाईकोर्ट ने रादुविवि प्रशासन को सीसीटीवी सुरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं, लेकिन प्रदेश सरकार मौन है। उन्होंने कहा, यह बताता है कि प्रदेश सरकार को शिक्षा के मंदिरों और महिलाओं की इज्जत की कितनी फिक्र है।

# *सवा लाख के 6 किलो गांजा सहित तस्कर गिरफ्तार*

**जबलपुर**। ओमती पुलिस ने गत रात न्यायालय रोड के पास अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 लाख 33 हजार रुपए का 6 किलो 672 ग्राम गांजा जब्त किया है। ओमती थाना प्रभारी राजपाल सिंह बघेल ने बताया कि भरतीपुर सामुदायिक भवन के पास ओमती निवासी 21 वर्षीय साहिल सोनकर उर्फ बब्बू गत रात एक्सिस क्रमांक एमपी 20 जेड एल 5707 में गांजा रखकर घोड़ा अस्पताल तरफ जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर घोड़ा अस्पताल पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी न्यायालय रोड तरफ भागने लगा, पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 6 किलो 672 ग्राम गांजा जब्त किया है। गांजा के संबंध में पूछताछ करने पर 3 किलो ग्राम गांजा भरतीपुर निवासी साहस सोनकर से तथा 4 किलो ग्राम गांजा सदर निवासी हर्ष द्विवेदी से खरीदने एवं कुछ गांजा बिक जाने की बात बताई। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 8/20, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है। आरोपी साहस सोनकर और हर्ष द्विवेदी फरार है।

# ट्रेन से टकराकर अज्ञात व्यक्ति की मौत



**जबलपुर**। गोसलपुर थाना अतंर्गत गोसलपुर सिहोरा रेल खंड में खजरी गेट के पास डाउन ट्रेक पर ट्रेन से कटकर एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह गोसलपुर - सिहोरा रेल खण्ड मे खजरी गेट के पास डाउन ट्रेक पर एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। अज्ञात व्यक्ति की उम्र लगभग 35 वर्ष की बताई गई है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# अवैध शराब के कारोबारियों की धरपकड़

## *कच्ची, देशी और अंग्रेजी शराब सहित 6 आरोपी गिरफ्तार*


**जबलपुर**। रांझी, ओमती, गोरखपुर, भेड़ाघाट और गोहलपुर पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 80 लीटर कच्ची, 60 पाव अंग्रेजी तथा 1 हजार 609 देशी शराब जब्त की है।

रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात मुखबिर की सूचना पर व्हीकल मोड़ सामुदायिक भवन के सामने टपरिया में शराब बेच रहे पुरानी बस्ती कटनी दफाई रांझी निवासी 38 वर्षीय अरुण समुद्रे को गिरफ्तार कर उसके पास से कुल 320 पाव देशी शराब जब्त की है जिसकी कीमत लगभग 25 हजार 600 रुपए बताई गई है। वहीं ओमती थाना प्रभारी राजपाल सिंह बघेल ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर पुल नंबर 3 के पास सामुदायिक भवन के पास भरतीपुर निवासी 26 वर्षीय जयदीप उर्फ मटरु सोनकर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 380 पाव देशी अंग्रेजी शराब जब्त की है जिसकी कीमत लगभग 21 हजार रूपये बताई गई है। इसी प्रकार गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर सिद्धनाथ शीलाकुंज कालोनी के पास एफसीआई गोदाम के पीछे सेठीनगर निवासी 23 वर्षीय राहुल सिंह धुर्वे उर्फ झपेन्द्र उर्फ गब्बर को गिरफ्तार कर उसके पास से 24 हजार 290 रुपए की 347 पाव देशी शराब जब्त की है। इसी तरह भेड़ाघाट थाना प्रभारी श्रीमति पूर्वा चौरसिया ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर लम्हेटा घाट रोड पावर हाउस के आगे लम्हेटा घाट भेड़ाघाट निवासी 25 वर्षीय सुमित लोधी के पास से 26 हाजर 200 रुपए की 312 पाव देशी शराब जब्त की है। वहीं ग्राम तेवर ओवर ब्रिज सर्विस रोड में ग्राम बहदन निवासी 38 वर्षीय आशीष अहिरवार के कब्जे से 26 हजार रुपए की 310 पाव देशी शराब जब्त की है।

वहीं गोहलपुर थाना प्रभारी श्रीमति प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर भोलानगर मैदान में कच्ची शराब बेच रहे भोलानगर खेरमाई मंदिर के पास गोहलपुर निवासी 19 वर्षीय साहिल चौधरी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 80 लीटर कच्ची शराब जब्त की है, जिसकी कीमत लगभग 8 हजार रूपये बताई गई है। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## *सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध की मौत*

**जबलपुर**। अधारताल थाना अतंर्गत खजरी खिरिया चौराहा में सड़क दुर्घटना में आई चोटों के कारण एक वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार खजरी खिरिया बायपास अधारताल निवासी 60 वर्षीय राशिद खान का बुधवार की सुबह 5 बजे खजरी खिरिया चौराहा अधारताल में सड़क दुर्घटना में घायल होने के कारण मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार दौरान बुधवार की सुबह लगभग 7.10 बजे राशिद खान की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।




### कानून व्यवस्था बनाये रखने आईजी के निर्देश

# होली के हुड़दंगियों पर कसें लगाम, मुस्तैद रहे पुलिस

हरिभूमि, जबलपुर।

होली के त्यौहार पर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबंध किये जायें गुंडे बदमाशों पर सख्त कार्यवाही की जाये। होली के त्योहार पर आपसी भाईचारा कायम रहे, इसके लिये पुलिस पूरी तरह मुस्तेद रहे। चैक पोस्टों पर भारी वाहनों की तलाशी ली जाए और शहर के अदंर बाईकर्स पर विशेष रुप से कार्यवाही की जाए, कोई भी बाईक चला रहा युवक शराब पीकर दिखे तो तत्काल सलाखों के पीछे पहुंचाए. इस आशय के निर्देश आईजी जबलपुर जोन अनिल कुशवाहा ने दिए है। इस बैठक में डीआई जी अतुल सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय सहित सभी राजपत्रित अधिकारी मौजूद थे।

### पेट्रोलिंग की जाये

आईजी ने निर्देशित किया है कि समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी अपने क्षेत्र के कार्यपालिक दण्डाधिकारियों के साथ ऐसे क्षेत्रों में जहॉ पर त्यौहारो के अवसर पर विवाद या झगड़े हुए है, भ्रमण करते हुये चर्चा कर स्थिति की समीक्षा करें तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें. थाना क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर बल की तैनाती तथा निगाह रखे, प्रत्येक थाना क्षेत्र में आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पैटेलिंग मोबाईलें चलवाते हुए लगातार थाना क्षेत्र के संवेदनशील स्थानो पर पैटेलिंग की जाना सुनिश्चित करें।



होली पर्व के दौरान मारपीट एवं एक्सिडेंट की घटनाये रोज की अपेक्षा ज्यादा होती है जिसे ध्यान मे रखते हुये शासकीय एंव प्राईवेट अस्पतालों मे डाक्टर उपलब्ध रहें ताकि घायल को तत्काल उपचार दिलाया जा सके। होली खेलने के बाद लोग नर्मदा नदी के घाटों एवं तालाबों तथा नहर में नहाने जाते हैं ऐसे स्थानों पर होमगार्ड एवं स्थानीय तैराकों की व्यवस्था अनिवार्यरूप से की जाये।

### बाईकर्स को ब्रीथ एनालाईजर से चेक करें

छोटी से छोटी घटना की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुचकर वैधानिक कार्यवाही करे। बाईकर्स नशे की हालत मे धमाचौकडी मचाते है, फिक्स प्वाईटो पर तैनात स्ट्राईकिंग बल के द्वारा ब्रीथ एनालाईजर के द्वारा चैकिंग की जाये। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने होलीकोत्सव के दौरान आयोजित होने वाले परम्परागत कार्यक्रमों तथा होलीकोत्सव त्योहार को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु तैयार की हुई कार्य योजना एवं उसके क्रियान्वयन एवं उपलब्ध बल तथा उपलब्ध संसाधनों के सम्बंध मे की गयी आवश्यक तैयारियों के निर्देश मातहत अधिकारियों को दिए गए है। असामाजिक तत्वों एवं गुण्डों बदमाशों के विरूद्ध प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है।

### सोशल मीडिया पर पैनी निगाह रखे

सोशल मीडिया पर पैनी निगाह रखी जावे, साम्प्रदायिक सदभाव बिगाड़ने वाले अथवा धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्यवाही करें। आमजन को जागरूक किया जावें कि वे किसी मैसेज, वीडियों की सत्यता जाने बिना उस पर विश्वास न करें तथा किसी को शेयर भी न करें।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240